


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# विश्व विजेता टाइम्स

तापमान
अधिकतम 25°C
न्यूनतम 13°C




वर्ष : 22 | अंक : 147 | लखनऊ, गुरुवार, 4 फरवरी, 2021 | मूल्य : 2 रुपये | पृष्ठ - 8 | www.vishwavijetatimes.com

**एक नजर**

## कौशाम्बी में दिव्यांग बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जनपद में एक दिव्यांग बुजुर्ग को गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया गया. यह मामला अकिल थाना के अकराबाद गौहाली गांव का है. बताया जा रहा है कि दिव्यांग वृद्ध अपने घर के बाहर बने छप्पर के नीचे सो रहे थे. परिवार के सभी सदस्य पड़ोस के गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे. परिवार वालों को उन्हें सुबह इस घटना की खबर मिली और इसकी सूचना पुलिस को दी गई. शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है. घटनास्थल पर पूजा पाठ का कुछ सामान मिला है, जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि यह मामला नरबलि से सम्बंधित हो सकता है. इलाके की पुलिस के अलावा एसपी ने भी घटनास्थल का मुआयना किया. पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस हत्या में शामिल आरोपियों को अरेस्ट कर लिया जाएगा. पुलिस इस मामले में परिवार वालों से भी पूछताछ कर रही है. इस घटना के बाद से इलाके में खौफ का माहौल है. वहीं दिव्यांग बुजुर्ग के कत्ल के बाद से परिवार में मातम का माहौल है. परिवार वालों का कहना है वो पैरालिसिस की वजह से चल फिर नहीं सकते थे. हम उम्मीद कर रहे हैं कि आरोपियों को जल्द से जल्द अरेस्ट कर लिया जाएगा. मौके का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने जानकारी देते हुए बताया है कि घटनास्थल पर मिले पूजा-पाठ की सामग्री से बलि दिए जाने के लिए हत्या किए जाने की आशंका है. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है।

## 60 वर्ष से अधिक उम्र वालों को टिकट नहीं देगी भाजपा


**अहमदाबाद।** अब 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों को भाजपा टिकट नहीं देगी। भाजपा के इस फैसले से कही खुशी तो कहीं गम का माहौल नजर आ रहा है। दरअसल भाजपा की संकलन समिति और संसदीय बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। गुजरात में आयोजित इस बैठक की अगुवाई प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल ने की थी।

इस दौरान पार्टी से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर फैसले लिए गए साथ ही कई ऐसे फैसले भी लिए गए जिसे सुनते ही कार्यकर्ता हैरान रह गए। बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय यह लिया गया कि अब 60 साल से अधिक आयु वाले नेताओं को ब्क्क्कटिकट नहीं देगी साथ ही जो कॉर्पोरेटर और पदाधिकारी तीन टर्म से पद पर आसीन हैं उनके रिश्तेदारों को भी टिकट से वंचित रखा जाएगा। भाजपा प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सीआर पाटिल ने संसदीय बोर्ड में लिए गए फैसलों का ऐलान जैसे ही किया, सभी कार्यकर्ता हैरान रह गए। बताया जा रहा है कि इस निर्णय से सूरत में 40 से 50 फीसदी सिटिंग कार्पोरेटरों का पत्ता कट जाएगा।

# यूपी के कक्षा 6 से 12 तक के स्कूल 10 दिनों में खोलने पर हो विचार : सीएम

**लखनऊ**

कोरोना संक्रमण का असर राज्य में कम होते देख मुख्यमंत्री योगी ने स्कूल खोलने का निर्देश भी नए सिरे से जारी कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा 6 से 12 तक के स्कूलों को 10 दिनों में खोलने के लिए विचार किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा में दस दिन में कक्षा छह से 12 तक के स्कूल खोलने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री का रुख देखकर माना जा रहा है कि 12 फरवरी से उत्तर प्रदेश में सभी स्कूल खुल जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की गाइडलाइंस के अनुरूप विद्यालयों में कक्षा छह से कक्षा 12 तक की पढ़ाई दस दिनों में प्रारम्भ करने के सम्बन्ध में विचार किया जाए। कहा कि सभी जगह पर स्थिति का पूरी तरह आकलन करने के बाद



ही इन कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कक्षा छह से 12 तक के बच्चों की स्कूल में कक्षा शुरू कराने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा बच्चों को अब स्कूलों में कक्षा में भेजने के संबंध में विचार करें। हर जिले में कोविड की स्थिति का आंकलन के बाद ही पढ़ाई शुरू कराएं। हर जगह पर कोविड गाइडलाइंस के अनुरूप ही कक्षाएं चलाएं। उन्होंने कहा कि दस दिन में स्कूलों में कक्षा छह से 12 तक की पढ़ाई का संचालन शुरू कराने की तैयारी करें। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कोविड-19 का टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। इसी के साथ ही कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस सिस्टम को सक्रिय रखा जाए। उन्होंने वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट के परिप्रेक्ष्य में संबंधित विभागों को अपने-अपने प्रस्ताव भारत सरकार को समय से प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा केंद्र सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष के अपने बजट में जल जीवन मिशन के तहत नगरीय क्षेत्रों को शामिल करने का प्रस्ताव किया है। योगी ने कहा कि लखनऊ में वायरोलॉजी संस्थान की स्थापना की कार्यवाही को तेजी से आगे बढ़ाया जाए।

इस संस्थान को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी, पुणे की तर्ज पर विकसित किया जाए। अब प्रदेश में वायरोलॉजी संस्थान की स्थापना हो जाने पर चिकित्सा के क्षेत्र में उच्चस्तरीय जांच व शोध की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा विद्यालयों को अधिकारी के रूप में सेना में भर्ती का अवसर उपलब्ध कराने तथा उनकी उत्तम शिक्षा के उद्देश्य से प्रत्येक मंडल में एक सैनिक स्कूल स्थापित किया जाए।

## पेपरलेस होगा योगी सरकार का सारा कामकाज

**जयपुर:** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अपने आप को अपडेटेड और यूनिक बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है. फाइलों के गट्ठर से सरकार अब कंप्यूटर की तरफ कदम बढ़ा रही है। हाल ही में आई जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश सरकार में अब सब कुछ पेपरलेस होने जा रहा है. सरकार की इस नई पहल की शुरुआत ई-केबिनेट से की जा रही है. अब मंत्री-विधायक सभी टेबलेट चलाते दिखाई देंगे इतना ही नहीं योगी सरकार, केन्द्र की तरफ से प्रस्तावित बजट को भी पेपरलेस बनाने वाली है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कल सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ई-केबिनेट की ट्रेनिंग की वर्कशॉप आयोजित की गई थी. इस वर्कशॉप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि पीएम मोदी के मिनिमम गवर्नमेंट मेक्जीमम गनर्नेंस के मंत्र को उत्तर प्रदेश ने पूरी तरह आत्मसात किया है. सीएम योगी ने आगे कहा है कि इसका जीता-जागता उदाहरण कोरोना महामारी के संकटकाल के दौरान देखा गया है. जब तकनीकी प्रयासों के कारण ही महामारी से निजात पाने का अवसर मिला था. उनका कहना है कि हमने अब तक 217 सर्विसेज को ऑनलाइन कर दिया है. जिसका लाभ जनता को मिला है. अब इसे आगे बढ़ाते हुए मंत्रिमंडल की बैठकों को भी पेपरलेस करना होगा. उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार ने ई-गवर्नेंस की दिशा में एक कदम उठाया है, जिसमें ई-गवर्नेंस के तौर-तरीकों पर मुख्यमंत्री आवास पर मंगलवार को आयोजित ई-कैबिनेट प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया है। सत्र में उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि सरकार अब पेपरलेस कैबिनेट को बढ़ावा देगी और आने वाले दिनों में अधिकांश विभाग पेपरलेस होंगे। सरकार का लक्ष्य है कि ज्यादातर विभागों में काम कागज़ रहित होना चाहिए और मंत्रियों और अधिकारियों को डिजिटल कार्यालय या ई-ऑफिस के माध्यम से जोड़ा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार ने मंत्रियों को पहले ही टैबलेट वितरित कर दिए थे और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उन पर विभाग के अधिकांश काम करेंगे। इसके साथ ही, राज्य सरकार पेपरलेस कैबिनेट मीटिंग आयोजित करने की कोशिश कर रही है। अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री मोहसिन रजा ने कहा कि सरकार तकनीक से जुड़ने का काम कर रही है। इसके अलावा, ई-गवर्नेंस और ई-ऑफिस को भी लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों के बाद सरकार अब विधायकों को भी आईपैड देने की तैयारी कर रही है।

## लाल किला हिंसाः राजदीप-थरूर पर राजद्रोह का केस दर्ज, मदद के लिए पहुंचे सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।**


गणतंत्र दिवस पर किसानों की 'ट्रैक्टर रैली' के दौरान हुई हिंसा को लेकर कई 'भ्रामक' ट्वीट करने के आरोप में अपने खिलाफ दर्ज स्रढ्ढक्र को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर और वरिष्ठ पत्रकार राजदीप सरदेसाई ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। पत्रकार मृणाल पांडे, जफर आगा, परेश नाथ और अनंत नाथ ने इन थरूर के खिलाफ मंगलवार शाम को शीर्ष अदालत का रुख किया था। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने 30 जनवरी को थरूर, सरदेसाई, और अन्य के खिलाफ दर्ज की थी। इससे पहले थरूर और छह पत्रकारों पर नोएडा पुलिस ने दिल्ली में किसानों की 'ट्रैक्टर परेड' के दौरान हिंसा को लेकर तथा अन्य आरोपों के साथ देशद्रोह का केस दर्ज किया था। मध्य प्रदेश पुलिस ने भी दिल्ली में किसानों की 'ट्रैक्टर परेड'के दौरान हिंसा पर 'भ्रामक' ट्वीट करने के आरोप में थरूर एवं छह पत्रकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। बता दें कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए तीन नए कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग के पक्ष में 26 जनवरी को हजारों की तादाद में किसानों ने 'ट्रैक्टर परेड' निकाली थी, मगर कुछ ही देर में दिल्ली की सड़कों पर अराजकता फैल गई। कई जगह प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के बेरिकेड को तोड़ दिया ।

**चीन-पाक पर राजनाथ का अप्रत्यक्ष वार**

## भारत हर खतरे का सामना करने को तैयार...

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत कई मोर्चों पर खतरों और चुनौतियों से जूझ रहा है, किन्तु हम सतर्क है और किसी भी दुस्साहस का मुकाबला करने के लिए तैयार है. उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर अपने भाषण में कहा कि यहां द्विवार्षिक 'एयरो इंडिया' शो और विमानन प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर भारत स्टेट स्पॉन्सर्ड और स्टेट इन्फ्लिक्टेड आतंकवाद का शिकार भी है, जो अब एक वैश्विक संकट है. चीन के साथ देश की उत्तरी सरहदों पर तनाव को लेकर उन्होंने कहा, हम लंबे समय से अनसुलझे सीमा विवादों के साथ यथास्थिति को जबरदस्ती



बदलने के दुर्भाग्यपूर्ण प्रयासों को देखते आए हैं. राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि, भारत सतर्क है और हर कीमत पर हमारे लोग क्षेत्रीय अखंडता का बचाव करने के लिए किसी भी गुस्ताखी का मुकाबला करने और हराने के लिए तैयार है. बता दें कि भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर नौ महीने से तनाव जारी है. कई स्तरों पर वार्ताओं के बावजूद, कोई कामयाबी नहीं मिली है और गतिरोध जारी है पिछले महीने, दोनों देश स्न्ष्ट पर विवादित क्षेत्रों में फ्रंटलाइन सैनिकों को जल्द पीछे हटाने पर सहमत हुए. भारतीय और चीनी सैन्य अधिकारियों ने पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद को हल करने के लिए नौ दौर की वार्ता की है

## चिकित्सा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने आज जनपद गोरखपुर में अभिज्ञा हार्ट केयर एवं सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, बशारतपुर का शुभारम्भ किया। उन्होंने हॉस्पिटल का भ्रमण कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी, सर्जरी, मेडिसिन, प्लास्टिक सर्जरी, गैस्ट्रो इन्ट्रोलॉजी, आर्थोपेडिक, पीडियाट्रिक सर्जरी आदि सुविधाएं उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मरीजों के इलाज की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए चिकित्सा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री के0 विजयेन्द्र पाण्डियन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जोगेन्द्र कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। नई दिल्ली ।

### मुख्यमंत्री ने स्व0 धर्मेन्द्रनाथ वर्मा के परिजनों को दी सांत्वना

मुख्यमंत्री ने आज जनपद गोरखपुर में श्री नरेन्द्रनाथ वर्मा के बेतियाहाता स्थित आवास पहुंचकर उनके पिता स्व0 धर्मेन्द्रनाथ वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व0 धर्मेन्द्रनाथ वर्मा के परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता श्री धर्मेन्द्रनाथ वर्मा शोषितों एवं वंचितों को न्याय दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के उपाध्यक्ष के रूप में स्व0 श्री वर्मा ने परिषद की विभिन्न गतिविधियों सहित स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान किया।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त श्री जयन्त नार्लिकर, जिलाधिकारी श्री के0 विजयेन्द्र पाण्डियन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जोगेन्द्र कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्यसभा में किसान आंदोलन पर बहस, भाजपा सांसद बोले- एक और शाहीनबाग न बनाएं

**नई दिल्ली।**

किसानों की जंग सड़क से संसद तक पहुंच गई है. एक ओर किसान संगठन तीनों कृषि कानून वापसी की मांग के साथ दिल्ली के अलग-अलग सीमाओं पर डेरा डाले बैठे हैं, वहीं विपक्षी पार्टियों के सांसद संसद के भीतर किसानों की आवाज उठा रहे हैं. इस मुद्दे पर बुधवार को भी राज्यसभा में जमकर नारेबाजी हुई.

वहीं, दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सांसद ने इस आंदोलन को शाहीनबाग न बनाने की बात कही. बुधवार को उच्च सदन में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई. इस दौरान भाजपा सांसद भुबनेश्वर कालिता ने भी अपनी बात रखी. सांसद ने कहा कि सरकार ने नए कृषि कानूनों के माध्यम से किसानों के उत्थान का काम किया है, इसके बाद भी विपक्षी सांसद इस मुद्दे पर



संसद की कार्यवाही को बाधित कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि, सरकार किसानों से कई दौर की वार्ता कर चुकी है और चर्चा के रास्ते खुले हैं. सरकार इससे संबंधित सभी मसलों पर चर्चा के लिए तैयार है, किन्तु मैं अपने दोस्तों से अपील करना चाहता हूं कि इसे एक और शाहीनबाग न बनाएं. किसान आंदोलन के अलावा भुबनेश्वर कालिता ने नागरिकता संशोधन कानून का मुद्दा भी उठाया. दिल्ली के शाहीनबाग में तीन महीने से अधिक सड़क पर जो आंदोलन चला, वो भी के खिलाफ ही था. उस आंदोलन के दौरान नोएडा-बदरपुर को जोड़ने वाला मार्ग दोनों तरफ से बंद था. उस मुद्दे पर काफी हंगामा भी हुआ था. दिल्ली विधानसभा चुनाव में शाहीनबाग पर जमकर बयानबाजी भी हुई थी और आंदोलन के समय ही नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हिंसा भी भड़क गई थी

## 'बंगाल फतह' के लिए भाजपा का मेगा प्लान, पीएम की रैली में जुटेंगे 15 लाख लोग

**नई दिल्ली।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी बिसात बिछनी आरंभ हो चुकी है। इसी को देखते हुए पीएम नरेंद्र मोदी बंगाल में मेगा रैली करने वाले हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा की मार्च के पहले हफ्ते में कोलकाता के सबसे बड़े ब्रिगेड मैदान में रैली होगी। पीएम मोदी की इस रैली में लगभग 15 लाख लोगों की भीड़ जुटाने का टारगेट रखा गया है। रैली के लिए प्रदेश भाजपा इकाई की तरफ से दो तारीख सुझाई गई है। हालांकि अभी तक रैली का वक्त तय नहीं हुआ है। रैली कब होगी और कितने बजे होगी इस संबंध में अंतिम फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा लिया जाएगा। भाजपा का प्लान है कि बंगाल के इतिहास की सबसे बड़ी रैली आयोजित की जाए। वहीं इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी सात फरवरी को एक



दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचेंगे। खबर आ रही है कि पीएम मोदी सात फरवरी को पेट्रोलियम मंत्रालय के कार्यक्रम में शामिल होने पश्चिम बंगाल के हल्दिया जाएंगे। हल्दिया में पीएम मोदी जिन परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उनकी लागत लगभग 5 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पीएम मोदी का यह दौरा और इस तरह की परियोजनाओं की सौगात बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। कार्यक्रम भले ही सरकारी हो, किन्तु उनकी इस यात्रा से बंगाल बीजेपी कार्यकर्ताओं को बल मिलेगा।

### 14 फरवरी को भाजपा की बड़ी बैठक, पीएम मोदी-अमित शाह रहेंगे मौजूद

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक अहम बैठक होने जा रही है. ये बैठक भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की है जो 14 फरवरी को दिल्ली में पार्टी दफ्तर में होगी. इस बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित पार्टी के अन्य दिग्गज नेता भी शामिल होंग फिलहाल इस बैठक का एजेंडा स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन ये बैठक ऐसे समय में बुलाई गई है जब पार्टी के सामने किसानों का आंदोलन एक बड़ी चुनौती के रूप में दिल्ली की बॉर्डर पर खड़ा है. दिल्ली की सरहदों पर किसान दो महीने से ज्यादा वक्त से डटे हैं. सरकार और किसानों के बीच कई दौर की वार्ता हो चुकी है, मगर कोई परिणाम नहीं निकल सका है. दूसरी ओर किसानों का आंदोलन तेज होता जा रहा है. पीएम मोदी खुद कह चुके हैं कि बातचीत के रास्ते खुले हैं, किन्तु किसान नेता कृषि कानूनों की वापसी के बगैर आंदोलन खत्म करने पर राजी नहीं ह अधिकतर विपक्षी दल भी किसानों के साथ खड़े हो गए हैं. सड़क पर किसान हैं तो संसद के भीतर विपक्षी सांसद केंद्र सरकार को निशाना बना रहे हैं. हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि 26 जनवरी को जब पूरा विश्व भारत की ताकत और शान देख रहा था, तो उसी समय दिल्ली की सड़कों पर किसानों के ट्रैक्टर फर्राटा भर रहे थे और लाल किले पर झंडा फहराने की जगह धार्मिक ध्वज लगा दिया गया था

## रिहाना , ग्रेटा ने किसान आंदोलनकारियों के प्रति समर्थन जताया

**नई दिल्ली ।**

मशहूर पॉपसिंगर रिहाना और युवा जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने तीन कृषि कानूनों को वापस लिये जाने की मांग को लेकर पिछले वर्ष 26 नवम्बर से दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलनरत किसानों के प्रति अपना समर्थन जताया है।

किसानों के आंदोलन वाले बहुत से स्थानों पर इंटरनेट सेवाएं बंद कर दिये जाने जैसे सरकार की कार्रवाई पर प्रकाश डालते एक समाचार आलेख की साझेदारी करते हुए रिहाना ने ट्वीट किया , '' हम इस बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं।'' उन्होंने अपने ट्वीट में किसान आंदोलन को हैशटैग भी किया। रिहाना की इस टिप्पणी के बाद थनबर्ग भी किसान आंदोलन को समर्थन में सामने आ गयी । थनबर्ग ने अपने ट्वीट में कहा, '' हम भारत में किसान आंदोलन के प्रति एकजुट हैं।

इस बीच किसान आंदोलन को लेकर रिहाना की टिप्पणी के बाद बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने इसके लिए उनकी यह कहते हुए आलोचना की कि प्रदर्शनकारी किसान नहीं है। कंगना ने ट्वीट कर कहा, '' कोई भी इसलिए बात नहीं कर रहा है क्योंकि ये किसान नहीं, आतंकवादी हैं। जो भारत को बांटना चाहते हैं ताकि चीन हमारे देश पर कब्जा कर ले और यूएसए जैसी चाइनीज कॉलोनी बना दे। शांति से बैठो बेवकूफ। हम तुम्हारे जैसे मूर्ख नहीं है जो अपने देश को बेच दें। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में गणतंत्र दिवस की हिंसा के बाद सरकार ने ऐहतियात के तौर पर सिंघु, गाजीपुर और टिकरी सीमाओं पर किसान आंदोलन वाले इलाकों में शनिवार को इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी थी और बाद में निलंबन अवधि मंगलवार तक बढ़ा दी गयी। हरियाणा सरकार ने भी कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य के 17 जिलों में 31 जनवरी की शाम तक मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी थी और बाद में इसकी अवधि तीन फरवरी तक बढ़ा दी गयी है।

## नेताओं और पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण: दिग्विजय सिंह

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने बुधवार को राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान 26 जनवरी को दिल्ली में किसान टैक्टर रैली के दौरान हुई हिंसा में कुछ प्रेस वालों और कांग्रेस संसद शशि थरूर पर दर्ज हुए मामले को उठाया. दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह लोगों का उत्पीड़न है, क्योंकि उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है.उन्होने गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले को देखने का आग्रह किया है. दिग्विजय ने आरोप लगाते हुए कहा कि तीन राज्यों में एक ही तरह की दर्ज की गई है. नोएडा पुलिस ने सांसद शशि थरूर, पत्रकार राजदीप सरदेसाई, पत्रकार मृणाल पांडे, पत्रकार विनोद के जोस और अन्य पर राजद्रोह का मामला दर्ज किया है. नोएडा पुलिस ने सेक्टर-20 पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई प्राथमिकी में कहा है कि गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड के दौरान किसान की मौत से संबंधित ट्वीट करने और फर्जी खबर फैलाने के लिए उन पर केस दर्ज किया गया है. प्राथमिकी में नेशनल हेराल्ड के ग्रुप एडिटर-इन-चीफ जफर आगा और कारवां के संपादक अनंत नाथ का भी नाम शामिल है।

## किसानों के खिलाफ 'कीलेबंदी' ठीक नहीं : राहुल



**नई दिल्ली**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि किसान देश की शक्ति है और उनके आंदोलन को किलेबंदी करके दबाना खतरनाक है इसलिए सरकार को समस्या का समाधान निकालने के लिए किसानों से बातचीत करनी चाहिए। गांधी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार को किसानों की बात सुननी चाहिए और उनकी मांग पर सकारात्मक विचार कर कृषि संबंधी तीनों कानूनों को वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीनी तथा किसानों को लेकर देश में कोई रणनीति नहीं है जिससे साबित होता है कि हमारे यहां नेतृत्व का अभाव हो गया है और देश को संभालने की दृष्टि नेतृत्व में नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार स्थिति को संभाल नहीं पा रही है। गृहमंत्रालय की जिम्मेदारी थी कि कोई भी तत्व लालकिला पर नहीं जा पाता लेकिन सरकार असफल साबित हुई है इसलिए उपद्रवी तत्वों ने लालकिला पर जाकर उपद्रव किया है। इस माले में सरकार को जांच पड़ताल करनी चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि बजट में सरकार ने देश की जनता की अनदेखी की है। देश के 99 प्रतिशत लोगों को समर्थन देने की बजाए सिर्फ एक प्रतिशत लोगों की मदद के लिए बजट 2021-22 को तैयार किया गया है। सरकार ने किसानों, छोटे उद्यमियों, सेना तथा अन्य प्रमुख क्षेत्र के लोगों का पैसा सिर्फ चार पांच वर्गों को फायदा देने और उनको पैसा देने के लिए बजट में व्यवस्था की है।

उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा संकट यह है कि चीन हमारी सीमा में घुसा है लेकिन बजट में चीन को संदेश दिया जाता है कि आप अंदर आ सकते हो और जो भी करना है करो लेकिन हम अपनी सेना को समर्थन नहीं देंगे। बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए महज तीन, चार हजार करोड़ रुपए बढाए गये हैं। इससे देश को फायदा नहीं होने वाला है।

# चौरीचौरा जनांदोलन के नायकों के परिजनों का हुआ सम्मान

**कार्यक्रम**
- देशभक्त और सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्रों ने मन मोह लिया
- शहीद अब्दुल्लाह पर एकांकी नाटक का हुआ आयोजन

**गोरखपुर ।**

केंद्र और राज्य सरकार इस वर्ष गोरखपुर के चौरीचौरा जनांदोलन के सौ साल पूरे होने पर पूरे प्रदेश में वर्ष भर कार्यक्रम कर रही है। वहीं इस जन आंदोलन के गुमनाम नायकों कि खोज परख और उनके परिजनों के सम्मान दिलाने का कार्य जिले के राजधानी गाव में रामचन्द्र इंटर कालेज के प्रबंधक राम उग्रह यादव द्वारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है।

इसी क्रम में दो फरवरी से 6वा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमे जन आंदोलन के नायकों भगवान अहीर और रूदली केवट अंग्रेजी सेना में रह चुके थे और वे लोग असहयोग आंदोलनकारियों को प्रशिक्षित करते थे। नजर अली आला दर्जे के पहलवान थे जो चौरी चौरा जन विद्रोह के केन्द्र रहे डुमरी खुर्द में अखाड़ा चलाते थे। विक्रम अहीर और कोमल पहलवान थे।




जन नायक का खिताब पाने वाले कोमल पहलवान ही जेल से भागने में सफल हो गए लेकिन मुखबिरी के बाद पकड़ में आ गए और 1924 के गर्मियों में फांसी दे दी गई।विक्रम अहीर और नेऊर पहलवान की वंशज सोमारी देवी, शहीद रूदली केवट के वंशज राम वचन, शहीद नजर अली के वंशज आखिरूज्जमा, कोमल पहलवान के वंशज फौजदार सहित शहीद अब्दुल्लाह के वंशज संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। क्षेत्र की जनता द्वारा सम्मान पाकर उनके परिजन अभिभूत हुए और उन्होंने अपने परिजनों से सुने हुए उस कालखंड के आंदोलन को याद किया और कहा कि ये उस दौर का ऐसा जनांदोलन था। जिसे उस समय असहयोग आंदोलन को स्थगित न करके अगर आगे बढ़ाया गया होता तो शायद देश को 1922 में ही अंग्रेजो से आजादी मिल गई होती। यह जन आंदोलन लंबे उत्पीड़न से तंग फिरंगी हुकूमत के खिलाफ ऐसे जनविद्रोह की ऐसी चिंगारी थी। जिसने ब्रिटिश सरकार के 24 सिपाहियों को जिंदा जला कर खाक कर दिया था। चौरी चौरा प्रकरण में 273 लोगों को गिरफ्तार किया गया था जिसमें 272 में से 228 पर अब्दुल्लाह व अन्य बनाम ब्रिटिश हुकूमत के नाम से मुकदमा चला था। क्रांतिकारी शहीद अब्दुल्लाह ब्रह्मपुर ब्लाक के राजधानी गांव के रहने वाले थे। लिहाजा ऐतिहासिक रूप से चर्चित राजधानी गांव में स्थित रामचंद्र यादव इंटर कालेज में फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। जिसमे आजादी के आंदोलन से जुड़ी फिल्म छात्रों और ग्रामीणों को दिखाई जाएंगी।

उपर्युक्त कार्यक्रम में शहीदों के परिजन के अलावा शहीद शोध संस्थान लखनऊ के निदेशक सूर्य कांत पांडेय,चौरी चौरा के पहली पुस्तक के लेखक राम मूर्ति, केशव नाथ यादव, नरसिंह यादव, अरविंद यादव, मणि देव मल्ल प्राचार्य धन्नजय, शम्भू निषाद, अभय यादव कार्यक्रम के सूत्र धार शाह आलम, योगेन्द्र यादव जिज्ञासु, राम अवध पासवान, प्रधान चंद्रावती यादव, लाल साहब, छत्र धारी यादव पूर्व प्राचार्य, गरिमा यादव, यदुकुल, मुन्ना लाल, साधू मौर्य समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। श्रद्धांजलि रजिस्टर पर हजारों लोगों ने हस्ताक्षर किया।

# अन्तर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**निर्देश**
- नौ बाइकों के साथ तमंचा, कारतूस बरामद
- कबाड़ियों समेत दूर-दराज के इलाकों में बेंचते थे बाइक

**फ्तेहपुर।**

जिले में बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं में अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के दिशा-निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस ने पक्का तालाब तिराहा से भिटौरा रोड पर चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार तीन लोग पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। इस पर पुलिस ने उन्हें दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गये तीनों व्यक्ति अन्तर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह के सदस्य हैं। जो विभिन्न स्थानों से बाइक चोरी करके कबाड़ियों समेत दूर-दराज के इलाको मे बेंचते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर नौ बाइकों के साथ ही तमंचा-कारतूस बरामद किये हैं।

पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने बताया कि बुधवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र श्रीवास्तव अपने हमराही उपनिरीक्षक व सिपाहियों के साथ पक्का तालाब तिराहा से भिटौरा रोड पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार तीन लोग पुलिस बल को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तीनों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गये व्यक्तियों ने अपने नाम शिवा प्रताप सोनकर पुत्र गनेश प्रसाद निवासी नई बस्ती राधानगर थाना कोतवाली, भूपेन्द्र सविता पुत्र शिव कुमार निवासी नहर कालोनी थाना कोतवाली, सुशील कुमार शुक्ला पुत्र गंगा प्रसाद निवासी ग्राम मलाका थाना गाजीपुर बताया। पूछताछ के दौरान पुलिस को ज्ञात हुआ कि पकड़े गये तीनों लोग अन्तर्राज्यीय बाइक चोर गिरोह के सदस्य हैं जो विभिन्न जिलों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। एसपी ने बताया कि पकड़े गये शातिरों की निशानेदही पर पुलिस ने चोरी की नौ बाइकों के साथ ही तमंचा-कारतूस भी बरामद किये हैं। एसपी ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त शातिर किस्म के बाइक चोर हैं। जिनके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जायेगी। एसपी ने यह भी बताया कि पकड़ा गया शिवा प्रताप सोनकर शातिर किस्म का अपराधी है जिसके ऊपर पूर्व में भी कोतवाली में एक दर्जन मुकदमें दर्ज हैं। थाना कोतवाली व हुसैनगंज से भी गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की जा चुकी है। खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक अनिरूद्ध कुमार द्विवेदी, विजय कुमार त्रिवेदी, कांस्टेबल विष्णु देव सिंह, मुन्नालाल, बृजेश कुमार, महिला कांस्टेबल कविता पौनिया के अलावा स्वाट टीम प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, अतुल त्रिपाठी, अजय कुमार, रविशंकर, अमित दुबे शामिल रहे।

## कुल 22 शहीद स्थल/शहीद ग्रामों में आयोजित होगें कार्यक्रम

**देवरिया।** बरहज तहसील अन्तर्गत कुल 7 शहीद स्थल/ग्रामों में कार्यक्रम आयोजित होगें। जरार मानिक शहीद स्थल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी खंड विकास अधिकारी भलुअनी, बरहज में लाजपत नगर के सामने कार्यक्रम स्थल नोडल अधिकारी अधिशासी अधिकारी बरहज, मुख्य चैराहे के पास पैना रोड बरहज के लिये तहसीलदार बरहज, आश्रम बरहज के लिये अधिशासी अधिकारी बरहज, ग्राम गहिला कार्यक्रम स्थल के लिये खंड विकास अधिकारी भागलपुर, ग्राम कैलानी कार्यक्रम स्थल के लिये खंड विकास अधिकारी भागलपुर, ग्राम पैना कार्यक्रम स्थल के लिये अपर उप जिलाधिकारी बरहज नोडल अधिकारी होगें। तहसील सलेमपुर अन्तर्गत शहीद स्थलो/ग्रामों के लिये ग्राम श्रीनगर के लिये तहसीलदार सलेमपुर, शिवदत्त छपिया के लिये उप जिलाधिकारी सलेमपुर को नोडल अधिकारी बनाया गया है। तहसील रुद्रपुर अन्तर्गत विकास मुख्यालय रुद्रपुर के लिये खंड विकास अधिकारी रुद्रपुर, शतासी इंटर कालेज रुद्रपुर, ग्राम नकडिहां के शहीद स्थल के कार्यक्रम की जिम्मेदारी के लिये उप जिलाधिकारी रुद्रपुर नामित किया गया है। सदर तहसील अन्तर्गत अमर शहीद स्व0 हरेकृष्ण मणि की प्रतिमा स्थल के कार्यक्रम के लिये अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया, ग्राम जिगनी अमर शहीद स्व0 देवेन्द्र चौरसिया क प्रतिमा स्थल के कार्यक्रम के लिये खंड विकास अधिकारी देसही देवरिया, सहोदर पट्टी अमर शहीद स्व0शिवराज उर्फ सोना सोनार की प्रतिमा के कार्यक्रम स्थल के लिये खंड विकास अधिकारी देसही देवरिया, अमर शहीद स्व0रामचन्द्र विद्यार्थी की प्रतिमा नौतन हथिया गढ के कार्यक्रम की जिम्मेदारी तहसीलदार सदर, ग्राम बासपार अमर शहीद सत्य नारायण यादव के शहीद ग्राम के कार्यक्रम स्थल के लिये खंड विकास अधिकारी देवरिया सदर एवं रामलिला मैदान अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी के शहीद स्थल के कार्यक्रम की

## चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**देवरिया।** 04 फरवरी को चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन को लेकर जिलाधिकारी अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक डा0श्रीपति मिश्र की अध्यक्षता में पुलिस लाइन के मनोरंजन सभागार में प्रशासनिक, पुलिस एवं जुडे अन्य विभागो के अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान कार्यक्रम को मूर्त रुप दिये जाने के निर्देश के साथ जनपद में आयोजित होने वाले कुल 22 जगहों पर इस कार्यक्रम को भव्य रुप दिये जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया। उन्होने यह भी बताया कि इस आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। सभी कार्यक्रम स्थल के लिये नोडल अधिकारी नामित किये गये है। इस कार्यक्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री/उद्यान मंत्री श्रीराम चौहान भी शिरकत करेगें।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर सभी एहतियाती कदमों को उठाएं अधिकारी

**देवरिया ।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को लेकर पुलिस लाइन मनोरंजन सभागार में जिलाधिकारी अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक डा0श्रीपति मिश्र द्वारा प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्दे नजर सभी एहतियाती उपायों को अभी से अमल में लाए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पंचायत चुनाव महत्वपूर्ण, चुनौतीपूर्ण व संवेदनशील होता है, इसमें सभी अधिकारी अभी से तत्परता और सजगता बरतें और सभी आवश्यक बिंदुओं पर अपनी तैयारियों को पूर्ण रखें। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष व खंड विकास अधिकारी नियमित रूप से इसके लिए बैठक कर, तैयारियों का अनुश्रवण करते रहे। मतदाता सूची में नाम जोड़ने के कार्य को पूरी पारदर्शिता निष्पक्षता से सुनिश्चित कराए जाने का भी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक डा0श्रीपति मिश्र ने थानाध्यक्षों को अभी से अपने क्षेत्रों में पंचायत चुनाव को लेकर सजग व पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 107/116 की कार्यवाही में शीघ्रता लाए। साथ ही इट्ट भठ्ठो सहित अवैध शराब के निष्कर्षण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करें। आगामी 5 फरवरी को अपराह्न 3ः00 बजे सभी ईट भठ्ठा मालिकों एवं आबकारी, व्यापार कर, पुलिस विभाग की एक बैठक आहूत किए जाने का निर्देश भी दिया गया है। यह बैठक इस दिन अपराह्न 3ः00 बजे पुलिस लाइन में आयोजित होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पंचायत चुनाव में अत्यंत ही सतर्कता की जरूरत होती है,इसलिए पुलिस अधिकारी व थानाध्यक्ष इसमें विशेष रूप से सभी एहतियाती कदम उठाएंगे।

## जनपद की दो शिक्षिकाओं ने प्रतियोगिता में किया प्रतिभाग

**खखरे-फतेहपुर।** परिषदीय विद्यालयों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापको की चतुर्थ राज्य स्तरीय कहानी सुनाने की प्रतियोगिता कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में संपन्न हुआ। जिसमें जनपद से प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की दो अध्यापिकाओं ने भाग लिया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद लखनऊ द्वारा कहानी सुनाओ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु कुछ दिनों पूर्व ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया था जिसमें जनपद से उच्च प्राथमिक विद्यालय नकसारा विकास खंड ऐरायां से सहायक अध्यापिका ऊषा देवी एवं प्राथमिक विद्यालय अस्ती नगर क्षेत्र से आसिया फारुकी को चुना गया था। गत दो फरवरी को राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद लखनऊ में आयोजित चतुर्थ राज्य कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में 1857 ईसवी से 1947 ईसवी के बीच हुए स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित कहानियां सुनानी थी।

# संक्षिप्त समाचार

## मुख्तार और अब्बास को बचा रही राजस्थान और पंजाब सरकार : अलका राय

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद की भाजपा विधायक व स्व. कृष्णानंद राय की पत्नी विधायक अलका राय ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा को एक बार फिर पत्र लिखा है। इस बार उन्होंने पंजाब के साथ-साथ राजस्थान की भी कांग्रेस सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पंजाब सरकार मुख्तार को और राजस्थान सरकार मुख्तार अंसारी के इनामी बेटे अब्बास को संरक्षण दे रही है। सरकार के संरक्षण में ही उसके बेटे का बीते दिनों राजस्थान में धूमधाम से निकाह कराया गया। आपको बता दें कि बीते 30 जनवरी को प्रियंका वाड्रा को सम्बोधित पत्र में विधायक अलका राय लिखा है कि मुझे शोक के साथ कहना पड़ रहा है कि आपके नेतृत्व में पंजाब और राजस्थान की सरकार ने मेरे पति के हत्यारे कुख्यात अपराधी मुख्तार अंसारी और उसके इनामी बेटे अब्बास अंसारी को राज्य अतिथि का दर्जा दे रखा है। इसका प्रमाण है अखबार में छपी तस्वीरें है, जिससे स्पष्ट है कि सरकारी संरक्षण में राजस्थान सरकार ने मुख्तार के बेटे अब्बास की धूमधाम से शादी कराई। ये तस्वीरें देखकर मुझे और मेरे परिवार को काफी कष्ट हुआ। इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की अदालतों में वांछित अपराधी मुख्तार अंसारी को लाने के लिए 32 बार अपने वाहन भेज चुके हैं, लेकिन आप और आपकी पंजाब सरकार मुख्तार को बचाने में लगी है। एक महिला होने के नाते मुझे उम्मीद थी कि आप मेरे दर्द को समझेंगी। आप आएदिन अपराध और अपराधियों के खिलाफ दावे करती रहती हैं, लेकिन इंसाफ मांग रही मुझ जैसी अनेक पीड़िताओं के एक भी पत्र का ना तो आपने जवाब देना उचित समझा और न ही हमें इंसाफ दिलाने की कोशिश की। इससे यह बात स्पष्ट है कि आप और आपकी सरकार पूरी तरह मुख्तार और उसके अपराध के पीछे खड़ी हैं। आपके जवाब का इंतजार रहेगा।

## एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का किया जाएगा आयोजन

**सीतापुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन सीतापुर के संयुक्त द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 05 फरवरी 2021 को प्रातः 10.00 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खैराबाद सीतापुर में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लगभग 25-30 प्रतिष्ठित कम्पनियॉ जैसे शिवशक्ति, पंकज इण्टर प्राइजेज एल0एण्ड0टी0 मैनपोटेक, माइक्रोमैक्स प्रा0लि0, प्रिविलेज प्रा0लि0, मेक ऑग्रेनिक प्रा0लि0, स्कापिक्स इंडिया प्रा0लि0 कल्याणी सोलर पावर प्रा0लि0 इत्यादि प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में हाईस्कूल इण्टर स्नातक एवं आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष हो। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं एक फोटो सहित उक्त तिथि को वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला सेवायोजन कार्यालय सीतापुर से सम्पर्क कर सकते है तथा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपने लागिन आई-डी से सेवायोजन पोर्टल पर प्रदर्शित कम्पनी में आवेदन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। इसके लिए आने जाने हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## लाल किले पर हुए तिरंगे के अपमान के विरोध में एक दिवसीय उपवास

**सीतापुर।** हिंदू युवा वाहिनी जिला इकाई द्वारा मंगलवार को विकास भवन स्थित धरना स्थल पर 26 जनवरी को लाल किले पर हुए तिरंगे के अपमान के विरोध में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिलाध्यक्ष उत्तम सिंह ने कहा लाल किले पर दंगाइयों द्वारा किए गए तिरंगे के अपमान की मैं घोर निंदा एवं विरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी कार्य किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि तिरंगे का अपमान करने वाले दंगाइयों को कठोर से कठोर सजा दी जाए। जिला महामंत्री अभिनव मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर दंगाइयों द्वारा किया गया कृत्य घोर निंदनीय है। उपवास पर बैठने वालों में उपाध्यक्ष विनीत सिंह चौहान जिला संयोजक विधि प्रकोष्ठ शैलेंद्र मिश्रा सुशील शुक्ला संतोष सिंह दिलीप त्रिपाठी मनोज कुमार शर्मा सतीश गुप्ता भूपेन्द्र सिंह गोपाल पांडे अशोक वर्मा अनुज राठौर रविंद्र लोधी दीपक सिंह विवेक पांडे योगेश मिश्रा पंकज श्रीवास्तव निर्भय सेन डॉक्टर प्रणव पीएम वर्मा राहुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सदर विधायक ने बेसहारा महिला की मदद को बढ़ाया हाथ

**फतेहपुर।** विकास मंच ने स्व0 रजोले पुत्र वीरपाल ग्राम मुस्तफापुर की पत्नी शकुन्तला को सदर विधायक विक्रम सिंह से मिलाया। विधायक से मिलकर दुखी शकुन्तला ने अपने पति के सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने की दुखद सूचना बतायी। वैकेंसू लीडर्स स्व0 रजोले की पत्नी शकुन्तला ने सदर विधायक को बताया कि पति सातमील के पास सड़क पर पैदल चले आ रहे थे जिनको अचानक पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे उनकी दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। पति मजदूरी करके पूरे परिवार का भरण पोषण करते थे। अब हम लोग बेसहारा हो गये हैं। महिला ने बताया कि दो बच्चे हैं और वह वर्तमान में गर्भवती भी है। सदर विधायक ने दुर्घटना में गम्भीर शोक करते हुये गर्भवती, श्रमिक, दुखी, बेसहरा शकुन्तला को आश्वस्थ किया कि वह पूरे परिवार के साथ सदैव खड़े हैं। उन्होने अपने वेतन से 5000 रूपये (पाँच हजार रूपये) की चेक अनुकम्पा राशि दी। इस मौके पर टीम मंच के डॉ0 देवेन्द्र श्रीवास्तव, अभिषेक शुक्ला, शिवानी राजपूत, सोनू तिवारी, करन चौधरी, दद्दू मिश्रा, बलकेश, शिवम, समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में अचानक पहुंचे कमिश्नर को देख मचा हड़कंप

**माधौगढ़/जालौन ।**



मंगलवार को तहसील समाधान दिवस में पहुंचे झांसी मंडलायुक्त कमिश्नर सुभाषचन्द्र शर्मा ने तहसील माधौगढ़ का बारीकी से निरीक्षण किया जिसमें कई कमियां, खामियों के मिलने से कर्मचारियों को जमकर डांट फ्टकर मिली। हर बार की तरह होने वाले तहसील दिवस में फरियादियों ने न्याय की गुहार लगायी। जिसमें सीडीओ ने फरियादियों की समस्याओं को सुना जिसमें 44 फरियादियों ने शिकायती पत्र देते हुए न्याय की मांग की जिसमें 6 शिकायती पत्रों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

इसी बीच पहुंचे कमिश्नर सुभाष चन्द्र ने तहसील दिवस के उपस्थिति रजिस्टर को चैक किया व शिकायती रजिस्टर को भी खंगाला जिसमें शिकायतकर्ताओं से फोन कर जानकारी प्राप्त की तो एक पीड़ित महिला ने भी शिकायती पत्र दिया जिसमें लेखपाल द्वारा किसी बसीयत में गड़बड़ झाला पाया गया कमिश्नर ने मामले की जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। तहसील में निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने डब्लू एन देवेन्द्र द्विवेदी व बाबू से अमीनो के रिकार्ड रजिस्टरों को चैक किया जिसमें जब अमीनों की बसूली का विवरण लिया गया तो काफी गोलमाल पाया गया व देखा गया कि अमीनों द्वारा बसूली न के बराबर व अमीनों की तनाख्वाह की अपेक्षा शून्य मापी गयी।


दस बड़े बकायदारों के दस्तावेजों को खंगाला गया जिसमें भी नतीजा शून्य मिलने पर कमिश्नर ने कड़ा रुख अपनाते हुए देवेन्द्र कुमार द्विवेदी पर कार्यवाही कर दी तहसीलदार को चेतावनी व एडीएम से स्पष्टीकरण मांगा गया। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान कई कमियों को परखा जिसमें उन्होंने बताया कि जो कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये है उनका आज का वेतन काट दिया जायेगा।

इसी दौरान उन्होंने तहसील परिसर को बारीक ढंग से देखा व कहा कि तहसील परिसर में कई छोटी बड़ी कमियां है जिन्हें हमने नोट कर लिया है। इस दौरान एसडीएम शालिकराम, तहसीलदार प्रेमनारायण प्रजापति, विकास खण्ड अधिकारी माधौगढ़ दीपक यादव, रामपुरा वीडियो ओपी द्विवेदी, कोतवाल वीएल यादव अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## लेखाधिकारी की परीक्षा पास कर विनय ने बढ़ाया मान

**धाता-फ्तेहपुर।** विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जाम के विनय कुमार सिंह पुत्र अभय कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में चयनित होकर लेखाधिकारी की मुख्य परीक्षा पास कर गांव और परिवार का मान बढ़ाया। विनय कुमार सिंह पुत्र अभय कुमार थल सेना में सिपाही के रूप मे सेवा दे चुके हैं। धाता विकास खण्ड की ग्राम सभा जाम गांव निवासी विनय कुमार सिंह ने बताया कि पिताजी एक सैनिक हैं। मेहनत से परिवार वालों ने पढ़ाया लिखाया है। परिवार के साथ-साथ पूरे गांव एवं सभी क्षेत्रवासियों का आभारी हूं। वही अपनी मेहनत व लगन का श्रेय माता-पिता को दिया। जिन्होंने इस सफलता में उनकी पूरी भागीदारी की है। आज इस परीक्षा में अव्वल आना मेरे जीवन को एक नई दिशा दिखाएगा। विनय कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्रयागराज में रहकर प्राप्त की है। पिता अभय कुमार सिंह ने अपने पुत्र को जीवन से आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

# टिकरिया गांव में हो रहा अवैध मिट्टी खनन, जिम्मेदार मौन



**एट/जालौन ।**

थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरिया में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार लंबे समय से बेरोकटोक जारी है। जहां से अनेकों ट्रैक्टर ट्राली से सैकड़ों ट्राली मिट्टी ऊंचे दामों में बेंचकर जेब भरने में लगे हुए हैं। सवाल यह उठता है कि इतने बड़े पैमाने पर हो रहे मिट्टी खनन किसके इशारों पर चल रहा है पर्दे के पीछे इसके कौन संरक्षणदाता है।

यह सभी क्षेत्रीय जनता के बीच में एक रहस्य बना हुआ है। हैरानी की बात तो यह है कि मिट्टी के अवैध कारोबार पर जिम्मेदार अधिकारियों की मौन साधना भी अपने आपमें कई सवाल खड़े करती है। लेकिन जुगाड़ के सहारे ऐसे अवैध कार्य अंजाम के मुकाम तक पहुंचते ही रहते हैं। टिकरिया गांव से संचालित हो रहे मिट्टी के अवैध कारोबार के बारे में स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी न हो ऐसा संभव नहीं हो सकता। किंतु फिर भी वह मूकदर्शक बनी हुई है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्राली मिट्टी भरकर ट्रैक्टर थाने के सामने से गुजरते नजर आते हैं।

मिट्टी के अवैध कारोबार में प्रति ट्राली सुविधा शुल्क जिम्मेदारों तक पहुंचाने का इंतजाम करना पड़ता है जो भी कारोबारी सुविधा शुल्क नहीं देता है उसका ट्रैक्टर थाने में खड़ा करा दिया जाता है।

## निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारियों ने किया कार्य बहिष्कार

**फ्तेहपुर।**

केन्द्र सरकार द्वारा विद्युत विभाग के किये जा रहे निजीकरण के विरोध में बुधवार को विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले हाईडिल कालोनी प्रांगण में विद्युत कर्मियों ने एक दिवसीय सांकेतिक कार्य बहिष्कार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिशाषी अभियन्ता द्वितीय आरएन सिंह ने की। कार्य बहिष्कार के दौरान विद्युत कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अधिशाषी अभियन्ता द्वितीय ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार द्वारा विद्युत विभाग का निजीकरण किया गया तो पूरे देश के पन्द्रह लाख कर्मचारी हर जिले में विरोध प्रदर्शन करेंगे। कार्य बहिष्कार के दौरान मांग की गयी कि इलेक्ट्रिसिटी बिल 2020 एवं विद्युत वितरण के निजीकरण हेतु लाये जा रहे स्टैण्डर्ड बिडिंग डाक्यूमेन्ट्स को निरस्त किया जाये, निजीकरण के केन्द्र शासित प्रदेशों चण्डीगढ़ व पाण्डुचेरी व किसी भी प्रान्त में चल रही प्रक्रिया वापस ली जाये, ग्रेटर नोएडा का निजीकरण व आगरा का फ्रेन्चाइजी करार रद्द किया जाये, सभी ऊर्जा निगमों को एकीकृत कर उत्पादन पारेषण व वितरण को एक साथ रखते हुए केरल के एसईबी लिमिटेड व हिमांचल प्रदेश के एचपीएसईबी लिमिटेड की तरह प्रदेश में यूपीएसईबी लिमिटेड गठित किया जाये, सभी बिजली कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना वर्ष 2000 से लागू की जाये, नियमित पदों पर नियमित भर्ती की जाये।

## बस और बाइक की भिड़ंत में पीआरडी जवान की मौत

**एटा।** अवागढ़ थाना क्षेत्र में प्राइवेट बस और बाइक की भिड़ंत में मंगलवार को सुबह पीआरडी जमीन की मौत हो गई। जवान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हेलमेट टूट जाने व सिर पर गंभीर आई चोट जवान की मौत का कारण बनी। जलेसर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदेशरा निवासी 30 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र ओमप्रकाश प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) में नौकरी करते थे। मंगलवार को सुबह करीब 9 बजे अनिल अवागढ़ कस्बा से मोटर साईकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे। अवागढ थाना क्षेत्र के ग्राम खुसरई के पास प्राइवेट बस ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में जवान का हेलमेट टूट गया और उसके सिर पर गहरी चोट लग गई, जिसकी वजह से अत्यधिक खून बह गया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

## राज्य महिला आयोग निर्मला द्विवेदी ने महिलाओं के साथ अपराध पर ली समीक्षा बैठक

**देवरिया।**

सदस्य सचिव,उ0प्र0 राज्य महिला आयोग निर्मला द्विवेदी ने पीडब्लूडी(निरीक्षण भवन) में जनपद में महिला उत्पीड़न का स्वतः संज्ञान लेकर पीड़ित महिलाओं को तत्काल न्याय दिलाये जाने हेतु जनसुनवाई/समीक्षा बैठक की। जनसुनवाई के दौरान कुल 06 प्रकरण प्राप्त हुये जिनके निराकरण हेतु उपजिलाधिकारी सलेमपुर देवरिया, थानाध्यक्ष महिला थाना, प्रभारी निरीक्षक थाना-कोतवाली, प्रभारी निरीक्षक लार, देवरिया को सदस्य द्वारा निर्देशित किया गया ।

इसके अतिरिक्त महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनने तथा उसके निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया । महिला जनसुनवाई के दौरान मा. सचिव शिवेन्द्र कुमार मिश्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने फरियादिनी रंजू यादव के प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए एफ आई आर दर्ज कराने एवं उसके मुकदमे को निशुल्क पैरवी किये जाने को कहा।

इस अवसर पर डा. संजय चंद उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला परिवीक्षा अधिकारी प्रभात कुमार, समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव, संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, सोनू कुमार जिला सूचना विभाग, थाना प्रभारी कोतवाली देवरिया राजू सिंह, प्रभारी महिला थाना प्रियंका मिश्रा, ऐच्छिक ब्यूरो वर्तिका दूबे, मनौवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, केस वर्कर पूजा कुमारी, पैनल अधिवक्ता वन स्टाप सेन्टर मौजूद रहें ।

## तहसील दिवस में अधिकारियों ने सुनीं समस्याएं

**एटा।** मंगलवार को कोविड-19 की गाइडलाईन के अनुरूप जनपद की तीनो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम सुखलाल भारती एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने तहसील सदर में समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में 67 प्रार्थना पत्रों में 11 का मौके पर निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायतें भूमि विवादों की आई। जिलाधिकारी और एसएसपी ने समस्याओं का एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश दिए, लापरवाही पर कार्रवाई के लिए कहा। खेड़ा में चकरोड़ पर मिट्टी डलवाने के निर्देश दिए। बताया कि 4 फरवरी 21 को जनपद में चौरी, चौरा शताब्दी समारोह उत्साह के साथ मनाया जाएगा। विभाग को तैयारियां पूर्ण कर ले।

# संक्रमण की दर में गिरावट के बावजूद पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक:योगी

लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति पूरी तरह नियंत्रित है और इसकी दर में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज किए जाने के बावजूद अभी भी प्रत्येक स्तर पर पूरी सतर्कता बरतना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखी जाए। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग तथा सर्विलांस का कार्य सतत जारी रखा जाए। उन्होंने कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड प्रोटोकॉल के अनुपालन में कहीं ढिलाई न होने पाए।

उन्होंने कहा कि जिलो में स्थापित इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर को पूरी सक्रियता से



संचालित किया जाए। कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। जागरूकता सृजन के लिए विभिन्न प्रचार माध्यमों सहित पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग किया जाए।

कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोविड-19 की टेस्टिंग का कार्य पूरी क्षमता से संचालित किया जाए। विधान मण्डल के आगामी सत्र से पूर्व सभी सदस्यों एवं कार्मिकों का कोविड-19 टेस्ट कराया जाए। उन्होंने ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि इस एप के माध्यम से अधिक से अधिक जरूरतमंदों को ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श की सुविधा प्रदान की जाए।

श्री योगी ने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत 04 व 05 फरवरी को टीकाकरण की कार्यवाही करते हुए हेल्थ वर्कर्स का वैक्सीनेशन कार्य पूर्ण किया जाए। हेल्थ वर्कर्स के वैक्सीनेशन के पश्चात कोरोना फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीनेट किया जाना है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन अभियान को भारत सरकार की गाइडलाइन्स एवं मानकों के अनुरूप संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आर के तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव एम एस एम ई एवं सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एस पी गोयल, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्रीमती मोनिका एस गर्ग, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, प्रमुख सचिव आवास श्री दीपक कुमार, प्रमुख सचिव पशुपालन श्री भुवनेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार, राहत आयुक्त संजय गोयल, सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## आजमगढ़ समेत तीन जिलों में विवि की स्थापना में लायी जाये तेजी

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर, अलीगढ़ तथा आजमगढ़ में राज्य विश्वविद्यालयों की स्थापना में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं।योगी ने बुधवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि युवाओं को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार सहारनपुर, अलीगढ़ तथा आजमगढ़ में विश्वविद्यालयों की स्थापना करा रही है। इन विश्वविद्यालयों की स्थापना के सम्बन्ध में सभी आवश्यक कार्यवाही तेजी से की जाए। उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग को विश्वविद्यालयों की स्थापना से जुड़े सभी कार्यों की सतत समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

एमएसपी के अन्तर्गत धान खरीद की कार्यवाही तेजी से संचालित करने के निर्देश देते हुये उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को 72 घण्टे के अन्दर उनकी उपज के मूल्य का भुगतान हो जाए। उन्होंने गेहूं क्रय वर्ष 2021-22 के दौरान की जाने वाली खरीद कार्यवाही की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने वरासत अभियान की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए अभियान को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्विवाद उत्तराधिकार को खतौनियों में दर्ज करने की कार्यवाही निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि अयोध्या के पुरातन, ऐतिहासिक, धार्मिक, आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत केन्द्र व राज्य सरकार इसके प्राचीन गौरव के अनुरूप प्रतिष्ठित करने का कार्य कर रही हैं। अयोध्या के विश्वस्तरीय विकास के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्पित है। उन्होंने अयोध्या की विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने कहा कि वर्ष 2021-22 के केन्द्रीय बजट में मेट्रो लाइट तथा मेट्रो नियो परियोजनाओं को प्रोत्साहित करने के स्वागत योग्य प्राविधान किए गए हैं। उत्तर प्रदेश को इस नवीन परिवहन प्रणालियों का लाभ लेना चाहिए। इससे प्रदेश के नगरों में बेहतर सार्वजनिक परिवहन सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रदेश में मेट्रो लाइट तथा मेट्रो नियो परियोजनाओं के संचालन का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष के केन्द्रीय बजट में जल जीवन मिशन को विस्तारित करते हुए इसका क्रियान्वयन शहरी क्षेत्रों में भी प्रस्तावित किया गया है। इस व्यवस्था के माध्यम से प्रदेश के नगरीय इलाकों को लाभान्वित करने के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए भूमि की व्यवस्था सम्बन्धी कार्यवाही को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुये उन्होंने कहा कि पर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए परियोजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जाना है। इसके दृष्टिगत भूमि की व्यवस्था की समस्त कार्यवाही समयबद्ध ढंग से प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अपने जनपद के गो-आश्रय स्थलों तथा गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखें। राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके दृष्टिगत अधिक से अधिक राजस्व ग्रामों में दुग्ध समितियों के गठन की कार्रवाई की जाए। इससे डेयरी सेक्टर का विस्तार होगा और पशुपालक लाभान्वित होंगे।

## कार और रुपयों की मांग को लेकर नवविवाहिता को जलकर मारा

लखनऊ ।

राजधानी में एक नवविवाहिता की दर्दनाक जिंदा जलकर मौत हो गई। मृतका के पिता ने दामाद व उसके ससुरालियों पर जलाकर मारने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि दामाद ने फोन कर कहा कि सिविल अस्पताल पहुंचो तुम्हारे लिए गिफ्ट रखा है। वह अस्पताल पहुंचे तो बेटी की लाश स्ट्रेचर पर मिली। पुलिस के मुताबिक, मृतका का छह महीने पहले ही लॉकडाउन में निकाह हुआ था। मृतका के पति व ससुरालियों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। घटना तालकटोरा क्षेत्र के अशरफनगर की है। यहां के निवासी शानू खान का छह माह पूर्व निकाह सआदतगंज के बीबीगंज निवासी जोया खान (20) पुत्री मो. चांद के साथ हुआ था। इंस्पेक्टर ताल कटोरा के मुताबिक, मृतका के पिता मो. चांद ने बताया कि मंगलवार देर रात दामाद ने फोन कर उन्हें बताया कि सिविल अस्पताल पहुंचो तुम्हारे लिए गिफ्ट रखा है।

वह अस्पताल पहुंचे तो बेटी की लाश स्ट्रेचर पर मिली। बेटी का पूरा शरीर जला हुआ था। मो. चांद ने बताया कि निकाह के बाद से कार और रुपयों की मांग को लेकर शानू और उसके परिवारीजन अक्सर बेटी के साथ मारपीट करते थे। कई बार उनकी छोटी-मोटी मांगे पूरी भी की। पर कार नहीं दे पाए थे। इस कारण वह बेटी को आए दिन मारते-पीटते थे। मंगलवार रात उन्होंने बेटी को पीटा और जला दिया।

उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के लिए वह बेटी को सिविल अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने बेटी को मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर ताल कटोरा ने बताया कि मो. चांद की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के पति शानू समेत कई लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## फर्जी रेप केसः सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व महिला आयोग सदस्य की याचिका खारिज

**लखनऊ ।** एक्टिविस्ट डॉ नूतन ठाकुर द्वारा गाजियाबाद की एक महिला पर उन्हें तथा उनके पति आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर को फर्जी रेप का आरोप लगा कर फंसाने के मामले में थाना गोमतीनगर, लखनऊ में दर्ज मुकदमे में आरोपी पूर्व महिला आयोग सदस्य अशोक पाण्डेय की स्पेशल लीव पेटिशन सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दी गयी है। जस्टिस ए के सिकरी तथा जस्टिस आर सुभाष रेड्डी की बेंच ने कहा कि दोनों पक्षों द्वारा बताया गया कि मामले में आरोपपत्र प्रेषित किया जा चुका है, जो ट्रायल कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट ने कहा कि चूँकि आरोपपत्र प्रेषित किया जा चुका है, अतः इस याचिका को लंबित रखे जाने का कोई कारण नहीं है। कोर्ट ने कहा कि याची अशोक पाण्डेय आदेश के 2 सप्ताह के अन्दर ट्रायल कोर्ट में नियमित जमानत याचिका दायर कर सकती हैं, जिसका त्वरित निस्तारण किया जाये। यह मुकदमा 22 जून 2015 को दर्ज किया था जिसमे नूतन ने तत्कालीन खनन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति द्वारा महिला आयोग की सहायता से फर्जी रेप केस में फंसाने का आरोप लगाया गया था. इसमे अपराध शाखा की विवेचना के बाद मामला विशेष एमपीएमएलए कोर्ट के सामने विचाराधीन है।

## मुख्यमंत्री योगी ने बाढ़ नियंत्रण संबंधी 146 परियोजनाओं का किया लोकार्पण

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की बाढ़ नियंत्रण संबंधी 146 परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 146 परियोजनाओं का लोकार्पण और 170 परियोजनाओं के शिलान्यास पर लगभग 1800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 146 परियोजनाओं का लोकार्पण और 170 परियोजनाओं के शिलान्यास पर लगभग 1800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च हुई है। पहले बाढ़ प्रभावित 40 जनपदों में से 24 अतिसंवेदनशील और 16 संवेदनशील श्रेणी में थे। आज प्रदेश की जनता को बाढ़ से बचाने के लिए विस्तृत कार्य योजनाओं पर कार्य हुआ है। इस दौरान मुख्यमंत्रियों ने अधिकारियों से विस्तृत जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ बचाव के लिए हम लोगों ने पहली बार राज्य के इतिहास में कुछ नए प्रयोग किए हैं। इसके बाद अच्छे परिणाम भी आए। जनप्रतिनिधियों के साथ जब मेरी बातचीत होती है तो उन्होंने इस प्रयोग को लेकर सराहना भी की और इसे अपने इलाके में लागू करने की बात भी कही। सरयू नदी, रावती नदी में इस प्रयोग के अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

## क्या असंवैधानिक नीतियों के खिलाफ बोलना अपराध है: मोहम्मद आफाक

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय सामाजिक संगठन के संयोजक मोहम्मद आफाक ने आज मीडिया को बताया कि संप्रदायवादी ताकतें 2014 से लोगों को परेशान करने की साजिश रच रही हैं, लेकिन संविधान के अनुसार, विशेषकर प्रधानमंत्री, विशेषकर प्रधानमंत्री विधानसभा में हैं। और मुख्यमंत्री राज धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं, जिससे लोगों में अशांति फैल रही है। मोहम्मद अफाक ने कहा कि पिछले साल नागरिकता कानून के खिलाफ पूरे देश में काले कानून का विरोध किया जा रहा था, फिर साम्प्रदायिक ताकतों ने धरने को विफल कर दिया। और प्रदर्शन। इसी तरह, सांप्रदायिक ताकतें काले कृषि कानून के खिलाफ आंदोलन को विफल करने में पूरी तरह से सक्रिय हैं। क्या असंवैधानिक नीतियों के खिलाफ बोलना अपराध है? प्रधानमंत्री मोदी चुनाव से पहले झूठे सपने दिखाकर लोगों के वोट के साथ सत्ता में आए, लेकिन आज वह किसानों और श्रमिकों के खिलाफ इन सभी वादों को एक मात्र वाक्य में बताकर नए कानून बना रहे हैं, जिससे वह अपने पूंजीवादी दोस्तों को लाभान्वित करने की कोशिश कर रहे हैं इसलिए, हमें एक कृषि कानून बनाना होगा, इसलिए अब हमें इन संप्रदायवादी ताकतों को पूरी जागरूकता दिखानी होगी और सबक सिखाना होगा।

## पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 197 नये मामले आये सामने



लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने आज लोकभवन में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,19,282 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,82,11,459 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 197 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 4,765 कोरोना के एक्टिव मामलों में से 1215 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 389 लोग ईलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त मरीज एल-2 तथा एल-3 के सरकारी अस्पतालों में अपना ईलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घण्टों में 431 तथा अब तक कुल 5,87,398 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,84,681 क्षेत्रों में 5,10,463 टीम दिवस के माध्यम से 3,14,22,415 घरों के 15,26,20,567 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में ई-संजीवनी के माध्यम से 24 घंटे में 5,284 लोगों ने तथा अब तक कुल 4,71,052 लोगों ने चिकित्सीय परामर्श लिया। का कार्य किया जायेगा तथा 05 फरवरी को छूटे हुए स्वास्थ्य कर्मी व फ्रंट लाइन कर्मियों का टीकाकरण किया जायेगा। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें।

## दिल्ली बॉर्डर पर सख्त बैरिकेडिंग को मायावती ने बताया अनुचित



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दिल्ली पुलिस के द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों को रोकने के लिए बॉर्डर पर कंटीले तारों और कीलों आदि वाली जबर्दस्त बैरिकेडिंग को अनुचित बताया है। उन्होंने कहा है कि इनकी बजाए यदि आतंकियों आदि को रोकने के लिए ऐसी कार्रवाई देश की सीमाओं पर हो तो यह बेहतर होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों की मांग पूरी करके स्थिति सामान्य करे। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को दिल्ली की सीमाओं पर पुलिस की सख्त बैरिकेडिंग को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि तीनों कृषि कानूनों की वापसी की वाजिब मांग को लेकर खासकर दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलित किसानों के प्रति सरकारी रवैये के कारण संसद के बजट सत्र में भी जरूरी कामकाज और जनहित के खास मुद्दे पहले दिन से ही काफी प्रभावित हो रहे हैं। केंद्र किसानों की मांग पूरी करके स्थिति सामान्य करे। बसपा प्रमुख मायावती ने अपने अगले ट्वीट में आगे लिखा कि लाखों आंदोलित किसान परिवारों में दहशत फैलाने के लिए दिल्ली की सीमाओं पर जो कंटीले तारों और कीलों आदि वाली जबर्दस्त बैरिकेडिंग की गई है वह उचित नहीं है। इनकी बजाए यदि आतंकियों आदि को रोकने हेतु ऐसी कार्रवाई देश की सीमाओं पर हो तो यह बेहतर होगा।

## राज्यपाल ने एनसीसी कैडेटों को स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किए

लखनऊ ।

दिल्ली से लौटने पर गणतंत्र दिवस परेड के उत्तर प्रदेश राज्य के एनसीसी कंटिनजेंट के स्वागत के लिए राजभवन में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भी उपस्थित उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने एनसीसी कैडेटों को स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किए और सर्वश्रेष्ठ एनसीसी ग्रुप को प्रतिष्ठित इंटरग्रुप के बैनर से सम्मानित किया। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड-2021 में उत्तर प्रदेश के कुल 34 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। उत्तर प्रदेश एनसीसी निदेशालयके 04 सिनियर डिवीजन (बॉयज) कैडेटों और 09 सिनियर विंग (गर्ल्स) कैडेटों को एनसीसी राजपथ कंटिनजेंट के लिए चुना गया। इसके अलावा, 08 कैडेटों को विशेष एनसीसी गार्ड ऑफ ऑनरके लिए चुना गया था। कैडेट बसव राज (आगरा) और कुलदीप कुमार (गोरखपुर) को उनकी अत्यधिक ईमानदारी, समर्पण और अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए वर्ष 2020-21 के लिए महानिदेशक एनसीसी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस परेड शिविर में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए छह सीनियर डिवीजन और छह सीनियर विंगकेकैडेटों को गवर्नर्स गोल्ड और सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रशिक्षण और अन्य संबंधित गतिविधियों में उनके प्रदर्शन के आधार पर उत्तर प्रदेश के 11 एनसीसी समूहों में से सर्वश्रेष्ठ एनसीसी ग्रुपके लिए आगरा ग्रुप को प्रतिष्ठित एडीजी बैनर सम्मानित किया गया। एनसीसी योगदान, ड्रिल, फायरिंग, वेपन ट्रेनिंग, बाधा प्रशिक्षण और आंतरिक प्रशासन आदि जैसी गतिविधियों को एडीजी बैनर के लिए मानक बनायागया। आगरा एनसीसी ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर मनोज मोहन ने एनसीसी एडीजी बैनर प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश एनसीसी के अपर महानिदेशक मेजर जनरल राकेश राना ने उत्तर प्रदेश में वर्ष के दौरान की गई महत्वपूर्ण एनसीसी गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया।

### एक नज़र में

#### कैटः 2 माह में अमिताभ की चार विभागीय कार्यवाही समाप्त करें

लखनऊ । केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के लखनऊ बेंच ने अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी को आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर के खिलाफ लंबित 04 विभागीय कार्यवाहियों को 02 माह में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश न्यायिक सदस्य मंजुला दास तथा प्रशासनिक सदस्य ए मुखोपाध्याय की बेंच ने दिया. कैट ने कहा कि अमिताभ के विरुद्ध दिनांक 13 जुलाई 2015, 27 मई 2016, 05 अक्टूबर 2016 तथा 14 दिसंबर 2016 को शुरू की ।

## रंगबाज रसिया का प्रभावपूर्ण मंचन

लखनऊ ।

आस्था नाट्य कला रंगमण्डल समिति, लखनऊ के तीन दिवसीय समारोह के अन्तर्गत द्वितीय संध्या में कशिश आर्टस एंव वेलफेयर सोसाइटी लखनऊ के द्वारा मुकेश वर्मा के द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाट्क ÷रंगबाज रसिया' का नाट्य मंचन सायंकाल बाल्मीकि रंगशाला,उ0प्र0 संगीत नाट्क अकादमी गोमती नगर, लखनऊ में भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय (संस्कृति विभाग) नई दिल्ली के सहयोग से मंचित किया गया।

कथानक के अनुसार एक रंगकर्मी युवक जिसका नाम रंगबाज रसिया है। जिसकी पृथ्वी पर मौत हो जाती है। और वह स्वर्ग पहुंचता है। वहां पर सन्नाटा पसरा हुआ है कोई भी नहीं है युवक ने जब वहाँ के प्रहरी से पता किया तो पता चला कि वहां सभी देवता मनोरंजन करने में व्यस्त हैं। इन सबके बीच में उसकी मुलाकात इंद्र की पत्नी इंदाणी से ही होती है वह युवक के इरादों को भांप जाती है वह उसका विरोध करती हैं लेकिन वह इंद्राणी को अपने मकड़जाल में फंसा लेता है।

उसकी मंशा चालाकी के साथ में उस पूरे लेखा-जोखा को हासिल करना होता है जिसमें वह अपनी किस्मत को पलट सके उसके लिए वह चित्रगुप्त की कथितं बेटी सोनाक्षी को हथियार की तरह इस्तेमाल करता है इधर गुस्से में आए भगवान इंद्र ने रसिया को मृत्युदंड देने की ठान लेते हैं उसकी आत्मा को पृथ्वी पर ना भेजने की बात कहते हैं इन सब के पीछे की वजह सोनाक्षी के साथ उसका प्रेम प्रसंग होता है और वही जीवन बहीखाते में खिलवाड़ के आधार पर रसिया पर भगवान इंद्र गुस्सा करते हैं रसिया जवाब देता है कि भगवान पृथ्वी पर अत्याचार दुष्कर्म का प्रभाव बढ़ चुका है मैंने थोड़ा सा बदलाव कर दिया है गरीबों की झोली में पैसा और जो भूखे हैं उनके मुंह में निवाला दे दिया है मुझसे यही गलती हो गयी है, क्षमा चाहता हूं यह बात सुनकर इंदाणी आ जाती है और युवक का साथ देने की बात कहती हैं इतना ही नहीं सोनाक्षी का विवाह रसिया के साथ रहने की बात कहती है भगवान इंद्र रसिया को क्षमा कर देते है और दुष्टों को दंड देने की बात कहते है। मंच पर रंगबाज रसिया की भूमिका में विष्णु, इंद्र की भूमिका में ठाकुर देवेन्द्र देवराम, इंद्राणी की भूमिका में अनन्या ठाकुर, चित्रगुप्त की भूमिका में शक्ति मिश्रा, सोनाक्षी की भूमिका अंतिमा सिंह, पहरेदार की भूमिका में प्रखर द्रिवेदी, यमराज की भूमिका में हरिओम अग्निहोत्री ने बेहतरीन अभिनय किया। मंच परे प्रकाश परिकल्पना सपन बोस, संगीत निर्देशन मो0 शारूख, स्वपनिल अग्रवाल, सेट दीपक अग्रवाल व रूप सज्जा झरना श्रीवास्तव एवं कार्यशाला निर्देशन रत्ना अग्रवाल का था। कार्यशाला निर्देशन रत्ना अग्रवाल सम्पूर्ण दृश्य परिकल्पना एवं निर्देशन मुकेश वर्मा का था।

## हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आज लखनऊ पहुंचेगें

**लखनऊ ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिदंडीजी महाराज कल चार फरवरी को लखनऊ पहुंच रहे है। यहां पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश नेताओं के साथ बैठक करने के बाद अयोध्या के लिये रवाना हो जायेंगे, जहां अगले दिन श्री हनुमान छतरी यात्रा के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। हिन्दू महासभा के कार्यालय सचिव सुनील तिवारी ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के शहर आगमन पर बख्शी का तालाब में प्रातः 10 बजे पार्टी के प्रदेश प्रभारी शिव पूजन दीक्षित सहित दर्जनों कार्यकर्ता उनका स्वागत करेगें जहां से वह इंटीग्रल यूनिवर्सिटी के सामने एमडीएस टॉवर स्थित पार्टी के प्रदेश कैम्प कार्यालय पहुंचेगें वहां मौजूद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज तिवारी सहित कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनकी अगवानी करेगें, तत्पश्चात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिदंडीजी महाराज हिन्दू महासभा की उत्तर प्रदेश में गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

## सौर ऊर्जा नीति से उपभोक्ताओं को मिला रहा लाभ

**लखनऊ ।** सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2017 प्रख्यापित की गयी है। नीति के अन्तर्गत केन्द्रीय अनुदान के अतिरिक्त सोलर रूफ्टॉप के घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति किलोवॉट रु. 15,000- अधिकतम रु. 30,000- का अनुदान उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान है। इस क्रम में एमएनआरई, भारत सरकार द्वारा संचालित सोलर रूफ्टॉप कार्यक्रम फेज-2 के अन्तर्गत घरेलू क्षेत्र के 277 उपभोक्ताओं के बैंक खातों में यूपीनेडा द्वारा राज्यानुदान रु. 83 लाख अन्तरित कर दिया गया है। इस प्रकार इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अब तक कुल 1104 उपभोक्ताओं के खातों में रु. 3.31 करोड़ धनराशि राज्यानुदान के रूप में अन्तरित की जा चुकी है।


राजधानी स्पेशल रेलगाड़ी के फेरों में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा रेलगाड़ी संख्या 02503/02504 डिब्रुगढ़ – नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी स्पेशल रेलगाड़ी के फेरों मे वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है जो अब सप्ताह में 1 दिन के स्थान पर 5 दिन निम्नानुसार संचालित की जाएगी :–

| रेलगाड़ी संख्या | कहां से | कहां तक | वर्तमान फ्रिक्वेन्सी/दिन | अतिरिक्त चलाने के दिन | सेवा प्रभावी होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 02503 | डिब्रुगढ़ | नई दिल्ली | डिब्रुगढ़ से गुरुवार को | डिब्रुगढ़ से रविवार, मंगलवार, बुधवार एवं शनिवार को | डिब्रुगढ़ से मंगलवार 16.02.2021 को |
| 02504 | नई दिल्ली | डिब्रुगढ़ | नई दिल्ली से मंगलवार को | नई दिल्ली से सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार को | नई दिल्ली से मंगलवार 19.02.2021 को |

उपरोक्त राजधानी स्पेशल रेलगाड़ी के फेरों मे वृद्धि के कारण रेलगाड़ी सं. 01666 अगरतला – हबीबगंज स्पेशल (साप्ताहिक) की समय–सारणी में भी परिवर्तन हुआ है। संशोधित समय दिनांक 20.02.2021 से प्रभावी होगा।

त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में विस्तार

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की अवधि को निम्नानुसार बढ़ा दिया गया है :–

| रेलगाड़ी सं. | कहां से | कहां तक | फ्रिक्वेन्सी/दिन | विस्तारित अवधि/तिथियां |
|---|---|---|---|---|
| 02107 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | लखनऊ जं. | सप्ताह में तीन दिन (सोम, बुध एवं शनि) | 06.02.2021 से 31.03.2021 तक |
| 02108 | लखनऊ जं. | लोकमान्य तिलक टर्मिनस | सप्ताह में तीन दिन (मंगल, गुरु एवं रवि) | 07.02.2021 से 01.04.2021 तक |

नोट: रेलगाड़ियों और रेलवे स्टेशनों पर सामाजिक दूरी व सैनिटाइजेशन आदि सहित कोविड–19 से संबंधित राज्य एवं केन्द्र सरकार के सभी नियमों और सभी सावधानियों का पालन करना अनिवार्य है।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट http://www.enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें
251/2021
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
जन सम्पर्क - उत्तर रेलवे
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संपादकीय

## म्यांमार में तख्तापलट भारत के लिए चिंता

ऐसे वक्त में जब म्यांमार के नवंबर में हुए चुनाव में भारी मतों से जीती आंग सान सू की, की पार्टी सत्ता संभालने जा रही थी, सेना ने सत्ता अपने हाथ में ले ली। साथ ही देश में एक साल के लिये आपातकाल की घोषणा कर दी है। सेना ने सू की समेत कई शीर्ष नेताओं को हिरासत में लेकर मुख्य स्थानों पर सेना की तैनाती कर दी है। टीवी-रेडियो के प्रसारण बंद करके इंटरनेट पर रोक लगायी गई है। जिस संविधान के तहत दस साल पहले सत्ता का हस्तांतरण जनता की चुनी सरकार को किया गया था, उसी संविधान का सेना ने उल्लंघन किया है। म्यांमार के लोग पांच दशक के सैन्य शासन के दौरान जिस दमनकारी भय से मुक्त हुए थे, वह और गहरा हो गया है। दरअसल, सू की के नेतृत्व में नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी यानी एनएलडी को बीते सोमवार दूसरा कार्यकाल आरंभ करना था लेकिन इससे पहले कि संसद का पहला सत्र शुरू होता, उससे कुछ घंटे पहले ही सू की समेत पार्टी के कई शीर्ष नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। पर्दे के पीछे सेना का खेल जारी था। उसी ने यह संविधान बनाया और 25 फीसदी सीटें सेना के लोगों के लिये आरक्षित भी कर दी थी। इतना ही नहीं, म्यांमार के तमाम महत्वपूर्ण मंत्रालयों मसलन गृह, रक्षा व सीमाओं से जुड़े मंत्रालयों पर भी सेना का ही नियंत्रण रहता है। दरअसल, नवंबर में हुए चुनाव के बाद एनएलडी के अस्सी फीसदी से अधिक मत हासिल करने और सेना समर्थित राजनीतिक दल की पराजय के बाद सेना को भय था कि कहीं सू की संविधान में संशोधन करके और ताकतवर न हो जाये। इसके साथ ही सू की सरकार में म्यांमार की अर्थव्यवस्था के दरवाजे दुनिया के लिये खोलने के फैसले से भी सैन्य तानाशाह नाराज चल रहे थे, जो कि बंद अर्थव्यवस्था के पक्षधर रहे हैं। वे खुले कारोबार को देश के लिये खतरे के रूप में देखते हैं।

दरअसल, आजादी के बाद से ही म्यांमार की सत्ता में पकड़ रखने वाली सेना को म्यांमार में लोकतंत्र की बयार रास नहीं आती। यही वजह है कि सेना समर्थित विपक्षी पार्टी की हार के बाद धांधली के आरोप लगाकर सेना ने तख्तापलट कर दिया। हालांकि, सेना कोई भी धांधली के सबूत नहीं दे सकी। घ्हाल के दिनों में कोरोना महामारी और चुनावों में अल्पसंख्यक समुदाय के रोहिंग्याओं को मताधिकार से वंचित रखने को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच अवसर पाकर सेना ने तख्तापलट किया है। भारत समेत अमेरिका आदि देशों ने म्यांमार में लोकतंत्र का गला घोटने पर चिंता जतायी है। ऐसे में सैन्य सत्ता से आजिज आ चुके म्यांमार के लोगों का आक्रोश भी सामने आयेगा। वे आंग सू की को सेना के लोकतांत्रिक विकल्प के रूप में देखते हैं। आशंकाएं जतायी जा रही हैं कि तख्तापलट में पर्दे के पीछे चीन की भूमिका हो सकती है। चीन अपनी पहुंच म्यांमार के रास्ते अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा तक बनाना चाहता है। वैसे भी चीन को तानाशाही सत्ताएं रास आती हैं। आशंकाएं हैं कि म्यांमार में जो कुछ हो रहा है, उसके पीछे चीन की भूमिका है। दरअसल, हाल के वर्षों में चीन ने म्यांमार में खनन, आधारभूत संरचना तथा गैस पाइप लाइन आदि परियोजनाओं में भारी निवेश किया है। सैन्य शासन के दौरान चीन को अपनी मनमानी करने का अवसर मिलता है। विगत में भी सैन्य शासकों से चीन के मधुर रिश्ते रहे हैं। हाल के बयानों में चीन ने सेना प्रमुख को देश का मित्र बताया है।घ्भारत की चौतरफा घेराबंदी करने वाला चीन जानता था कि सू की के रहते वह अपने भारत विरोधी एजेंडे को क्रियान्वित नहीं कर सकता। निस्संदेह हालिया घटनाक्रम भारत के लिये चिंता की बात है क्योंकि भारत की लंबी सीमा म्यांमार से लगती है। भारत विरोधी अलगाववादी संगठन म्यांमार सीमा पर सक्रिय रहते हैं, जिन्हें चीन से भी मदद मिलती रही है।

## दिल्ली की सरहदों पर किसान हमला नहीं करने वाले

दिल्ली के सरहदों पर जिस तरह की व्यवस्था शासन ने किया है, उससे ऐसा लगता है कि दिल्ली पर किसी सुपर पावर का हमला होने वाला है। सड़कों पर रोक के लिए पाकिस्तान बार्डर से अधिक मजबूत रूकावटें खड़ी की गई हैं। नुकीले कांटें लगाये गये हैं, जिससे बड़ा से बड़ा ट्रक नही जा सकता। कैंटरों में मिट्टी और कंकरीट भरकर रखा गया है, जिससे कोई पार नहीं पा सकता। ट्रेने या तो रोक दी गई हैं या उनका रूट बदल दिया गया है। इंटरनेट की सुविधाएं न केवल बार्डर पर बल्कि आसपास के क्षेत्रों में बन्द कर दी गई हैं। बड़ी संख्या में मजबूत हथियार बंद फोर्स लगायी गयी है, ताकि दिल्ली में परिंदा पर नहीं मार सके। क्या इन सबकी जरूरत थी? क्या हमारे किसान जिनसे सरकार बात करती रही है, एकाएक इतने खतरनाक हो गये हैं। हर शासन का कर्तव्य है कि वह नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक व्यवस्था करे। दिल्ली पुलिस और केन्द्रीय प्रशासन का भी यह कर्तव्य था कि वह बार्डर से आने वाली सड़कों पर व्यवस्था करे, ताकि कुछ आवांछनीय तत्व अंदर नहीं घुसे। यह भी सच्चाई है कि 6 फरवरी को चक्काजाम करने का ऐलान किसानों ने किया है। परन्तु ऐसा पहले भी होता रहा है। चक्का जाम का ऐलान कोई नई बात नहीं है। ऐसा नहीं लगता कि किसान एकाएक इतने खतरनाक हो गये हों, जिनके लिए ये व्यवस्था आवश्यक हो। इससे देश और समाज के बारे में जो छवि विदेशों में जाती है, वह अफसोसनाक है। किसान अपनी जिद पर है यह बात भी सही है। सरकार अपनी जिद पर है, यह भी सही है। दोनों तरफ से कोई बीच का रास्ता नहीं निकल रहा है, फिर भी ऐसी कोई खतरनाक स्थिति नहीं, जिससे इस तरह की व्यवस्था जरूरी हो। दिल्ली और आस-पास के क्षेत्र गुजरात और महाराष्ट्र से अलग तरह के हैं और यहां के लोग केन्द्रीय सरकार या राजधानी के लिए इतना बड़ा खतरा नहीं है। ऐसा लगता है कि सरकार ने, एक अंग्रेजी मुहाबरे के अनुसार मक्खी मारने के लिए एक बड़ा हथौड़ा उठा लिया है। (ज्व ापसस ॅ सिल ूपजी ॅसमकहम ंिउउमत). इन पंक्तियों का लेखक तीन दशकों से अधिक ऐसे चुनौतियों का सामना करता रहा है और कहीं-कहीं उन चुनौतियों में भावनात्मक या साम्प्रदायिक पुट भी रहा है, परन्तु इतना डर कभी नहीं रहा कि ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता पड़ी हो।

अच्छा यह होगा कि सरकार इन सब व्यवस्थाओं की जगह किसानों से बात करती रहे और 09 की जगह 90 बैठके हों, उनमें कोई दिक्कत नहीं है। भारत के विदेश मंत्री सरदार स्वर्ण सिंह ने पण्डित नेहरू के समय पाकिस्तान से अमेरिकी दबाव में बातचीत करना शुरू किया। बातचीत इतनी लंबी चली कि पाकिस्तानी उकताकर चले गये, यह भी एक तरीका है समस्या सुलझाने का। किसानों की समस्या को सुलझाने के लिए कोई रेडीमेड समाधान नहीं है, परन्तु यह समय शासन की बर्दास्त और दूरदर्शिता का है। ऐसा कभी नहीं होना चाहिये कि हमारे देश का एक भी नागरिकस्वयं को पराया समझे और उसे इतना खतरनाक समझा जाये। सरकार यदि समझती है कि इन कानूनों का रहना आवश्यक है तो वह यह बात मुस्कुराकर मोहब्बत से बार-बार कह सकती है। तोमर जी की तरह यह कहना मुनासिब नहीं है कि हमें जो प्रस्ताव देना था वह दे दिया तुम चाहो तो लो या छोड़ दो। बातचीत हमेशा जारी रहनी चाहिये और हमे अपने पड़ोसी दुश्मनों को अपनी प्रतिक्रिया पर हंसने का मौका नहीं देना है। इसमें कोई सुरक्षा की चूक शामिल नही हैं।

# फिर से जख्मी म्यांमार

- श्याम सुंदर भाटिया

**लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रखने वाली सू की को नोबल शांति पुरस्कार के अलावा भारत का प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार भी मिल चुका है।सैन्य तख्तापटल के बाद म्यांमार के हालात नाजुक हैं। बड़े शहरों में मोबाइल, इंटरनेट डाटा और फोन सर्विस बंद कर दी गई है। सरकारी चौनल एमआरटीवी का प्रसारण नहीं हो रहा है। म्यांमार की राजधानी नेपिडॉ के साथ सम्पर्क टूट चुका है। सबसे बड़े शहर यंगून इंटरनेट कनेक्शन तक सीमित है।**

दुनिया को जैसा अंदेशा था, बिल्कुल वैसा ही हुआ, लेकिन नोबल पुरस्कार विजेता एवम् डेमोक्रेसी की प्रबल प्रहरी आन सान सू की सेना के इस खतरनाक इरादों को सूंघ नहीं पाई। पड़ोसी मुल्क म्यांमार में अंततः लोकतंत्र फिर से चोटिल हो गया है। बेइंतहा ताकतवर सेना के तख्तापलट के बाद नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी-एनएलडी की सुप्रीमो अब सेना के कब्जे में हैं। राष्ट्रपति यू विन मिंट को पदाच्युत करके सत्ता सेना प्रमुख मिन आंग लाइंग को सौंप दी गई है। उपराष्ट्र्रपति मिंट स्व्वे की कार्यकारी राष्ष्ट्रपति के लिए ताजपोशी कर दी गई है। पांच दशक तक सत्ता में रहने के बाद म्यांमार एक बार फिर सेना की गिरफ्त में है। वहां एक साल के लिए आपातकाल घोषित कर दिया गया है। 2015 में उम्मीद जगी थी, लोकतंत्र का उदय हो गया है। संसदीय चुनाव में आन सान सू की  की पार्टी एनएलडी बहुमत से सत्तारूढ़ तो हो गई, लेकिन 2008 के संविधान की जड़ों में गहरी सैन्य प्रावधान होने से न तो आन सान सू की  राष्ट्रपति बन पाई और न ही एनएलडी सरकार के 2020 में सौ से अधिक संवैधानिक संशोधनों प्रस्तावों को कानून में तब्दील करा पाई। इन संशोधनों में वे अनुच्छेद भी शामिल थे, जिनकी वजह से आन सान सू की  राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य करार दे दी गई थीं। इन मसौदों पर सेना के प्रतिनिधियों का विरोध स्वाभाविक था। सच में हुआ भी ऐसा। सैन्य प्रतिनिधियों की मुखालफत के चलते कोई भी प्रस्ताव मंजूर नहीं हो सका। कभी बर्मा नाम से पहचाने जाने वाले म्यांमार में सेना और लोकतंत्र गाड़ी के दो पहियों के मानिंद नहीं हो पाए। नतीजन लोकतंत्र बेपटरी हो गया। म्यांमार में तख्तापलट सियासत को समझने के लिए 2008 के संविधान के पन्नों को पलटना जरूरी है। वहां के सैन्य तानाशाहों की नीयत यह नहीं रही, म्यांमार की माटी में लोकतंत्र पुष्पित -पल्लवित हो। संसद की 25 प्रतिशत सीटें वहां की सेना के लिए आरक्षित हैं। ये सीटें 2008 के संविधान के मुताबिक रिजर्व हैं। इसके अलावा सेना के प्रतिनिधियों के लिए तीन अहम मंत्रालय- गृह, रक्षा और सीमा मामलों से जुड़ा मंत्रालय भी शामिल है। इसी वजह से सरकार वहां के संविधान में कोई भी सुधार करने में नाकाम रहती है। म्यांमार के संविधान की जड़ों में सेना की गहरी पैठ है। यूं तो म्यांमार अब संघीय गणराज्य व्यवस्था वाला देश है, जहां पांच साल में एक बार-एक साथ राष्ट्रीय, प्रांतीय और क्षेत्रीय स्तर पर चुनाव होते हैं। लोकतांत्रिक इतिहास में दूसरी बार हुए चुनाव में वैसे तो करीब सौ सियासी दलों ने भागीदारी की, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर दो दलों के बीच ही चुनावी जंग हुई। आन सान सू की  की एनएलडी और सेना के पूर्व अफसरों की पार्टी यूएसडीपी में मुख्य मुकाबला हुआ। इसमें आयरन लेडी के दल एनएलडी के हाथों फिर सत्ता की चाबी आ गई। नवंबर 2020 के चुनावी नतीजों को म्यांमार की सेना पचा नहीं पाई। आग बबूला, लेकिन शातिर सैन्य ताकतों ने राष्ट्रपति भवन से लेकर चुनाव आयुक्त तक यह कह कर दस्तक दी, चुनाव नतीजों में बड़े स्तर पर हेराफेरी हुई है। सैन्य ताकतों को इन दोनों उच्च वैधानिक संस्थाओं से मन मुताबिक पॉजिटिव रिस्पॉन्ड नहीं हुआ तो रातों-रात बंदूकों के साए में चुनी हुई सरकार को बंधक बना लिया। सच्चाई यह है, फर्स्ट फरवरी को नई संसद का सत्र का श्रीगणेश होना था, लेकिन अल सुबह आयरन लेडी आन सान सू की , राष्ट्रपति यू विन मिंट समेत एनएलडी दिग्गज नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल सैन्य ताकतों ने लोकतंत्र के जनादेश को सैनिकों के जूतों, रायफलों की नोकों और ताकत की मदहोशी में कुचल दिया। सेना की सत्ता की भूख के चलते चंद बरसों बाद म्यांमार में लोकतंत्र फिर लहूलुहान है। म्यांमार का भारत से गहरा रिश्ता है। 1937 तक बर्मा भी भारत का अभिन्न अंग था। यह बाद दीगर है, ब्रिटिश राज के अधीन था। भारत और म्यांमार की सीमाएं आपस में लगती हैं। पूर्वोत्तर में चार राज्य -अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम और नागालैंड की 1600 किमी लम्बी सीमा म्यांमार के साथ लगती है। भारत-म्यांमार के करीब 250 गांव सटे हैं। इनमें तीन लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। ये अक्सर बॉर्डर क्रॉस करते हैं। म्यांमार में बौद्धों की संख्या सर्वाधिक है। इस नाते भी भारत का सांस्कृतिक सम्बन्ध बनता है। पड़ोसी देश होने के कारण भारत के लिए म्यांमार का आर्थिक, राजनीतिक और रणनीतिक खासा महत्व है। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी म्यांमार बहुत महत्वपूर्ण है। म्यांमार न केवल सार्क, आसियान का सदस्य है, बल्कि तेजी से बढ़ते दक्षिण पूर्व एशिया की अर्थ व्यवस्था का एक द्वार भी है। भारत के लिए थाईलैंड और वियतनाम सरीखे देशों के बीच वह सेतु के मानिंद भी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी सरकार के पड़ोसी पहले की नीति के तहत तत्कालीन विदेश मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज ने 2014 में म्यांमार की यात्रा की थी। आन सान सू की से भारत का विशेष रिश्ता है। इस आयरन लेडी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी के लेडी श्रीराम कॉलेज में अपनी स्टडी की। इनकी माताश्री खिन की भारत में राजदूत भी रही हैं। आन सान सू की को संघर्ष करने का जज्बा विरासत में मिला है। वह म्यांमार के राष्ट्रपिता आंग सांग की पुत्री है, जिनकी 1947 में राजनीतिक हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बरसों-बरस जेल में तो रहना पसंद किया, लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। भारत से सू का गहरा नाता है। लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था रखने वाली सू की को नोबल शांति पुरस्कार के अलावा भारत का प्रतिष्ठित जवाहर लाल नेहरू पुरस्कार भी मिल चुका है।सैन्य तख्तापटल के बाद म्यांमार के हालात नाजुक हैं। बड़े शहरों में मोबाइल, इंटरनेट डाटा और फोन सर्विस बंद कर दी गई है। सरकारी चौनल एमआरटीवी का प्रसारण नहीं हो रहा है। म्यांमार की राजधानी नेपिडॉ के साथ सम्पर्क टूट चुका है। सबसे बड़े शहर यंगून इंटरनेट कनेक्शन तक सीमित है। बीबीसी वर्ल्ड न्यूज टीवी समेत अंतर्राष्ट्रीय प्रसारकों को ब्लॉक कर दिया गया है। स्थानीय स्टेशन ऑफएयर कर दिए गए हैं। बैंकों ने फिलहाल सभी आर्थिक सेवाओं को रोक दिया है। नकदी की कमी न हो, इस आशंका ने मद्देनजर यंगून में एटीएम के बाहर लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। भारत, अमेरिका, यूएनओ, ब्रिटेन समेत दुनिया के बड़े देशों ने म्यांमार के बिगड़ते हालात पर गहरी चिंता जताई है। भारत का विदेश मंत्रालय म्यांमार की स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है। बीबीसी दक्षिण-पूर्व एशिया के संवाददाता जॉनथन हेड ने मौजूदा हालात पर सटीक कमेंट करते हुए कहा, म्यांमार सेना का यह कदम दस साल पहले उसी के बनाए संविधान का उल्लंघन है।

# नेताजी पर कब्जा जमाने की हिन्दू राष्ट्रवादी कवायद

– राम पुनियानी

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती (23 जनवरी) के अवसर पर देश भर में अनेक आयोजन हुए। राष्ट्रपति भवन में उनके तैल चित्र का अनावरण किया गया। केंद्र सरकार ने घोषणा की कि नेताजी का जन्मदिन हर वर्ष पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जायेगा। रेलमंत्री ने कहा कि हावड़ा-कालका मेल को अब नेताजी एक्सप्रेस कहा जायेगा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने इस दिन को देश नायक दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की।सोशल मीडिया और मुंहजबानी प्रचार के जरिये भाजपा और उसके संगी-साथी इस झूठ को फैला रहे हैं कि कांग्रेस ने नेताजी को सम्मान नहीं दिया और यह भी कि नेताजी हिंदुत्व के हामी थे। यह सारा घटनाक्रम पश्चिम बंगाल में जल्द होने जा रहे विधानसभा चुनावों की पृष्ठभूमि में हो रहा है। भाजपा किसी भी हाल में यह चुनाव जीतना चाहती है। सुभाष बोस उन राष्ट्र नायकों में से एक हैं जिन्हें भाजपा अपना घोषित करना चाहती है। नेताजी एक राष्ट्रीय नायक हैं और बंगाल में उन्हें अत्यंत श्रद्धा से याद किया जाता है। भाजपा ने इसके पहले कभी नेताजी को इतनी शिद्दत से याद नहीं किया। इस सत्य को छुपाया जा रहा है कि नेताजी भाजपा की विचारधारा के धुर विरोधी थे और यह जताने का प्रयास किया जा रहा है कि विचारधारा के स्तर पर वे वर्तमान शासक दल के काफी नजदीक थे। नेताजी समाजवाद, प्रजातंत्र और सांप्रदायिक एकता के हामी थे। भारत में जो पार्टी अभी सत्ता है वह हिन्दू राष्ट्र की पैरोकार है, विघटनकारी राजनीति में विश्वास रखती है और प्रजातंत्र और प्रजातांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। निःसंदेह नेताजी के कांग्रेस से मतभेद थे। परन्तु वे केवल स्वाधीनता हासिल करने के साधनों, उसके तरीकों तक सीमित थे। वे दो बार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान महात्मा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने राष्ट्रव्यापी भारत छोड़ो आन्दोलन शुरू किया। बोस का मानना था कि अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिए मजबूर करने का सबसे अच्छा तरीका होगा जर्मनी और जापान से हाथ मिलाना क्योंकि ये दोनों देश ब्रिटेन के शत्रु थे। इस मामले में नेहरू और पटेल सहित कांग्रेस की केंद्रीय समिति के अधिकांश सदस्य गांधीजी के साथ थे और सुभाषचंद्र बोस के प्रस्ताव से असहमत थे। परन्तु यह केवल रणनीतिक मतभेद थे। कांग्रेस और बोस दोनों भारत को स्वाधीन देखना चाहते थे। इसके विपरीत, हिन्दू महासभा और आरएसएस युद्ध में अंग्रेजों की सहायता करना चाहते थे। हिन्दू महासभा के सावरकर ब्रिटिश सेना को मजबूती देने के लिए उसमें अधिक से अधिक संख्या में भारतीयों के भर्ती होने के पक्षधर थे। इसके विपरीत, बोस ने सिंगापुर में आजाद हिन्द फौज (इंडियन नेशनल आर्मी या आईएनए) बनाई। वे कांग्रेस और गांधी-नेहरू के प्रशंसक बने रहे। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि उन्होंने महात्मा गांधी को श्राष्ट्रपिता के नाम से संबोधित करते हुए पत्र लिखकर आईएनए की सफलता के लिए उनसे आशीर्वाद मांगा। आईएनए की दो ब्रिगेडों के नाम गांधी और नेहरू के नाम पर रखे गए। जहां हिन्दू महासभा और आरएसएस समाजवाद की परिकल्पना और राज्य-प्रायोजित जनकल्याण कार्यक्रमों के विरोधी रहे हैं वहीं बोस पक्के समाजवादी थे। कांग्रेस में वे नेहरू और अन्य समाजवादियों के साथ थे, जो चाहते थे कि समाजवादी आदर्शों को राष्ट्रीय आन्दोलन का हिस्सा बनाया जाए। कांग्रेस छोड़ने के पश्चात उन्होंने फॉरवर्ड ब्लाक का गठन किया, जो कि एक समाजवादी राजनैतिक दल था और उस वाम गठबंधन का हिस्सा था जिसने कई दशकों तक पश्चिम बंगाल पर राज किया। कांग्रेस भी आईएनए को अपना शत्रु नहीं मानती थी। द्वितीय विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद जब आईएनए के अधिकारियों पर मुक़दमे चलाये गए तब भूलाभाई देसाई जैसे वकीलों और जवाहरलाल नेहरू जैसे कांग्रेस नेताओं ने आईएनए के पक्ष में मुकदमा लड़ा। जवाहरलाल नेहरू ने पहली बार वकील का गाउन इसलिए पहना ताकि वे आईएनए के वीर सिपाहियों का बचाव कर सकें। यह महत्वपूर्ण है कि उस समय श्यामाप्रसाद मुखर्जी, बंगाल की मुस्लिम लीग और हिन्दू महासभा की मिलीजुली सरकार में शामिल थे। जब ब्रिटिश सरकार भारत छोड़ो आन्दोलन का दमन कर रही थे उस समय मुखर्जी ने ब्रिटिश हुकूमत से यह वायदा किया कि वे बंगाल में भारत छोड़ो आन्दोलन से निपट लेंगे। इसी दौरान, हिन्दू महासभा के सावरकर ब्रिटिश सेना को मजबूत बनाने में जुटे हुए थे और आरएसएस के मुखिया गोलवलकर ने एक परिपत्र जारी कर अपने स्वयंसेवकों को निर्देश दिया था कि वे अपनी सामान्य गतिविधियां करते रहें और ऐसा कुछ भी न करें जिससे अंग्रेज नाराज हों। हिन्दू महासभा-आरएसएस का लक्ष्य और सपना है हिन्दू राष्ट्र। राष्ट्रवाद और हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बोस की सोच के बारे में बहुत लोग नहीं जानते। बोस ने लिखा था, मुसलमानों के आने के साथ देश में धीरे-धीरे एक नई सांझा संस्कृति का विकास हुआ। यद्यपि मुसलमानों ने हिन्दुओं का धर्म स्वीकार नहीं किया तथापि उन्होंने भारत को अपना देश बना लिया और यहां के सामाजिक जीवन में घुलमिल गए। वे यहां के लोगों के दुख-सुख में भागीदार बन गए। दोनों धर्मों के लोगों के मिलन से नई कला और नई संस्कृति का विकास हुआ। उन्होंने यह भी लिखा, भारतीय मुसलमान, देश की आजादी के लिए काम करते रहे हैं। अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए उन्होंने एक ऐसे नए राज्य की परिकल्पना की जिसमें व्यक्तियों और समूहों की धार्मिक और संस्कृति स्वतंत्रता की गारंटी होगी और जिसका कोई राष्ट्रीय धर्म न होगा।(फ्री इंडिया एंड हर प्रॉब्लम्स से )। आरएसएस के चिन्तक लगातार यह दावा करते रहे हैं कि आर्य इस देश के मूल निवासी थे और यहीं से वे पश्चिम एशिया और

यूरोप के देशों में गए। इसके विपरीत, श्री बोस लिखते हैं, शताजा पुरातात्विक प्रमाणों से...बिना किसी संदेह के यह साबित हो गया है कि भारत पर आर्यों के आक्रमण के बहुत पहले, 3,000 ईसा पूर्व में ही, यह देश एक अत्यंत विकसित सभ्यता था। मोहनजोदड़ो और हड़प्पा की सभ्यता की उनकी प्रशंसा निश्चित रूप से भारतीय संस्कृति की हिन्दू-आर्य जड़ों के दावे का वैज्ञानिक और तार्किक खंडन है। हिन्दू राष्ट्रवादी लम्बे समय से विवेकानंद, सरदार पटेल आदि जैसे राष्ट्रीय नायकों को अपना जता कर स्वीकार्यता हासिल करने के प्रयास करते रहे हैं। अब, जब कि पश्चिम बंगाल में चुनाव नजदीक हैं, वे स्वाधीनता संग्राम के एक ऐसे शीर्ष नेता पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे हैं जिसकी विचारधारा, हिन्दू राष्ट्रवादियों की विचारधारा के एकदम खिलाफथी। नेताजी एक सच्चे समाजवादी थे और हिन्दू-मुस्लिम एकता के मजबूत पक्षधर थे। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया जब कि हिन्दू राष्ट्रवादियों ने अंग्रेजों का साथ दिया। जिस गांधी को बोस राष्ट्रपिता कहते थे, उस गांधी का हिन्दू राष्ट्रवादियों ने कत्ल किया।

# आज का राशि फल




**मेषः-** बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

**बृषभः-** अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

**मिथुनः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कर्कः-** भौतिक-सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे-संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

**सिंहः-** घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतरमुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

**कन्याः-** भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे-संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

**तुलाः-** दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

**वृश्चिकः-** निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

**धनुः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मकरः-** भावनाओं पर नियंतण्ररख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्रेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कुंभः-** किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**मीनः-** राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

## खबरें एक नजर में

### किशोरी का अपहरण, केस

**प्रतापगढ़।** स्कूल पढ़ने गई किशोरी को आरोपियों ने अपहृत कर लिया। पिता की तहरीर पर जेठवारा पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के बोधराम का पुरवा काछा निवासी उमेश यादव ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीस जनवरी को उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री रोशनी स्कूल मे पढ़ने गई थी। स्कूल मे गांव के रोशन सरोज व सुरजीत सरोज ने उसकी पुत्री का जबरिया अपहरण कर लिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### उड़ाये लाखों के जेवरात, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** अज्ञात बदमाशों ने गृहस्वामी के मकान का ताला तोड़कर लाखों के सोने चांदी के जेवरात तथा कपड़े व कीमती घरेलू सामान पर हाथ फेर दिया। पीड़ित ने बुधवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के मेढ़ावां निवासी बेनीमाधव तिवारी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सत्ताईस जनवरी की रात उसके लड़के शशींद्र तिवारी के मकान का ताला तोड़कर बदमाशों ने महिलाओं के लाखों के सोने चांदी के जेवरात तथा कीमती बर्तन व कपड़े आदि चोरी कर लिया। अट्ठाईस जनवरी की सुबह परिजनों को चोरी की जानकारी हुई तो आवाक रह गये। पीडि़त ने पुलिस को तहरीर देकर घटना के खुलासे की मांग की है। कोतवाल रणजीत सिंह भदौरिया का कहना है तहरीर मिली है, केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### शहीद स्थलों पर मनाया जाएगा चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव

**प्रतापगढ़।** जिले के विभिन्न शहीद स्थलों पर गुरुवार को चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव मनाने की तैयारी जिला प्रशासन की ओर से की गई है। इसके तहत प्रभातफेरी निकाली जाएगी, वंदे मातरम का गायन किया जाएगा और शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव मुख्यालय स्थित सैनिक कल्याण बोर्ड सहित जिले के विभिन्न इलाकों में स्थित शहीद स्थलों पर मनाया जाएगा। इसके लिए डीएम डॉ. नितिन बंसल की ओर से सभी एसडीएम को तहसीलवार नोडल नामित किया गया है। इसके अलावा नगर पालिकाध्नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी व डीपीआरओ को सफाई कराने के साथ महोत्सव की तैयारियों में सहयोग की जिम्मेदारी दी है। बुधवार को सम्बंधित अफसर इसकी तैयारियां पूरी कराने में जुटे रहे। सैनिक कल्याण बोर्ड सहित शहीद स्थलों की रंगाई पुताई करा दी गई है। गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे शहर में प्रभातफेरी निकाली जाएगी जो शहर का भ्रमण करते हुए सैनिक कल्याण बोर्ड पहुंचेगी। वहां 10 बजे वंदे मातरम गायन होगा। इसके बाद शहीदों के परिजन सम्मानित किए जाएंगे। एसडीएम सदर मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि चौरीचौरा शताब्दी महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई है। गुरुवार को निर्धारित समय पर कार्यक्रम सम्पन्न कराए जाएंगे।

### नीलगाय से टकराए युवक को ट्रक ने घसीटा, मौत

**प्रतापगढ़।** प्राइवेट फर्म में नौकरी ज्वाइन करने बाइक से प्रयागराज जा रहा युवक अचानक सड़क पर आई नीलगाय से टकरा गया। सड़क पर गिरते ही वह तेजी से जा रहे ट्रक में फंसकर सड़क पर घिसटा। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे जिला अस्पताल भेजा लेकिन उसकी मौत हो गई थी।नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के पांचों सिद्ध पूरेरायजू निवासी चौहरजा प्रसाद पांडेय के इकलौते बेटे अनुपम उर्फ रघुनाथ (26) को प्रयागराज की एक निजी फर्म में नौकरी मिली थी। वह बुधवार सुबह बाइक से नौकरी ज्वाइन करने जा रहा था। अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर सुबह करीब साढ़े 7 बजे मानधाता इलाके के गजेहड़ा में वह अचानक सामने आई नीलगाय से टकराकर गिर गया। पीछे से प्रयागराज की ओर जा रहा ट्रक आ गया जिसमें फंस कर वह घिसटने लगा। करीब 100 मीटर बाद वह ट्रक से छूटा तो गंभीर रूप से घायल हो गया था। ट्रक की चपेट में आने से नीलगाय के दो टुकड़े हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों की सूचना पर एंबुलेंस से अनुपम को जिला अस्पताल भेजा गया। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।आठ माह का बेटा है रू अंशुमान का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव ले जाया गया तो गांव के लोगों की भी आंखें नम हो गईं। अंशुमान की तीन साल पहले शादी हुई थी। उसका आठ माह का एक बेटा है।

### जमीन के विवाद में वृद्धा को पीटा, हालत गंभीर

**प्रतापगढ़।** जमीन के विवाद में पड़ोसियों ने बुजुर्ग महिला को पीटा। बीचबचाव करने दौड़े बेटे को मारने के लिए दौड़ाया। घायल वृद्धा को सीएचसी से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।कुंडा थाना क्षेत्र के टिकरिया बुजुर्ग की शांति (70) बुधवार सुबह करीब सात बजे अपने घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान जमीन के विवाद में पड़ोस के ही कुछ लोग पहुंचे और गालियां देते हुए उसका बाल पकड़कर घसीटते हुए धक्का दे दिया। जब गिर गई तो लात-घूंसों से जमकर पीटा। वह किसी तरह जान बचाने को घर के भीतर भागी तो घर के भीतर उसे पीटा। बचाने दौड़ उसके बेटे को भी मारने के लिए दौड़ाया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल शांति ने चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। थाना प्रभारी डीपी सिंह का कहना है कि आरोपितों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### आग से गृहस्थी का सामान जलकर हुआ राख

**प्रतापगढ़।** घर में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जल गया। ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। अंतू थाना क्षेत्र के लोहंगपुर निवासी श्याम बिहारी सिंह का लड़का मनोज काम के सिलसिले में बाहर रहता है। घर पर मनोज की पत्नी मीरा तीन बच्चों के साथ रहती है। मंगलवार रात लगभग 9.30 बजे खाना खाकर मीरा बच्चों के साथ घर में लेटी थी। अचानक उसके छप्परनुमा मकान में बांस के चटकने की तेज आवाज हुई। मीरा कुछ समझ पाती इससे पहले ही आग की लपटें उठने लगीं। आग देखते ही मीरा घबरा गई। सोते हुए बच्चों को किसी तरह उठाकर बाहर भागकर जान बचाई। शोर मचाने पर गांववालों ने पहुंच कर सबमर्सिबल पंप के सहारे आग पर काबू पाया। आग बुझने तक छप्परनुमा मकान में रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। बैजलपुर निवासी समाजसेवी मोहित सिंह ने पहुंच कर मीरा को पांच हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी।

## आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह ने फरियादियों की समस्यायें सुनी और बंधाया ढांढस, बोलीं

# धैर्य रखें, सभी की समस्याओं का होगा तत्काल निस्तारण

आयोजन

4 तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

उन्नाव ।



जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, जनमानस को अपनी शिकायतों को लेकर किसी तरह की परेशानी न हो, इस उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा माह के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजन किया जाता है। इस उद्देश्य से आज जनपद उन्नाव की समस्त तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जा रहा है।

आयुक्त लखनऊ रंजन कुमार ने कहा कि समाज के हर कमजोर व्यक्ति की शिकायतों का निस्तारण हो, इस उद्देश्य से तहसील संपूर्ण समाधान दिवस किया जा रहा है। उन्होंने इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिये कि भूमि, मेड़, जोत सम्बन्धी कब्जे आदि की जो शिकायतें आ रही है उनकी पैमाइश करायें। उन्होंने कहा कि जो समस्यायें विवादित है उन्हें मौके पर जाकर पंचायत लगाकर समस्याओं का समाधान करें। इस अवसर पर उपस्थित आईजी रेंज श्रीमती लक्ष्मी सिंह ने फरियादियों के बीच जाकर उनकी समस्यायें सुनी और उन्हें ढ़ाढस बंधाते हुये कहा कि आप सभी के समस्याओं का तत्काल निस्तारण होगा, धैर्य रखें। उन्होंने कोविड-19 के दृष्टिगत सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी से बचने की अभी आवश्यकता है इस हेतु सभी आम जनमानस मास्क लगाकर घर से बाहर निकलें अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, मास्क लगाएं और 2 गज की दूरी का पालन अवश्य करें। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्वक किया जाय। जनपद का प्रत्येक व्यक्ति हमारे लिए महत्वपूर्ण है उसकी समस्या का समाधान करना हमारा दायित्व एवं कर्तव्य है।

इसलिए सभी अधिकारी अपनी कार्य शैली में परिवर्तन लाएं और कार्य को गुणवत्तापूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अगर कोई शिकायत हमारे पास या अगले तहसील दिवस में आती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायतों का वास्तविक निस्तारण करें ताकि शिकायतकर्ता को इस तहसील दिवस का लाभ मिल सके। पंचायत चुनाव आने वाले हैं अगर इसी तरह शिकायतें लंबित रहीं तो आगे कार्य करने में दिक्कत होगी। उन्होंने कहा कि जो भी शिकायतें विकास, राजस्व व राशनकार्ड आदि की आती है उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया जाए।

आज तहसील दिवस में कुल मिलाकर 139 शिकायतें आयी जिसमें से मौके पर 10 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई है उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण करें।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 103 मामलों में से 8 का मौके पर निस्तारण

बांगरमऊ-



**उन्नाव।** तहसील सभागार में आज अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में आज कुल 103 शिकायती पत्र पंजीकृत किए गए। इनमें मात्र 8 शिकायतें का ही मौके पर ही निस्तारण हो सका।

तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर आज सबसे अधिक 41 शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित दर्ज की गई। जबकि पुलिस से संबंधित 20, विकास विभाग 25, समाज कल्याण की एक, स्वास्थ्य विभाग एक, खाद्य एवं रसद 2, कृषि विभाग 3, चकबंदी विभाग 3, आबकारी से संबंधित एक तथा अन्य विभागों की 6 शिकायतें पंजीकृत की गई। परगना फतेहपुर-84 स्थित ग्राम खैरी गुरदासपुर निवासिनी गुड्डीदेवी पुत्री मूलचंद्र ने शिकायत दर्ज कराई कि उसके पिता का देहांत हो चुका है और वह अपने पिता की इकलौती संतान है। खेती के वरासत हेतु सभी औपचारिकताएं पूर्ण हो चुकी हैं। इसके बावजूद संबंधित राजस्वकर्मी अवैध धन वसूली के चक्कर में वरासत दर्ज नहीं कर रहे हैं। एडीएम ने तुरंत संबंधित कानूनगो को वरासत दर्ज करने का निर्देश दिया। गैर निस्तारित शिकायतपत्रों को निस्तारण हेतु अलग-अलग विभागों के प्रतिनिधियों को सौंप दिए गए।

## गणेश जी की स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**बलरामपुर।** रविंद्र गुप्ता कमलापुरी के आवास पर पहुंचे भाजपा के प्रभारी सुधीर हलवासिया जी जिसमें बलरामपुर में प्रथम आगमन पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा के जिला प्रभारी सुधीर हलवासिया जी आगमन भगवतीगंज में रविन्द्र गुप्ता कमलपुरी जिला अध्यक्ष वैश्य समाज,बलरामपुर के आवास पर पहुंचे, जिसमें रविंद्र गुप्ता कमलापुरी युवा समाजसेवी बलरामपुर के द्वारा गणेश जी की स्मृति चिन्ह व बुके देकर स्वागत किया गया,जिसमें स्वागत करते, उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के चेयरमैन प्रमोद चौधरी, भाजपा के कर्मठ संतोष श्रीवास्तव,रवि मिश्रा जिला महामंत्री,श्याम जयसवाल प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख,,राकेश गुप्ता,वरुण सिंह मोनू,संदीप उपाध्याय,दया शंकर साहू,बंटी साहू,गोविंद सिंह,मोहित केसरवानी,जमील अहमद,पंकज गुप्ता, इरफान पठान,राम नारायण सिंह,शादाब खान,जवाहर लाल,नंद कुवर त्रिपाठी अक्षय शुक्ला, इकबाल फहीम,पुनीत कश्यप,एकल विद्यालय की महिला जिला अध्यक्ष आध्या सिंह पिंकी, भाजपा की महिला पूर्व नगर अध्यक्ष श्रीमती झूमा सिंह,ज्योत्सना शुक्ला पिंकी, साधना पांडे,व,वैश्य समाज ,निस्वार्थ फाउंडेशन बलरामपुर,एकल विद्यालय के पदाधिकारी गण,भगवतीगंज व बलरामपुर के व्यापारीगण आदि काफी संख्या में लोगों ने रविंद्र गुप्ता कमलापुरी के आवास पर पहुंचकर सुधीर हलवासिया जी का बहुत ही जोरदार स्वागत किया गया।

## आग से अनाज सहित लाखों की गृहस्थी जलकर राख



**सफीपुर-उन्नाव ।**

कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में अज्ञात कारणों से लगी आग से अनाज, गृह उपयोगी वस्तुओं, कृषि उपकरण समेत लाखों की सम्पत्ति जलकर राख हो गई। अग्निकांड के समय घर पर महिलाएं मौजूद थीं। पड़ोसियों ने अथक परिश्रम कर किसी प्रकार आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने नुकसान का अनुमान लगाते हुए रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है।

सफीपुर कोतवाली अंतर्गत ग्राम बृजपालपुर निवासी अनिल कुमार व राजू पुत्रगण नन्हकू ने बताया कि आज दिन में परिवार के सभी पुरुष खेतों पर काम करने गए थे। घर पर सिर्फ महिलाएं ही थी तभी अचानक किसी प्रकार से आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करते हुए छप्पर सहित घर में रखा अनाज, कपड़े, चारपाई, रजाई तथा खेतों की सिंचाई के लिए रखी गई जीन को अपनी चपेट में लेकर स्वाहा कर दिया। मौके पर मौजूद पड़ोसियों ने अथक परिश्रम कर किसी प्रकार आग पर काबू पाने का प्रयास किया। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई है। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर मुआयना करने पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल संदीप पाल ने लगभग 25 हजार रुपए की हुई क्षति का अनुमान बताया है।

## गरीब, असहाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य और धर्म : राजकुमारी रत्ना सिंह

### नीलम असहाय सेवा संस्थान के तीसरे स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्यातिथि पूर्व सांसद और उनके पुत्र भुवन्यु सिंह हुए शामिल

**प्रतापगढ़।**



लालगंज के चांदीपुर कलाभदारी में नीलम असहाय सेवा संस्थान के आज तीसरे स्थापना दिवस पर भव्य समारोह आयोजित हुआ।बतौर मुख्यातिथि प्रतापगढ़ की पूर्व सांसद और कालाकांकर राजघराने की राजकुमारी रत्ना सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में रामपुरखास में अपने मिलनसार व्यक्तित्व से जनमानस में तेजी से लोकप्रिय हो रहे युवराज भुवन्यु सिंह रहे।कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए राजकुमारी रत्ना सिंह ने कहा ष्गरीब, असहाय की सेवा सबसे बड़ा पुण्य और धर्म हैऔर मेरी संस्था कालाकांकर फाउंडेशन भी ऐसे नेक कार्य में लगे हुए हैं।नीलम असहाय सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरकेश विश्वकर्मा बाबाजी द्वारा संस्थान अपने लक्ष्यों को सफलता पूर्वक प्राप्त करे, मेरी शुभकामनाएं और सहयोग सदैव इनके साथ है।

युवराज भुवन्यु सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि ष्मैं हरकेश विश्वकर्मा बाबाजी द्वारा समाज के ऐसे वर्ग जो पिछड़े ,गरीब और असहाय हैं , उनके मदद के लिए ऐसे संस्थान की स्थापना करने के लिए कोटिशः धन्यवाद देता हूँ।यह संस्थान ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी सेवा का लाभ देकर बुलंदियों को छुए, इसकी शुभकामनाएं देता हूँ।लालगंज से कार्यक्रम स्थल तक सैकड़ों मोटरसाइकिल के काफिले के साथ युवा नेता उदय अमन सिंह के नेतृत्व में स्वागत हुआ।इसके पश्चात संस्थान द्वारा राजकुमारी रत्ना सिंह और युवराज भुवन्यु सिंह के हाथो कम्बल वितरण किया गया। उक्त अवसर पर संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरकेश विश्वकर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीलम विश्वकर्मा , उपाध्यक्ष शानू विश्वकर्मा,महामंत्री श्री कृष्ण विश्वकर्मा,सचिव राजकुमार दुबे, कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा,अजय सिंह,हरकिशन पटेल, वंदना वर्मा अवधेश सिंह,अजय सिंह, रामबरन वर्मा ,सुभाष प्रजापति ,संजय विश्वकर्मा, उदय राज वर्मा,अयोध्या प्रसाद,संगीता वर्मा सहित संस्थान के समस्त पदाधिकारी और क्षेत्रीय जनमानस मौजूद रहे।

### मंडी व ईंट भट्ठों पर वाहनों में लगाया रिफ्लेक्टर

**प्रतापगढ़।** सड़क सुरक्षा माह के तहत बुधवार को पीटीओ दिनेश कुमार शर्मा व यातायात निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाया। सुबह करीब आठ बजे महुली मंडी पहुंचे अफसरों ने परिसर में आने वाले वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने के बाद उनसे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। दोपहर 12 बजे से शहर के आसपास स्थित आधा दर्जन ईंट भट्ठों पर चलने वाले ट्रैक्टर पर रिफ्लेक्टर लगवाकर उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में बताया गया। इस दौरान परिवहन विभाग के सुरेश मिश्र, गुलाब सहित यातायात विभाग के सिपाही मौजूद रहे।

### अनियंत्रित ट्रक पलटा, कई दुकानें क्षतिग्रस्त

प्रतापगढ़। कुंडा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक राहगीर को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे तीन दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। ट्रक पलटने से काफी देर रास्ता भी बाधित रहा।कुंडा थाना क्षेत्र के कुंडा-खनवारी मार्ग पर स्थित बदलावन का पुरवा में बुधवार को दोपहर में एक ट्रक तेज रफ्तार में निकला। राहगीरों को बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने ट्रक को संभालने की कोशिश की तो अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक पलटने से सड़क किनारे रहा हेयर कटिंग सैलून, राशिद के मुर्गा की दुकान और पप्पू पाने वाले की दुकान क्षतिग्रस्त हुई।

## स्वरित चौधरी ने लिया दिव्यांग की बेटी की पढ़ाई का जिम्मा

**सफीपुर-उन्नाव ।**



समाजसेवी स्वरित चौधरी ने क्षेत्र की मौलवीखेड़ा रहीमाबाद के एक दिव्यांग पिता की बेटी की पढ़ाई का खर्च वहन करने की जिम्मेदारी ली है। बारह साल पहले छत से गिरकर लड़की के पिता बुरी तरह से घायल हो गए थे। जिसके बाद आजतक व्हील चेयर के सहारे ही चलते है। बिना किसी की मदद के एक इंच खिसकने तक के मोहताज है। बिटिया पढ़ना चाहती थी। ऐसे में अपाहिज पिता एक डग चलने से भी मययस्सर है। कहानी क्षेत्र के रहीमाबाद के मजरा मौलवी खेड़ा की है। जहां पर अनुदेश शिक्षक के तौर पर पढ़ाने वाले गंगाप्रसाद पुत्र गंगासागर 12 साल पहले छत से नीचे गिर गए जिसके बाद आजतक अपने पैरों पर खड़े नही हो सके और कक्षा आठ में पढ़ने वाली उनकी बेटी ऋषिका पढ़ने की अधूरी आरजू लेकर नन्हे कदमों से शिक्षा की धुंधली तस्वीर बना रही थी। ऐसे में जब बात समाजसेवी स्वरित चौधरी के कानों में पड़ी तो उन्होंने उसकी इंटर तक की पढ़ाई जिम्मा उठा लिया। स्वरित ने बताया पिता की अपंगता बेटी के भविष्य का दाग ना बन जाए जिसके लिए सबकुछ दरकिनार करते हुए महज उसके

## पंचायत चुनाव के जरिये गांव-गांव मजबूत जनाधार तैयार करेगी भाजपा: शंकरलाल

**उन्नाव**



आगामी त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव संभवत माह अप्रैल में होंगे। यद्यपि तारीखों की घोषणा तो चुनाव आयोग करेगा परन्तु पार्टी को और मजबूत करने के लिए भाजपा कई पदों पर पार्टी समर्थित प्रत्याशी लडा गांव-गांव भाजपा एक मजबूत जनाधार तैयार करेगी।

भाजपा के जिला कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव प्रभारी शंकर लाल लोधी ने उक्त जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पंचायती राज व्यवस्था को और मजबूत तथा लोकतांत्रिक भावना को धरातल पर और अधिक साकार बनाने के लिए कई आवश्यक संशोधन करना चाहती थी परन्तु कोरोना महामारी के कारण यह नहीं कर पायी लेकिन पंचायती व्यवस्था को मजबूत करने के लिए त्रिस्तरीय पंचायती व्यवस्था में जरुरी आवश्यक बदलाव होंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतें और पंचायती व्यवस्था लोकतंत्र की आधारशिला है। लिहाजा देश का लोकतंत्र मजबूत हो इसके लिए पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करना जरुरी है और भाजपा इसके लिए कटिबद्ध है एक प्रश्न के उत्तर में श्री लोधी ने बताया कि भाजपा सदस्य जिला पंचायत ब्लाक प्रमुख तथा अध्यक्ष जिला पंचायत पद पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को चुनाव लड़ाएगी। साथ ही चुनाव के प्रति लोगों में जन जागरुकता के लिए गांव स्तर से लेकर मण्डल और विधानसभा, जिला स्तर पर बैठकें कर लोगों को जागरुक करेगी।

## जयंती दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

**प्रतापगढ़।**



बाबागंज क्षेत्र के परमेश्वर प्रसाद मेवालाल डिग्री कालेज ,परमेश्वर प्रसाद इंटर कालेज ,बचपन प्ले कान्वेंट मे बुधवार को जयंती दिवस ,एव वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें बिशिट अतिथि डाः कैलाश नाथ ओझा ,राष्ट्रीय महासचिव जनसत्ता दल लोकतांत्रिक ,बिनोद कुमार सरोज ,बिधायक बिधान सभा बाबागंज ,उमाशंकर यादव ,अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतापगढ़ ,हितेश प्रताप सिंह ,प्रमुख बाबागंज ,एव क्षेत्र के गणमान्य नागरिक ,छात्र ,छात्राओं से विद्यालय परिसर खचाखच भरा रहा ,कालेज के छात्र ,छात्राओं ने आकर्षक ,मनमोहन झाकियों ,नाटकों, नृत्यों ने मनमोहक प्रस्तुति कर बिद्यालय परिसर मे मौजूद समस्त जनो को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया।कार्यक्रम उपरांत डाः कैलाश नाथ ओझा द्वारा क्षेत्र के पत्रकारों को शाल ,डायरी देकर सम्मानित किया गया ।बाबागंज बिधायक विनोद कुमार सरोज ने अपने संबोधन मे क्षेत्र की गणमान्यजन को प्रणाम कर आशिर्वाद लेने के उपरांत बिद्यालय के छात्र ,छात्राओं के नृत्य एव नाट्यम कार्यक्रम की प्रशंसा किए और अपने पार्टी के द्वारा बाबागंज क्षेत्र मे सड़क स्वीकृति की जानकारी दिए ।मुख्य अतिथि डाः कैलाश नाथ ओझा जी विद्यालय के आलौकिक कार्यक्रम की सराहना किए। इस मौके पर प्रधान प्रभाकर सिंह ,बबलू शुक्ला ,कुंवर मोहित सिंह, संतराम सरोज ,राजेश तिवारी ,जयचंद गिरी ,अशोक सरोज, राम सिंह यादव, शकील अहमद, रोहित सिंह, अमित कुमार शुक्ला, अरविंद कुमार पटेल, शिव कुमार पटेल, मोहम्मद इरशाद ,तीरथ लाल पटेल, नूर आलम फारुकी, राम पाल गुप्ता ,मोहम्मद इकबाल अहमद, गुले चंद सरोज, प्रमोद कुमार पटेल, अरुण कुमार सिंह, राजू तिवारी, पारसनाथ सरोज, पवन सिंह, साहब सिंह, परदेसी यादव, रमेश तिवारी, छोटेलाल पटेल, फूलचंद पटेल, लाल जी पटेल, कुंवर आलोक सिंह, पंकज यादव। सौरभ नेता ,राम जोर पांडे, महारानी सरोज ,उमेश सरोज- राजेश सिंह -एवं विद्यालय के प्राचार्य राम अनुज पांडे- अरुण मिश्रा- हीरालाल गुप्ता- सत्येंद्र कुमार- धीरेन तिवारी- शिवसागर कुरील- राजकरण यादव- सतीश पटेल आदि गणमान्य जन उपस्थित रहे

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक तथा मुद्रक विनीता तोमर द्वारा ए.वी.बी. ग्रेफ़ाफिक्स ए-59, तालकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, सी-5/2, सपना इन्कलेव, सेक्टर 18 वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक विनीता तोमर*
RNI.: UPHIN/1999/01690 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे। मो. 9415349400. email- vvtimes.news@gmail.com

# शिक्षक ने पास की लोक सेवा आयोग की परीक्षा

**सफलता**

4 शिक्षक से खंड शिक्षा अधिकारी बने संतोष सिंह

4 संतोष सिंह बलहा के रानीपुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक बने खंड शिक्षा अधिकारी



**बहराइच ।**

मंजिले उन्हें मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है, इन पंक्तियों को चरितार्थ कर शिक्षक से खंड शिक्षा अधिकारी बने संतोष सिंह पर सटीक बैठती है।

विकासखंड बलहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत गायघाट के रानीपुर प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षक संतोष कुमार सिंह ने लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की है,उनका चयन खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर किया गया है। मूलता सुल्तानपुर जनपद के ब्लॉक दुबेपुर ग्राम पंचायत बहरौली निवासी शांति सिंह पत्नी राजबहादुर सिंह के घर में 20 फरवरी 1980 को किसान परिवार में जन्मे संतोष कुमार सिंह का शिक्षा के क्षेत्र में शुरुआती दौर से बहुत ही लगाव था, पिता खेती किसानी करते थे लेकिन अपने बेटे को अफसर बनाने के लिए दिन रात मेहनत करते हुए उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देते रहे, माता-पिता अपनी परवाह न करते हुए बच्चे की पढ़ाई पर अपनी आय को समर्पित करते रहे।

18 नवंबर 2015 को संतोष सिंह को बेसिक शिक्षा परिषद में अध्यापक के रूप में चयन हुआ। संतोष सिंह के चयनित होते ही परिवार में खुशी का माहौल छा गया,उनकी तैनाती जनपद बहराइच के अति पिछड़े क्षेत्र विकासखंड बलहा के ग्राम पंचायत गायघाट के मजरा रानीपुर प्राथमिक विद्यालय में हुई, उन्होंने तन मन से बच्चों की पढ़ाई में लगाया।

संतोष सिंह के साथ में शिक्षा मित्र श्यामू कुमार व सहायक अध्यापक विक्रम सिंह भी रहे। शिक्षामित्र श्यामू कुमार ने उनके साथ 5 वर्ष तक बिताए हुए पलों को याद करते हुए बताया कि संतोष सिंह जैसे योग्य शिक्षक के साथ काम करने और उनका अनुभव सीखने का बहुत ही सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। उनके साथ बिताए हुए पल हमारे जीवन के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए। उनकी मृदुभाषी और सरलता की चर्चा बच्चों सहित उनके अभिभावकों की जुबान से भी सुनने को मिलती है, शिक्षक से खंड शिक्षा अधिकारी बने संतोष सिंह ने बताया कि पिता और माता के विशेष योगदान से मुझे सफलता मिली है।

## बाल संरक्षण समिति की आयोजित हुई बैठक

**बहराइच।** विशेश्वरगंज में मंगलवार को जनपद बहराइच के विकास खण्ड विशेश्वरगंज में खण्ड विकास अधिकारी अमित मिश्रा की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण समिति की बैठक की गई जिसमें समेकित बाल संरक्षण योजना, बाल विवाह, बाल श्रम आदि एवं ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय से जोड़ने हेतु, भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बात की गई साथ ही ग्राम बाल संरक्षण समिति की नियमित बैठक हेतु बात की गई।

उक्त बैठक में ब्लॉक टास्क फोर्स के सदस्य, महिला शक्ति केंद्र की जिला समन्वयक नीलम शुक्ला जिला बाल संरक्षण इकाई के सादिक अली, रेखा तिवारी, आशीष कुमार शर्मा, सतवंत सिंह रामप्रकाश, ग्राम विकास अधिकारी स्वयं सहायता समूह की समूह सखी एवं सुपरवाइजर की उपस्थित रही।

# खेल से हमारे जीवन में आपसी प्रेम व अपनत्व बढ़ता है : धीरेन्द्र बहादुर सिंह




**रायबरेली ।**

सरदार भगत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ पूरे बेचू सरेनी रोड पर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित धीरेंद्र बहादुर सिंह विधायक सरेनी ने आए हुए सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया परिचय प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने बल्लेबाजी करके कार्यक्रम टूर्नामेंट की शुरुआत की मुख्य अतिथि नेंआए हुए खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए का कि खेल से हमारे जीवन में इच्छा शक्ति का विकास होता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह जी रहे। प्रतियोगिता के प्रथम मैच जीआईसी सेमरी की टीम और पूरे बाबा स्पोर्टिंग क्लब पूरे ओरी के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर पूरे बाबा स्पोर्टिंग क्लब ने बैटिंग करने का निर्णय लिया निर्धारित 12 ओवर में पूरे बाबा स्पोर्टिंग क्लब 60 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करते हुए जीआईसी सिमरी के खिलाड़ियों ने मात्र 11 ओवर में ही 60 रन बना लिए और इस तरह जीआईसी सिमरी की टीम को आज का विजेता घोषित किया गया।

उन्होंने 6 विकेट से स्पोर्टिंग क्लब पूरे बाबा पर जीत दर्ज की टूर्नामेंट में आज के मैन ऑफ द मैच हर्ष रहे। खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन अतिथि के रुप में पधारे राजेश सिंह फौजी द्वारा किया गया आए हुए अतिथियों का स्वागत रोहित चौहान द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन नीशू भदोरिया द्वारा किया गया।

# प्रधान प्रतिनिधि के खिलाफ दर्ज हुआ भ्रष्टाचार का मुकदमा

**बहराइच ।**

मिहींपुरवा तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा सेमरी मलमला के पूर्व ग्राम प्रधान मंगल प्रसाद ने अपने सगे भतीजे आशीष कुमार वर्मा को अपना प्रतिनिधि बनाते हुए ग्राम सभा के विभिन्न विकास कार्यों के कार्यभार संभालने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

प्रधान के स्थान पर उक्त आशीष द्वारा ब्लॉक की समस्त मीटिंग और प्रधानी का कार्य संपन्न करवाया जाता रहा। विभिन्न सरकारी कार्य योजनाओ में इसका सीधा दखल था। इसी क्रम में भारत सरकार की आवास योजना के अंतर्गत आये हुए आवासों की सूची में प्रत्येक लाभार्थियों के जरूरी कागजी दस्तावेजों को अपने पास रख लेता था और नगद पैसा न देकर ऊँचे दामों पर स्वयं मटेरियल देता था। जो लाभार्थी आशीष कुमार से मटेरियल नहीं लेता था।

उस लाभार्थी का आवास लिस्ट में होने के बावजूद काट देने की धमकी भी देता था। पीड़ित लाभार्थियों ने अपने लिखित बयान में लिखित शिकायती पत्र के माध्यम से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है। जिसको संज्ञान में लेते हुए उच्चाधिकारियों ने ग्राम पंचायत अधिकारी जितेंद्र कुमार वर्मा को तत्काल आशीष वर्मा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना दर्ज कराने का आदेश दिया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी जितेन्द्र कुमार वर्मा ने दो दिन पहले कोतवाली मूर्तिहा में प्रार्थना पत्र दिया था।

उक्त प्रकरण के संबंध में पूछे जाने पर मूर्तिहा कोतवाल सुबोध कुमार ने बताया कि प्रधान प्रतिनिधि आशीष कुमार पुत्र शंभू के खिलाफ 1 फरवरी 2021 को धारा 406, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# एसडीएम ने क्षेत्र के कोटेदारों के साथ की बैठक

**रायबरेली ।**



उपजिलाधिकारी डलमऊ ने आज तहसील क्षेत्र के समस्त कोटेदारों के साथ बैठक कर सभी कोटेदारों को सत्य निर्देश देते हुए समय पर तूफान और राशन का वितरण करने के निर्देश दिए।

डलमऊ क्षेत्र के नवनियुक्त जिला अधिकारी जीत लाल सैनी ने डलमऊ तहसील क्षेत्र के समस्त कोटेदारों के साथ एक बैठक की बैठक में उप जिलाधिकारी ने कोटेदारों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समय पर राशन का उठान एवं वितरण किया जाए स्टॉक रजिस्टर को मेंटेन रखा जाए व स्टॉक बोर्ड लगाया जाए यदि किसी कोटेदार के खिलाफ शिकायत आती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी सप्लाई स्पेक्टर नायब तहसीलदार तहसील क्षेत्र के समस्त कोटेदार व अन्य तहसील कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील निघासन के सभागार में आयोजित हुआ। जिला अधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्होनें फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होनें कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होनें कहा कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 99 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये गये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 41, पुलिस 25, विकास 21, विद्युत व आपूति 03-03, लोक निर्माण व भारत संचार-02-02, वन व दिव्यांग 01-01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस मौके पर सीडीओ अरविंद सिंह, पीडी राम कृपाल चौधरी, डीपीआरओ सौम्य सील, चकबंदी ओपी अंजोर, एसडीएम ओपी गुप्ता, तहसीलदार धर्मेंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बैंक शाखा प्रबंधक पर लगा धोखाधड़ी का आरोप

**लखीमपुर खीरी।** सदर तहसील लखीमपुर क्षेत्र के ग्राम आदम पुर थाना फरधानकी निवासिनी राम देवी पत्नी छत्रपाल ने जिलाअधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह विश्वास प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा है,गत दो माह तक समूह का संचालन किया है,दो माह बाद समूह की तीन अन्य सदस्यों ने बैंक शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से समूह से प्रार्थिनी का नाम ही हटवा दिया। पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी से धोखाधड़ी की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

### कोहरे में दुर्घटना से बचाव के लिए वाहनों पर चिपकाया गया रेडियम

**ओयल खीरी।** नगर क्षेत्र में सक्रिय कार्य कर रही सौ नंबर पुलिस वैन के नायक संतोष तिवारी की अगुवाई में सहकर्मियों के द्वारा नगर क्षेत्र में कोहरे में दुर्घटना से बचाव को ध्यान में रखते हुए सड़क पर निकलने वाले वाहनों पर रेडियम की पट्टी चिपकाकर जागरूक करने का काम किया जा रहा है संतोष तिवारी ने भेंट वार्ता में बताया कि घने कोहरे में भी वाहनों का आना-जाना नगर क्षेत्र में बना रहता है घने कोहरे के कारण वाहनों का सड़क पर चलना दुर्घटना की आशंकाओं से घिरा रहता है कोहरे में निकलने वाले वाहनों की आवाज तो सुनाई देती थी लेकिन उनकी लोकेशन को समझ पाना मुश्किल हो जाता था या सोच सोच दिमाग में आते हुए इसकी वैकल्पिक व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मियों के द्वारा वाहनों पर रेडियम चिपका कर वाहन चालक व यात्रियों को जागरूक करने का काम किया गया पुलिस के द्वारा किया गया या जन सेवी कार्य लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### वेटलैंड वर्ड फेस्टिवल दिवस का आयोजन

**सिंगाही, खीरी।** मुख्य वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाइगर रिजर्व संजय पाठक, उपनिदेशक दुधवा टाइगर रिजर्व बफर जोन डॉ अनिल पटेल और बेलरायें रेंज के रेंजर विमलेश कुमार की उपस्थिति में अन्तर्वेद पर वेटलैंड वर्ड फेस्टिवल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे वन दरोगा सतीश कुमार , हरीलाल, बिक्रम सिंह, वन रक्षक जगमोहन मिश्रा, राम शंकर पांडेय, चन्द्र शेखर मिश्रा, नसीम अहमद सहित उत्तर रेंज निघासन का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### संदेश कैलेन्डर सौंपे गये

**लखीमपुर खीरी।** दिनांक 2 फरवरी मंगलवार को कैंप कार्यालय भारत भूषण कॉलोनी गोला पर समस्त आगंतुकों को कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती प्रियंका के द्वारा भेजे गए 2021 नव वर्ष के संदेश कैलेंडर सौंप कर उनसे सब से अनुरोध किया कि कांग्रेस पार्टी के हाथों को मजबूत करें तदुपरांत ब्लॉक बांकेगंज की न्याय पंचायत वजीर नगर में पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष हरिबंस मोरिया के आवास पर पहुंचकर उनके साथ में आधा दर्जन आगंतुकों को वरिष्ठ कांग्रेश जनों को संदेश कैलेंडर सौंपे गए शेष 5 ग्राम सभाओं के लगभग ढाई दर्जन कैलेंडर हरबंस मौर्या के द्वारा न्याय पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से वितरण कराने के लिए जिम्मेदारी सौंपी कैलेंडर प्राप्त करने वालों में दीनदयाल बर्मा रविंद्र कुमार पटेल, छैल बिहारी, शिवसागर लाल वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा, अर्कवंशी शिव भगवान रघुनायक, छोटेलाल भार्गव, ठाकुर राजेश सिंह प्रेम सिंह भार्गव, वजीर नगर न्याय पंचायत में विनोद कुमार वर्मा, राम रतन मौर्य ,श्रीमती राम देवी पटेल, इमरान खान, टीटू वर्मा, कमलेश कुमार पटेल, हरिबंस कुमार मौर्य, किरण पटेल आदि जनों को नव वर्ष के संदेश कैलेंडर सौंपे गए।

### ओम साईं इंटर कॉलेज में लगी यातायात पाठशाला

**लखीमपुर खीरी।** जिले में लीलाकुआं स्थित ओम साई इन्टर कालेज में एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने विद्यालय के सभी शिक्षार्थियों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। सड़क से सम्बन्धित नियमों, संकेतकों के बारे में बताया। जिससे वह अपने परिवार के लोगों को सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक कर सकें। शिक्षार्थियों को दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को किस प्रकार से प्राथमिक सहायता दी जाये। जिससे कि उसका जीवन बचाया जा सके। कार्यक्रम का समापन एआरटीओ (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने सभी छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। तथा उनसे यह वचन भी लिया ।

# बैसवारा जनपद अभियान पहुँचा गांव-गांव, मिला भारी समर्थन



**रायबरेली ।**

बैसवारा जनपद बनाओ अभियान की गूंज गांव-गांव तक पहुंचने लगी है। सरेनी ब्लाक के राउतपुर ग्राम में पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह व अभियान के सहयोगियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अयोध्या में भव्य निर्माण के लिये एक लाख ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रूपये की धनराशि का चेक पूर्व विधायक को सौंपा गया

आयोजन में पूर्व विधायक सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने बैसवारा की महत्ता और जनपद बनाये जाने की अनिवार्यता पर प्रकाश डालते हुये कहा कि बैसवारा की संस्कृति भारत की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। इसका इतिहास हजारों वर्ष का है। यही नही भारत सहित विश्व की अन्य प्राचीन संस्कृतियों के समान बैसवारा संस्कृति का अपना विशिष्ट स्थान और आकर्षक पहचान है। उन्होने कहाकि आध्यात्म, संस्कृति शौर्य और साहित्य की इस धरती को पहचान प्रदान करने के लिये बैसवारा जनपद का गठन जरूरी है। इस मौके पर न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक शशिकान्त शर्मा, डा. महादेव सिंह, बृजेन्द्र बहादुर सिंह एडवोकेट, बीरेन्द्र शुक्ल, जय प्रताप सिंह, रामविलास सिंह, सूर्यबक्श सिंह, इन्द्र बहादुर सिंह, सन्तोष सिंह यादव, वीर बहादुर सिंह, दिनेश सिंह, कामता सिंह, तेजभान सिंह, अखिलानन्द सिंह, अतुल सिंह, आशीष सिंह, मनोज सिंह, लालजी सिंह, राजपाल सिंह, अरूण सिंह, गौरव सिंह व जिला योजना समिति के सदस्य राघवेन्द्र सूर्यवंशी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कार और ट्रक की जोरदार टक्कर कार सवार तीन लोगों की हुई मौत



**रायबरेली ।**

लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर अरखा गांव के निकट कोल्ड स्टोरेज के पास तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। जिसके कारण कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। जानकारी के कार सवार सोमवार की मध्य रात प्रयागराज की ओर से लखनऊ जा रहे थे। तभी अरखा कोल्ड स्टोरेज के पास सड़क पार कर रहे बेसहारा पशु को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर बगल से निकल रहे ट्रक में जा घुस गयी।

जिसके कारण आर्टिका कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आर्टिका कार का गेट तोड़कर सभी घायलों को बाहर निकाला और इलाज के लिए सीएचसी ऊंचाहार ले गई। जहां डॉक्टरों ने तीनों घायलों को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# कतर्नियाघाट क्षेत्र में मनाया गया आर्द्र भूमि दिवस

**बहराइच ।**

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज एंव धर्मापुर रेंज समेत कई रेंज में वन कर्मियों ने विद्यालय के बच्चों के साथ आर्द्रभूमि दिवस मनाया। इस मौके पर सुजौली रेंज के वन्य क्षेत्राधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव ने विद्यालय के छात्रो को आद्र दिवस के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आर्द्रभूमि दिवस सबसे पहले ईरान के रामसर शहर में 2 फरवरी सन 1971 में वर्ल्ड वेटलैंड डे के अवसर पर सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसके तहत जितने भी पृथ्वी पर आद्र भूमिया, नम भूमिया उन को संरक्षित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है और लोगों को जागरुक किया जाता है। डिप्टी रेंजर रमेश यादव ने बच्चों को जंगल में जंगली जानवर पशु के बारे में जानकारी दी तथा बीमार होने पर जानवरों को डाइक्लोफिन दवा न देने के लिए कहा। वन विभाग की ओर से छात्रों को बर्डवाचिंग भी कराया गया। बच्चों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण लिखित एंव क्विज़ प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। डॉ राममनोहर लोहिया बभनिया फाटा विद्यालय में वन विभाग की ओर से आयोजित क्विज प्रतियोगिता मे अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रो को वन विभाग की ओर से पुरस्कृत भी किया गया।

इस मौके पर डिप्टी रेंजर रमेश यादव, वन दरोगा मनोज श्रीवास्तव, अंगद प्रसाद यादव, राम दुलारे, एसटीपीएफ के आरक्षी विजयपाल, सूरज शुक्ल, बफई विद्यालय के अध्यापक अरुण सिंह, शिशिर वर्मा, राम सुमिरन व महाराजसिंह नगर के प्रधान राम नगीना , आकाश पांडेय के साथ-साथ काफी स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# गिफ्ट पाकर किशोरों के खिल उठे चेहरे

**कार्यक्रम**

4 स्वास्थ्य महकमे ने 1320 पियर एजुकेटरों को वितरित किया छाता, घड़ी व बैग

**बहराइच ।**



किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व भावनात्मक बदलाव के प्रति किशोरों को जागरूक करने में पियर एजुकेटर साथिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में स्वास्थ्य महकमे ने राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आरकेएसके के तहत जनपद के 1320 पियर एजुकेटरों को छाता, घड़ी व बैग देकर उन्हे सम्मानित किया।

गौरतलब है किशोरावस्था 10 से 19 आयु वर्ग की ऐसी उम्र होती है जहां भविष्य की नींव पड़ती है और बच्चों का समुचित विकास होता है । ऐसे में उन्हे सही शिक्षा, बेहतर पोषण व उचित सलाह मिले तो वह अधिक तेजी से विकास कर अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकते हैं। इन्ही उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए जनपद में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है । इसके तहत पियर एजुकेटर के माध्यम से किशोरावस्था में होने वाले बदलाव के प्रति किशोरों को जागरूक किया जाता है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ योगिता जैन ने बताया कि जनपद में 1320 पियर एजुकेटरों का गठन कर प्रशिक्षित किया जा चुका है । प्रशिक्षित पियर एजुकेटर अपने हम उम्र किशोर- किशोरी साथियों को उनके स्वास्थ्य व विकास के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को समझाने में मदद करते हैं। उन्होने बताया राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी पियर एजुकेटर को उपहार स्वरूप छाता, घड़ी व बैग भेंट किया गया है।

### क्या होते हैं पियर एजुकेटर

कार्यक्रम के जिला समन्वयक राकेश कुमार गुप्ता ने बताया राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर पीयर एजुकेटर के लिए 15 से 19 आयु वर्ग के दो किशोर व दो किशोरी का चयन किया गया है। इसमें एक स्कूल जाने वाले और एक स्कूल न जाने वाले किशोर-किशोरी का पीयर बनाया गया है। यह हमउम्र के साथियों को यौन व प्रजनन स्वास्थ्य के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली, हिंसा मुक्त जीवन, बेहतर पोषण स्तर व नशावृत्ति की रोकथाम व उनके मन की उलझन को सुलझाने में किशोरों की मदद करते हैं।

# प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पन्न हुआ नई रोशनी के तहत प्रशिक्षण

**बाराबंकी ।**




अल्पसंख्यक कार्य मंन्त्रालय भारत सरकार की नई रोशनी योजना के तहत बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा शहर के कटरा बारादरी वार्ड में सभासद अजय जायसवाल के भवन में अल्पसंख्यक महिलाओं में नेतृत्व विकास का सातवें बैच का छः दिवसीय प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण के साथ सम्पन्न हो गया।

प्रशिक्षण समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विशेष किशोर पुलिस इकाई की प्रभारी समानाज सिद्दीकी, संस्थान के अध्यक्ष व चाइल्ड लाइन के निदेशक रत्नेश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर एसजेपीयू प्रभारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को जब अवसर मिलता है तो वह सिद्ध कर देती हैं कि बुद्धिमानी और योग्यता में किसी से कम नही है। समानाज ने महिलाओं को प्रेरित किया कहा कि जब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगीं अपनी सुरक्षा और आत्म निर्भरता के लिए आगे आयेंगी तभी उनमें नेतृत्व का विकास होगा। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा साइबर ठगी महिलाओं के साथ होती है मोबाइल और फेसबुक के द्वारा उनके साथ साइबर क्राइम होता है इसके लिये महिलाओं को सतर्क रहना होगा।

रत्नेश कुमार ने महिलाओं को बताया कि अपने घर परिवार के साथ समुदाय की स्वच्छता और तरक्की से अपनी तरक्की होती है इसलिए जो जानकारी आपको इस प्रशिक्षण में मिली है उसे समुदाय में बांटनी चाहिए। रत्नेश कुमार ने रासायनिक उर्वरक व कीट नाशक के प्रयोग से उत्पादित फल एवं सब्जियों से होने वाले नुकशान के बारे में बताया और घरों में पोषण वाटिका तैयार करने की जानकारी दी। इसी के साथ रत्नेश कुमार ने बताया कि माता-पिता के उचित मार्ग दर्शन और मित्रवत व्यवहार न होने से किशोरा अवस्था में बालक एवं बालिकाएं अक्सर बहकावें में आकर अपना कैरियर बरबाद कर लेते हैं

# बीओआई स्टार आरसेटी का प्रशिक्षण संपन्न

**बाराबंकी ।**

बीओआई स्टार आरसेटी बाराबंकी के निदेशक विवेक कुमार ने कहा कि बैंक मित्र वनजीपीवन बीसी सखी के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग वहीं से लेनदेन कर पाएंगे इसके फलस्वरूप ग्रामीण महिलाओं को रोजगार प्राप्त होगा एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा को नए आयाम मिलेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों मैं बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने एवं महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु बी सी सखी योजना के अंतर्गत 83 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। निदेशक विवेक कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए सम्बोधित किया कि महिलाओं को जब अवसर मिलता है तो वह सिद्ध कर देती हैं कि बुद्धिमानी और योग्यता में महिलाएं किसी से कम नही हैं। दिनेश कुमार पाण्डेय ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि जब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगीं तो वह अपनी सुरक्षा और आत्म निर्भरता के लिए आगे आयेंगी

# अगर चेन्नई में खेला तो यह फिर से पदार्पण करने जैसा होगा: कुलदीप



चेन्नई

लंबे समय से टेस्ट टीम से बाहर रहे भारत के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव का कहना है कि अगर वह इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में पांच फरवरी से होने वाले पहले टेस्ट मुकाबले में खेले तो उनके लिए यह एक बार फिर से पदार्पण करने जैसा होगा।

कुलदीप लंबे समय से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हैं। उन्हें हाल ही में संपन्न हुए भारत और ऑस्ट्रेलिया टेस्ट सीरीज के लिए टीम में लिया गया था लेकिन एक भी मुकाबले में वह अंतिम एकादश में शामिल नहीं रहे थे। कुलदीप ने आखिरी बार 2018-19 के ऑस्ट्रेलियाई दौरे में टेस्ट मैच खेला था। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच फरवरी से चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाना है और कुलदीप का कहना है कि वह टेस्ट टीम में वापसी के लिए तैयार हैं और अगर वह इस मुकाबले में खेलते हैं उनके लिए यह एक बार फिर से पदार्पण करने जैसा होगा। कुलदीप ने कहा, ''करीब दो वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मैं टेस्ट मैच खेला तो यह दोबारा पदार्पण करने जैसा होगा। मैं टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करना चाहता हूं और हमेशा की तरह 100 फीसदी देना चाहता हूं। पदार्पण करने में अजीब सी बैचेनी होती है और अभी मैं वैसा ही महसूस कर रहा हूं। ऐसे मौके पर दबाव भी होता है।'' उन्होंने कहा, ''सभी लोग आपको देखते हैं और आपसे काफी उम्मीदें होती हैं। जब टीम बेहतर कर रही हो तो आप भी उसमें अपना योगदान देना चाहते हैं। लेकिन जब आप टीम में नहीं होते हैं तो आपको लगता है कि मुझे खेलना चाहिए था। हालांकि टीम संयोजन को देखते हुए खिलाड़ी को समझना पड़ता है कि उन्हें क्यों बाहर रखा गया है।''चाइनामैन गेंदबाज ने कहा, ''यह बहुत जरुरी है कि कप्तान आपकी मेहनत को किस तरह देख रहा है। अजिंक्या रहाणे और टीम प्रबंधन के लिए भी ऑस्ट्रेलिया दौरे में मुझे अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने का फैसला कठिन रहा होगा। लेकिन मेरी प्रक्रिया और काम में कोई बदलाव नहीं आया। रहाणे ने मेरे लिए जो शब्द कहे उससे मुझे काफी खुशी हुई क्योंकि जब आप अंतिम एकादश में शामिल नहीं होता और ऐसे में अगर कप्तान आपका समर्थन कर रहा है तो इससे काफी प्रेरणा मिलती है।''

कुलदीप ने कहा, ''रहाणे और टीम प्रबंधन ने मेरे साथ पूरा सहयोग किया और मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं अंतिम एकादश से बाहर हूं। सहायक स्टाफ, कोच रवि शास्त्री और कप्तान सभी मुझ पर करीबी नजर रखते थे। जब आप नहीं खेल रहे होते हैं तो टीम प्रबंधन के लिए उस खिलाड़ी पर ध्यान केंद्रित करना आसान नहीं होता लेकिन उन्होंने ऐसा किया।''उन्होंने कहा, ''जब कोई खिलाड़ी टेस्ट पदार्पण के पहले दिन पहला विकेट लेता तो यह एक अलग तरीके का अनुभव होता है। इस दौरान कई भावनाएं सामने आती है। मेरा सफर भी उस दिन शुरु हुआ और तब से मेरा टीम के कप्तान और कोचों के साथ बेहतर तालमेल रहा है जो मेरे लिए काफी अच्छा है।''

कुलदीप ने कहा, ''मैंने अपने पिता से एक चीज सीखी है कि जो चीज आपके नियंत्रण में नहीं हो उसके बारे में ज्यादा सोचना नहीं चाहिए। मेरे पिता ने कहा था कि जाहिर है तुम्हें नहीं खेल पाने का अफसोस होगा लेकिन जब तुम्हें मौका मिले तो अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करो। यह तुम्हारे नियंत्रण में है। हालांकि इसमें कोई शक नहीं है कि यह मेरे लिए काफी कठिन था लेकिन जब टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-1 से जीत मिली तो मुझे बाहर बैठने में कोई दिक्कत नहीं हुई। मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि मैं उस टीम का सदस्य रहा जिसने ऑस्ट्रेलिया में लगातार दो टेस्ट सीरीज जीती।''उन्होंने कहा, ''जब कोई खिलाड़ी लगातार क्रिकेट खेलता है तो उसका आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाता है। अगर मैं इंग्लैंड के खिलाफ पहला मुकाबला खेला तो मैं अगले मैच के लिए अच्छी स्थिति में रहूंगा। मानसिक तौर पर मुझे ज्यादा दबाव में नहीं रहना है। मैं ऐसा करता हूं तो मेरा आत्मविश्वास अपने आप बढ़ जाएगा।'' कुलदीप ने कहा, ''इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ काफी अच्छी क्रिकेट खेला। जिस तरह उनके बल्लेबाजों ने स्पिन आक्रमण के खिलाफ खेला उसे देखते हुए लगता कि उसके बल्लेबाज अच्छी लय में हैं। इतने लंबे समय के बाद टेस्ट खेलने से मेरे लिए अपनी रणनीति को अमल करना थोड़ा चुनौतीपूर्ण होगा। लेकिन मैंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को वनडे क्रिकेट तथा श्रीलंका में खेलते हुए देखा है तो मेरे पास उनके लिए अच्छी रणनीति है। मैं उम्मीद करता हूं अपनी रणनीति को अच्छे से अमल कर सकूंगा।''

## लगातार सातवें दिन स्थिर रहे पेट्रोल-डीजल के दाम




नई दिल्ली ।

पेट्रोल और डीजल के दाम बुधवार को लगातार सातवें दिन स्थिर रहे।

घरेलू बाजार में सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल आज 86.30 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में भी इसकी कीमत क्रमशः 92.86 रुपये, 87.69 रुपये और 88.82 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रही। डीजल की कीमत दिल्ली में 76.48 रुपये प्रति लीटर पर टिकी रही जो 30 जुलाई 2020 के बाद का रिकॉर्ड स्तर है। इसकी कीमत मुंबई में 83.30 रुपये, चेन्नई में 81.71 रुपये और कोलकाता में 80.08 रुपये प्रति लीटर पर रही।

देश में पेट्रोल की कीमतें इस समय रिकॉर्ड स्तर पर हैं। दिल्ली को छोड़कर अन्य शहरों में डीजल के दाम भी ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर हैं।

## भारत में पदार्पण करने वाले जो रुट भारत में खेलेंगे 100वां टेस्ट

चेन्नई,

इंग्लैंड के कप्तान जोसफ एडवर्ड रुट ने भारत की जमीन पर अपना पदार्पण टेस्ट खेला था और अब भारत में ही वह अपना 100वां टेस्ट खेलने जा रहे हैं।

30 वर्षीय जो रुट ने 13 दिसंबर 2012 को नागपुर में भारत के खिलाफ अपना टेस्ट पदार्पण किया था। मौजूदा समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार रुट अबतक 99 टेस्ट मैचों में 49.39 के औसत से 8249 रन बना चुके हैं जिनमें 19 शतक और 49 अर्धशतक शामिल हैं।

चेन्नई में भारत के खिलाफ पांच फरवरी से होने वाला पहला टेस्ट मैच रुट का 100वां टेस्ट होगा और यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह इंग्लैंड के 15वें खिलाड़ी बन जाएंगे। इंग्लैंड की तरफ से 100 से ज्यादा टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ियों में




एलेस्टेयर कुक (161), जेम्स एंडरसन (157), स्टुअर्ट ब्रॉड (144), एलेक स्टीवर्ट (133), इयान बेल (118), ग्राहम गूच (118), डेविड गॉवर (117), माइक आर्थटन (115), कॉलिन काउड्रे (114), ज्योफ्री बॉयकाट (108), केविन पीटरसन (104), इयान बॉथम (102), एंड्रयू स्ट्रॉस (100) और ग्राहम थोर्प (100) शामिल हैं।

रुट इंग्लैंड की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में चौथे नंबर पर हैं। उनसे आगे कुक (12472), गूच (8900) और स्टीवर्ट (8463) हैं।

भारत दौरे पर आने से पहले रुट ने श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्टों में 228 और 186 रन की शानदार पारियां खेली थी और वह मैन ऑफ द सीरीज रहे थे। रुट भारत में अपने 100वें टेस्ट को एक और शानदार प्रदर्शन से यादगार बनाना चाहेंगे।

## सोना 757 रुपये सस्ता, चाँदी में जबरदस्त गिरावट



**मुंबई ।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में दोनों कीमती धातुओं में रही खासी कमजोरी और घरेलू स्तर पर सरकार द्वारा इनके आयात शुल्क में कमी किए जाने से मंगलवार को घरेलू वायदा बाजार में सोना 1.55 फीसदी सस्ता हुआ जबकि चाँदी की कीमत में भी करीब पाँच प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। एमसीएक्स वायदा बाजार में आज सोना 757 रुपये यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 47,963 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया। सोना मिनी भी 591 रुपये घटकर 47,833 रुपये प्रति 10 ग्राम बोला गया। चाँदी में 3,451 रुपये यानी 4.68 प्रतिशत की जबरदस्त गिरावट के साथ 70,215 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिकी। चाँदी मिनी 3388 रुपये सस्ती हुई और 70,183 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना हाजिर 21.16 डॉलर घटकर 1,839.00 डॉलर प्रति औंस पर पहुँच गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 19.60 डॉलर की गिरावट के साथ 1,841.20 डॉलर प्रति औंस बोला गया। चाँदी हाजिर 1.61 डॉलर की गिरावट के साथ 27.37 डॉलर प्रति औंस के भाव बिकी।

## दूसरे टेस्ट में 50 फीसदी दर्शकों को प्रवेश की मंजूरी

चेन्नइ।

भारत और इंग्लैंड के बीच चेन्नई में खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट में 50 फीसदी दर्शकों को शामिल होने की मंजूरी मिल गयी है। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज होनी है जिसका पहला मुकाबला पांच फरवरी से चेन्नई और दूसरा मुकाबला 13 फरवरी से चेन्नई में ही खेला जाना है। पहले टेस्ट मैच में हालांकि दर्शकों को शामिल करने की इजाजत नहीं दी गयी है जबकि दूसरे मैच में 50 फीसदी दर्शकों को मैदान के अंदर मैच देखने की अनुमति मिल गयी है। तमिलनाडु क्रिकेट संघ ने बयान जारी कर बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच से नौ फरवरी तक खेले जाना वाला पहला टेस्ट मुकाबला कोरोना महामारी के कारण एहतियातन दर्शकों के बिना खेला जाएगा। लेकिन सरकार के स्टेडियम में 50 फीसदी दर्शकों को शामिल करने की मंजूरी देने के बाद तमिलनाडु क्रिकेट संघ 13 से 17 फरवरी तक होने वाले दूसरे टेस्ट मुकाबले में 50 फीसदी दर्शकों को शामिल करने की इजाजत देता है। दूसरे टेस्ट मुकाबले में दर्शकों को शामिल करने पर बीसीसीआई चर्चा कर रहा था और इसकी संभावनाएं तलाश रहा था। बीसीसीआई ने तमिलनाडु क्रिकेट संघ को दर्शकों के प्रवेश के लिए अनुमति दे दी थी। लेकिन यह अनुमति 50 प्रतिशत दर्शकों के लिए ही थी। तमिलनाडु क्रिकेट संघ को इसके लिए राज्य सरकार से मंजूरी की जरूरत थी और सरकार से मंजूरी मिलने के बाद राज्य संघ ने 50 फीसदी दर्शकों को शामिल करने की मंजूरी दे दी है। स्टेडियम के आई, जे और के स्टैंड दर्शकों के लिए खोले जा सकते हैं। गौरतलब है कि इंग्लैंड के साथ होने वाली सीरीज कोरोना महामारी के बाद भारत में होने वाली पहली अंतरराष्ट्रीय सीरीज है।

## चुनाव से एक दिन पहले मैरीकॉम ने किया अजय सिंह का समर्थन

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्क्बाजी संघ (बीएफआई) के बुधवार को होने वाले बहुप्रतिक्षित चुनाव से एक दिन पहले छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम ने बीएफआई के मौजूदा अध्यक्ष अजय सिंह की सराहना करते हुए कहा है कि अजय ने भारतीय मुक्केबाजी के लिए काफी शानदार काम किया है और उन्हें बीएफआई के अध्यक्ष पद पर बने रहना चाहिए। मैरीकॉम इस साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक को देखते हुए हाल ही में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हुई थीं और उन्होंने ट्रेनिंग शुरु की थी। मैरीकॉम ने हाल के वर्षों में वैश्विक स्तर पर भारत के प्रदर्शन का श्रेय बीएफआई के अध्यक्ष अजय को दिया। मैरीकॉम ने कहा, ''अजय ऐसे हैं जो हमेशा सभी खिलाड़ियों की जरुरतों के साथ खड़े रहते हैं। मेरे मुक्केबाजी के लंबे कार्यकाल में वह एकमात्र प्रशासक हैं जो बेहतर इंसान हैं और हमेशा भारतीय मुक्केबाजी और मुक्केबाजों की भलाई के लिए सोचते हैं।

## इस्लाम का अर्धशतक, बंगलादेश के 5/242

चट्टोग्राम

सलामी बल्लेबाज शदमान इस्लाम (59) के अर्धशतक से बंगलादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को पांच विकेट पर 242 रन बनाए। वेस्टइंडीज की तरफ से लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 58 रन देकर तीन विकेट झटके।

बंगलादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इस्लाम के 154 गेंदों में छह चौकों की मदद से 59 रन बनाए और बंगलादेश टीम को अच्छी स्थिति पर पहुंचाया। स्टंप्स तक ऑलराउंडर शाकिब अल हसन 92 गेंदों में चार चौकों की मदद से 39 रन और विकेटकीपर बल्लेबाज लिट्टन दास 58 गेंदों में छह चौकों की मदद



से 34 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए बंगलादेश की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और सलामी बल्लेबाज तमिम इकबाल केमार रोच की गेंद पर बोल्ड होकर पवेलियन लौट गए। इकबाल ने 15 गेंदों में दो चौकों के सहारे नौ रन बनाए। पहला झटका लगने के बाद इस्लाम ने नजमुल हुसैन शांतो के साथ पारी को आगे बढ़ाया और दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी और बड़ी होती उससे पहले नजमुल रन आउट हो गए। उन्होंने 58 गेंदों में तीन चौकों के सहारे 25 रन बनाए। नजमुल के आउट होने के बाद कप्तान मोमिनुल हक क्रीज पर उतरे और उन्होंने इस्लाम का बखूबी साथ दिया। दोनों बल्लेबाजों ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए तीसरे विकेट के लिए 53 रन जोड़ डाले। लेकिन जोमेल वारिकैन ने जॉन कैंपबेल के हाथों कैच कराकर मोमिनुल को आउट कर दिया। मोमिनुल ने 97 गेंदों में दो चौकों के सहारे 26 रन बनाए।

इस्लाम लगातार अपनी शानदार पारी जारी रखे रहे और उन्होंने अपने टेस्ट करियर का दूसरा शतक पूरा किया। हालांकि इसके बाद वह ज्यादा देर अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके और वारिकैन की गेंद पर पगबाधा आउट होकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद मुशफिकुर रहीम ने लंबे समय बाद वापसी कर रहे शाकिब के साथ बंगलादेश की पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 59 रन जोड़े। हालांकि वारिकैन ने एक बार फिर अपनी फिरकी के जादू से रहीम को आउट कर बंगलादेश को पांचवां झटका दिया। रहीम ने 69 गेंदों में छह चौकों की मदद से 38 रन बनाए।

शाकिब और लिट्टन पर दूसरे दिन बंगलादेश को मजबूत स्कोर पर ले जाने की जिम्मेदारी रहेगी जबकि विंडीज के गेंदबाज जल्द से जल्द मेजबान टीम की पारी को समेटना चाहेंगे। विंडीज की ओर से वारिकैन ने 24 ओवर में 58 रन देकर सर्वाधिक तीन विकेट लिए जबकि केमार रोच को 16 ओवर में 44 रन देकर एक विकेट मिला।

## रुपया छह पैसे मजबूत

मुंबई।

आम बजट के बाद शेयर बाजार में तेजी के बल पर घरेलू स्तर पर विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ने ये मंगलवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया छह पैसे की मजबूती के साथ 72.96 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर यह 73.02 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी। रुपया आज पिछले दिवस के 73.02 रुपये प्रति डॉलर पर स्थिर खुला और सत्र के दौरान यह 73.05 रुपये प्रति डॉलर लुढ़का लेकिन शेयर बाजार में रही करीब ढाई फीसदी की मजबूती के बल पर यह 72.92 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में छह पैसे की मजबूती के साथ 72.96 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

## एफसी गोवा ने शुरु किया ऑनलाइन कोचिंग प्रोग्राम

**पणजी।** जाने माने फुटबॉल क्लब एफसी गोवा ने ऑनलाइन राष्ट्रीय फुटबॉल कोचिंग प्रोग्राम की शुरुआत की है जो तीन पैकेज के स्वरुप में होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छह से 18 साल के खिलाड़ियों को उनकी रुचि और प्राथमिकता के हिसाब से तैयार करना है। इस कार्यक्रम को आरबी लिपजिग का समर्थन प्राप्त है। एफसी गोवा ने जो तीन पैकेज लांच किए हैं वे बिगिनर फ्री, बिगिनर स्टैंडर्ड और बिगिनर मैक्स हैं। एफसी गोवा रे फुटबॉल निदेशक रवि पुस्कर ने कहा, ''हमें आरबी लिपजिग के समर्थन से राष्ट्रीय फुटबॉल ऑनलाइन कोचिंग प्रोग्राम के अगले चरण की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। इस कार्यक्रम से बच्चों को उनके लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी और वह ऑनलाइन के माध्यम से सीख सकेंगे। आरबी लिपजिग के साथ हमारी साझेदारी यह सुनिश्चित करेगी कि देशभर में फुटबॉल प्रेमी सर्वश्रेष्ठ कोचिंग हासिल करें और अपनी फुटबॉल की आकांक्षाओं को पूरा करें।'' इस बीच आरबी लिपजिग के तकनीक निदेशक क्रिस्टोफर विवेल ने भी एफसी गोवा के राष्ट्रीय फुटबॉल ऑनलाइन कोचिंग प्रोग्राम की सराहना की।


## नायडू ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया की जीत पर बधाई दी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति एम. वेंकैया नायडू ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम की हाल में हुई विजय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह पूरी टीम की महान एकजुटता और संयुक्त प्रयास का नतीजा है। नायडू ने मंगलवार सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद आस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में भारतीय टीम की जीत को शानदार करार दिया और कहा कि इसके लिए पूरी टीम और उसके कप्तान अजिंक्या रहाणे बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि यह विजय टीम भावना, एकजुटता और संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। इससे पहले सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने आम बजट पेश करने के दौरान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया को मिली ऐतिहासिक जीत की सराहना की थी और कहा था कि इस जीत ने देश को सफलता के लिए प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में टीम इंडिया की जीत का जिक्र किया था और भारतीय टीम के खिलाड़ियों की जमकर सराहना की थी। उल्लेखनीय है कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हाल ही में उसके घर में चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी पर अपना कब्जा बरकरार रखा था।

## सात्विकसैराज और अश्विनी टॉप 20 में

**नई दिल्ली।** भारत के सात्विकसैराज रैंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की मिश्रित युगल जोड़ी ने मंगलवार को जारी ताजा विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में टॉप 20 में जगह बना ली है। सात्विक और अश्विनी ने हाल में थाईलैंड ओपन टूर्नामेंटों में सराहनीय प्रदर्शन किया था जिसकी बदौलत वह 16 स्थान की छलांग लगाकर अपनी सर्वश्रेष्ठ 19वीं रैंकिंग पर पहुंच गए। उन्होंने टोयोटा थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी और वर्ल्ड टूर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले पहली भारतीय मिश्रित जोड़ी बने थे। पुरुष युगल में सात्विक और चिराग शेट्टी ने टोयोटा थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने की बदौलत अपना 10वां स्थान बरकरार रखा। महिला एकल में पीवी सिंधू सातवें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि सायना नेहवाल एक स्थान के सुधार के साथ 19वें नंबर पर पहुंच गयी हैं। पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत एक स्थान उठाकर 13वें और समीर वर्मा चार स्थान उठाकर 27वें स्थान पर पहुंच गए हैं। बी साई प्रणीत एक स्थान गिरकर 17वें और परुपल्ली कश्यप दो स्थान गिरकर 26वें स्थान पर खिसक गए हैं।

## बाजार में तेजी जारी, सेंसेक्स 50,200 अंक के पार




मुंबइ।

वैश्विक स्तर पर मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर आम बजट से उत्साहित निवेशकों की लिवाली के आज लगातार तीसरे दिन जारी रहने के बल पर बीएसई का सेंसेक्स 50,255 अंक के पार और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 142 अंक चढ़कर 14,789 अंक के पार बंद हुआ।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 458.03 अंक बढ़कर 50,255.75 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 142.10 अंक चढ़कर 14,789.95 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों के साथ ही छोटी और मझोली कंपनियों में भी लिवाली का जोर बना रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.38 प्रतिशत बढ़कर 19,314.24 अंक पर और स्मॉलकैप 1.47 प्रतिशत उछलकर 18,919.47 अंक पर बंद हुआ। बीएसई में आज कुल 3141 कंपनियों में कारोबार हुआ इनमें 1,783 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और 1,262 के लाल निशान में बंद हुये जबकि शेष 156 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।

बीएसई में उद्योग क्षेत्र में सबसे अधिक 4.23 प्रतिशत की तेजी रही। इसके बाद ऑटो में 3.95 प्रतिशत, कैपिटल गुड्स में 3.91 प्रतिशत, रियल्टी में 3.70 प्रतिशत, बैंकिंग में 3.42 प्रतिशत, बेसिक मैटेरियल्स में 3.22 प्रतिशत, दूरसंचार में तीन प्रतिशत, वित्त में 2.94 प्रतिशत, पावर में 2.79 प्रतिशत, तेल एवं गैस में 2.39 प्रतिशत, यूटिलिटीज में 2.25 प्रतिशत, हेल्थकेयर में 1.84 प्रतिशत, धातु में 1.82, ऊर्जा में 1.81 प्रतिशत, टेक में 1.79, आईटी में 1.45 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.93 प्रतिशत और एफएमसीजी के शेयर में 0.01 प्रतिशत की तेजी रही।

बीएसई के मिडकैप में आज 97 कंपनियों में कारोबार रहा, जिनमें से 75 में लिवाली रही वहीं 21 में बिकवाली देखी गई। इसी तरह स्मॉलकैप में 717 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 460 के शेयर में तेजी रहीं जबकि 244 नुकसान में रहे। बीएसई में कुल 3,114 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,714 कंपनियों के शेयर हरे निशान में और 1,226 के लाल निशान में बंद हुये जबकि शेष 174 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स में बढ़त में रहने वाली कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक में 7.10 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 6.70,एचडीएफसी बैंक में 5.63, एलएंडटी में 4.82, भारती एयरटेल में 3.54, मारुति में 3.45, कोटैक महिंद्रा बैंक में 3.45, सन फार्मास्यूटिकल्स में 3.27, एचडीएफसी में 2.91, पावर ग्रिड में सेंसेक्स में बढ़त में रहने वाली कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक में 7.10 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 6.70,एचडीएफसी बैंक में 5.63, एलएंडटी में 4.82, भारती एयरटेल में 3.54, मारुति में 3.45, कोटैक महिंद्रा बैंक में 3.45, सन फार्मास्यूटिकल्स में 3.27, एचडीएफसी में 2.91 प्रतिशत, पावरग्रिड में सेंसेक्स में बढ़त में रहने वाली कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक में 7.10 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 6.70,एचडीएफसी बैंक में 5.63, एलएंडटी में 4.82, भारती एयरटेल में 3.54, मारुति में 3.45, कोटैक महिंद्रा बैंक में 3.45, सन फार्मास्यूटिकल्स में 3.27, एचडीएफसी में 2.91, पावरग्रिड में 2.75, एचसीएलटेक में 2.68, महिंद्रा में 2.67, एनटीपीसी में 2.45, ओएनजीसी में 2.26, बजाजफाइनेंस में 2.23, आईसीआईसीआई में 2.20, बजाजऑटो में 2.11, टीसीएस में 1.98, टेकमहिंद्रा में 1.79, रिलायंस में 1.64, डॉरेड्डी में 1.26, आईटीसी में 1.04, इंफोसिस में 0.74, एशियनपेंट में 0.71, नेस्लेइंडिया, एक्सिसबैंक में 0.49 और इंडसइंड बैंक में 0.40 प्रतिशत की तेजी रही जबकि हिन्दुस्तानयूनिलीवर में 0.77 प्रतिशत, टाइटन में 1.08 प्रतिशत और बजाजफाइनेंस में 2.34 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी।

## एफआइआर के खिलाफ शशि थरूर और राजदीप सरदेसाई सुप्रीम कोर्ट की शरण में पहुंचे

गणतंत्र दिवस पर कृषि कानून विरोधी किसानों की ट्रैक्टर परेड के दौरान हुई हिंसा को लेकर भ्रामक ट्वीट करने के आरोप में अपने खिलाफ दर्ज एफआइआर को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और पत्रकार राजदीप सरदेसाई ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली है। पत्रकार मृणाल पांडे, जफर आगा, परेश नाथ और अनंत नाथ ने इन एफआइआर के खिलाफ मंगलवार की शाम ही सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

### गणतंत्र दिवस की हिंसा को लेकर किए थे भ्रामक ट्वीट

दिल्ली पुलिस ने 30 जनवरी को थरूर, राजदीप, कारवां पत्रिका और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इससे पहले थरूर और छह पत्रकारों पर नोएडा पुलिस ने दिल्ली में ट्रैक्टर परेड के दौरान हिंसा को लेकर तथा अन्य आरोपों के साथ राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। मध्य प्रदेश पुलिस ने भी दिल्ली में ट्रैक्टर परेड के दौरान हिंसा पर भ्रामक ट्वीट करने के आरोप में थरूर और छह पत्रकारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



उल्लेखनीय है तीनों नए कृषि कानून वापस लेने के लिए सरकार पर दबाव बनाने को दिल्ली में 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड निकाली गई थी। लेकिन कुछ ही देर में दिल्ली की सड़कों पर अराजकता फैल गई। कई जगह उग्र प्रदर्शनकारियों ने अवरोधकों को तोड़ दिया और पुलिस कर्मियों पर लाठी-डंडों और तलवारों से हमला कर किया। हिंसा और अराजकता के कारण घायल हुए लगभग चार सौ पुलिस कर्मियों को अस्पतालों में भर्ती कराना पड़ा था।

## रूसी राष्ट्रपति को तीन साल की जेल

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के आलोचक एलेक्सी नवलनी को यहां की एक अदालत ने साढ़े तीन साल जेल की सजा सुनाई है। नवलनी पर पिछले आपराधिक मामले में गिरफ्तारी के बाद पैरोल की शर्तों के उल्लंघन का आरोप है। पैरोल की शर्तों के मुताबिक नवलनी को नियमित रूप से पुलिस को रिपोर्ट करना था, लेकिन उन्होंने इसका पालन नहीं किया। नवलनी को एक धोखाधड़ी के मामले में भी दोषी ठहराया गया है। हालांकि नवलनी का कहना है कि उन पर सारे मामले राजनीति से प्रेरित हैं। नवलनी की सजा के साथ रूस में सुरक्षा व्यस्था और कड़ी कर दी गई है। बता दें कि पिछले महीने रूस लौटने के बाद नवलनी हिरासत में हैं। इसके पूर्व नवलनी पर जहरीला पदार्थ दिया गया था। इसका इलाज जर्मनी में चल रहा था।

सुनवाई के दौरान नवलनी ने अदालत में राष्ट्रपति पुतिन को जहर देने वाला कहा। उन्होंने कहा कि पुतिन हम पर हमले के दोषी हैं। सुजा सुनाए जाने के बाद नवलनी ने कहा कि रूस में विपक्ष को कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को डराने का काम किया जा रहा है। नवलनी के कहा कि लोगों को भयभीत करने के लिए किसी एक को जेल में डाल दिया जाता है। उन्होंने कहा कि एफएसबी के जरिए मेरी हत्य्या का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन मैं अकेला नहीं हूं। नवलनी को सजा सुनाए जाने के बाद उनके समर्थकों ने इसके विरोध में रैली का आह्वान किया। इस दौरान करीब तीन सौ समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उधर, नवलनी के वकीन ने कहा है कि हम इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे। नवलनी की सजा के बाद कई देशों ने खासकर पश्चिमी देशों ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है।



## खबरें एक नजर में

### गुजरात कैडर के आइपीएस अधिकारी प्रवीण सिन्हा को सीबीआइ का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली ।** वर्तमान में केंद्रीय जांच ब्यूरो के अतिरिक्त निदेशक गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी प्रवीण सिन्हा को प्रमुख जांच एजेंसी के कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया है। वह सीबीआइ के नए निदेशक की नियुक्ति तक या अगले आदेशों तक सीबीआइ निदेशक का कार्यभार देखेंगे। यह आदेश कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने जारी किया है। ज्ञात हो कि वर्तमान निदेशक आरके शुक्ला का दो साल का कार्यकाल 3 फरवरी को समाप्त हो गया। आरके शुक्ला, मध्य प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी, जनवरी 2019 में नियुक्त किए गए थे। आरके शुक्ला और सिन्हा को कथित तौर पर सरकार द्वारा सूचित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआइ के नए निदेशक के शीर्ष पैनल में शामिल बीएसएफ प्रमुख और गुजरात कैडर के आईपीएस अधिकारी राकेश अस्थाना, एनआइए प्रमुख वाईसी मोदी, सीआइएसएफ के प्रमुख सुबोध जायसवाल और केरल के डीजीपी लोकनाथ बेहरा शामिल हैं। तीनों ने अतीत में एजेंसी में काम किया है और संवेदनशील मामलों को संभाला है।

### सुप्रीम कोर्ट में सुशांत मामले में सीबीआइ को निर्देश देने की मांग संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें सुशांत सिंह राजपूत मौत मामले में सीबीआइ को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। चीफ जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस वी.सुब्रमण्यम की पीठ ने अधिवक्ता पुनित कौर ढांडा की याचिका खारिज कर दी। पीठ ने कहा कि हम इस पर कोई आदेश देने नहीं जा रहे हैं। आप हाई कोर्ट जाइए।

**याचिका में सीबीआइ पर इस मामले में ठीक से काम न करने का लगाया गया था आरोप:** याचिकाकर्ता ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने 19 अगस्त 2020 को सीबीआइ जांच के लिए आदेश दिया था। लगभग पांच महीने का समय बीतने के बावजूद जांच एजेंसियां अभी जांच पूरी नहीं कर पाई हैं। इसमें कहा गया कि मौजूदा मामले में सीबीआइ जिम्मेदारी से काम नहीं कर रही है। इस मामले की जांच पूरी होने में देरी हो रही है। याचिका में सीबीआइ को दो महीने के अंदर जांच पूरी करने और संबंधित अदालत में अंतिम रिपोर्ट देने का निर्देश दिए जाने की मांग की गई थी।

### किसान आंदोलनः रिहाना के बाद समर्थन में उतरीं ग्रेटा थनबर्ग, कहा - किसानों के साथ खड़े हैं

पिछले लगभग दो महीने से देश में चल रहे किसान आंदोलन को अब दुनिया में कई लोगों का समर्थन मिल रहा है। अमेरिकी पॉप स्टर रिहाना के समर्थन के बाद अब स्वीडन की पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग ने किसान आंदोन के पक्ष में ट्वीट किया है और अपना समर्थन जताया है।

ग्रेटा ने मीडिया रिपोर्ट के साथ एक ट्वीट किया है, इस लेख में प्रदर्शन स्थलों पर इंटरनेट बंद होने की जानकारी दी गई है। ग्रेटा ने ट्वीट कर कहा कि हम भारत के किसानों के साथ एकजुटता से खड़े हैं। उन्होंने अपने ट्वीट में हैशटैग फार्मर प्रोटेस्ट का भी इस्तेमाल किया है।

ग्रेटा थनबर्ग समेत कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों और नेताओं ने किसानों के साथ खड़े होने की बात कही है। ये सारे ट्वीट तब आए जब अमेरिकी पॉप सिंगर रिहाना ने भारत में लगभग दो महीने से चल रहे किसान आंदोलन को एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में रिहाना ने एक लेख साझा किया, जिसमें प्रदर्शनस्थलों पर इंटरनेट बंद करने की सूचना दी गई थी।

इस लेख को रिट्वीट करते हुए रिहाना ने लिखा कि हम इसके बारे में बात क्यों नहीं कर रहे हैं? रिहाना के ट्वीट करते ही अभिनेत्री कंगना रनौत बरस गई। कंगना ने रिहाना के ट्वीट को रिट्वीट कर लिखा कि कोई भी इनके बारे में बात नहीं कर रहा है क्योंकि किसान नहीं, आतंकवादी हैं। ये लोग भारत को बांटने का काम कर रहे हैं। रिहाना के अलावा पर्यावरण को लेकर काम करने वालीं भारतीय एक्टिविस्ट लिसिप्रिया कंगुजम ने भी बीते दिन ट्विटर पर खुलकर किसान आंदोलन का समर्थन किया। लिसिप्रिया कंगुजम ने अपने ट्वीट से लोगों को इस आंदोलन का समर्थन करने की बात कही।

## पहली बार मेट्रो का ग्रीन कॉरिडोरः धड़कता दिल लेकर 21 किमी का सफर आधे घंटे में किया

देश में पहली बार किसी मेट्रो ट्रेन का ग्रीन कॉरिडोर बना। मंगलवार को हैदराबाद मेट्रो ने एक ब्रेन डेड व्यक्ति का दिल शहर के दूसरे छोर पर स्थित अन्य अस्पताल तक पहुंचाया। दोनों अस्पतालों के बीच की दूरी 21 किमी की थी और सफर में एक घंटा लगना था, लेकिन मेट्रो ने इसे 30 मिनट में पूरा कर लिया। प्रत्यारोपण के लिए दिल को निकलाने के बाद चार घंटे में दूसरे व्यक्ति के शरीर में प्रत्यारोपित करना होता है। इसलिए मेट्रो ने दिल को पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। तेलंगाना के नलगोंडा जिले के एक किसान के परिवार ने यह अंग दान किया। किसान को हैदराबाद के कामिनेनी अस्पताल में डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित कर दिया था। इसके बाद अपोलो अस्पताल की एक टीम ने उसे दूसरे व्यक्ति के शरीर में सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया।

## सऊदी अरब ने 20 देशों से विमान सेवा को किया निलंबित

**रियाद।** सऊदी अरब ने अपने यहां पर कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों की वजह से पाकिस्तान समेत 20 देशों से हवाई यातायात को फिलहाल स्थगित कर दिया है। अब केवल वही लोग सऊदी अरब में प्रवेश कर सकेंगे जो वहां के नागरिक हैं, डिप्लोमेट हैं और डॉक्टर या उनके परिजन हैं। ये आदेश 3 फरवरी से लागू कर दिया गया है। जिन देशों से आने वाले लोगों पर सऊदी अरब ने बैन लगाया है उनमें संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, मिस्र, लेबनान, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, आयरलैंड, इटली, ब्राजील, पुर्तगाल, तुर्की, स्वीडन, स्विटजरलैंड, जापान और भारत और भारत का भी नाम शामिल है। सऊदी अरब की स्टेट न्यूज एजेंसी के मुताबिक सऊदी अरब ने 21 दिसंबर 2020 को विदेश से आने और जाने वाली विमान सेवाओं को रोक दिया था। 28 दिसंबर को इसको फिर बढ़ा दिया गया था। ये सब कुछ कोरोना वायरस के नए स्ट्रेन के कई देशों में पाए जाने के बाद किया गया था। इसके बाद 4 जनवरी को अपनी सीमा खोली थी।



## म्यांमार में तख्तापलट से दहशत में रोहिंग्या मुसलमान



**ढाका।** म्यांमार में सैन्य तख्तापलट को लेकर दुनियाभर में चिंता और आक्रोश है। अमेरिका, ब्रिटेन और भारत समेत विश्व के कई देशों ने इस घटनाक्रम की निंदा की है। बांग्लादेश में शिविरों में रह रहे म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थियों ने भी तख्तापलट की निंदा की है। उनका मानना है कि इससे उनके वापस लौटने का रास्ता और मुश्किल हो गया है। 2017 में म्यांमार की सेना ने 7 लाख से अधिक रोहिंग्या मुसलमानों को देश से बाहर निकाल दिया था।

म्यांमार से निकाले गए रोहिंग्या मुसलमान बांग्लादेश के भीड़-भाड़ वाले शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं। बांग्लादेश उन्हें बौद्ध-बहुल म्यांमार वापस भेजने के लिए उत्सुक है। हालांकि, कई बार किए गए प्रत्यावर्तन के प्रयास विफल साबित हुए हैं, क्योंकि रोहिंग्या हिंसा के डर से वापस जाना नहीं चाहते।

संयुक्त राष्ट्र ने रोहिंग्या पर म्यांमार के सैन्य कार्रवाई को नरसंहार का एक रूप बताया था। संयुक्त राष्ट्र ने सैन्य तख्तापलट की निंदा की और सियासी बंदियों की रिहाई के साथ ही लोकतंत्र को बहाल करने की मांग की। साथ ही संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि तख्तापलट से रोहग्या मुस्लिमों की दशा और खराब हो सकती है। शरणार्थियों का कहना है कि वे अब और अधिक डर गए हैं क्योंकि देश पर पूरी तरह से सेना का नियंत्रण है। कॉइन बाजार जिले के शिविरों में रोहिंग्या यूथ एसोसिएशन के प्रमुख खिन मूंग का कहना है कि म्यांमार की सेना ने हमें मारा, हमारी बहनों और माताओं के साथ बुरा व्यवहार किया, हमारे गांवों को जला दिया। उनके नियंत्रण में सुरक्षित रहना हमारे लिए कैसे संभव है?

## चीन की वायरस लैब में पहुंची जांच टीम

**वुहान।** कोरोना महामारी फैलने के करीब एक साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली एक जांच टीम बुधवार को चीन के वुहान स्थित वायरस रिसर्च लैब में पहुंची। वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी चीन का एक अहम वायरस रिसर्च सेंटर है जिस पर कई तरह के सवाल उठते रहे हैं। वहीं, डब्ल्यूएचओ टीम कोरोना वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने लिए चीन के दौरे पर है। जानकारी अनुसार चीन दौरे पर गई डब्ल्यूएचओ की टीम का नेतृत्व वायरस एक्सपर्ट पीटर बेन एम्बरेक कर रहे हैं। बुधवार की सुबह जब जांच टीम पहुंची तब वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की सुरक्षा में काफी संख्या में गार्ड तैनात थे। डब्ल्यूएचओ जांच टीम के सदस्य पीटर डसजक ने कहा कि वे महत्वपूर्ण लोगों से यहां मिलेंगे और सभी जरूरी सवाल पूछेंगे. बीते कुछ महीनों में कोरोना महामारी शुरू होने को लेकर कई रिपोर्ट्स में वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी का नाम सामने आया था और कई एक्सपर्ट ने इसी लैब से कोरोना वायरस के लीक होने की आशंका जताई थी। हालांकि, चीन, वुहान की लैब से कोरोना लीक होने के आरोपों को खारिज करता आया है। लेकिन कई वैज्ञानिकों ने चीन से मांग की थी कि वह उन सभी कोरोना वायरस सैंपल की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक करे जिनके ऊपर लैब में स्टडी की गई थी। लेकिन चीन की ओर से कोरोना महामारी शुरू होने पर दुनिया को सीमित जानकारी दी गई। चीन के वुहान से शुरू हुई कोरोना महामारी धरती के लगभग हर हिस्से में फैल चुकी है। दुनियाभर में कोरोना से संक्रमित लोगों का आंकड़ा 10 करोड़ 44 लाख से अधिक हो चुका है और 22 लाख 63 हजार से अधिक लोगों की कोरोना से मौत भी हो चुकी है।

## सुदीप की फिल्म में बुर्ज खलीफा को दर्शाया



सुपरस्टार अभिनेता किच्चा सुदीप की आने वाली फिल्म विक्रांत रोणा का टाइटल लोगो और 180 सेकंड का स्नीक पीक दुनिया की सबसे बड़ी ईमारत बुर्ज खलीफा पर दर्शाया गया। किच्चा सुदीप ने भारतीय सिनेमा में अपने 25 साल पूरे कर लिये हैं। दुबई के प्रसिद्ध गगनचुंबी इमारत पर महात्मा गांधी, शाहरुख खान और दक्षिण कोरियाई बैंड बीटीएस से वी जैसे लेजेंड्स को अलंकृत किया गया है और अब बादशाह किच्चा सुदीप की फिल्म की झलक को बुर्ज खलीफा पर दर्शाया गया। फिल्म के निर्देशक अनूप भंडारी ने कहा, मैं बेहद खुश हूँ कि फिल्म विक्रांत रोणा के जरिए हमें सुदीप सर के 25 साल की सिनेमाई यात्रा का हिस्सा बनने का अवसर मिला। दुनिया ने जेम्स बांड, इंडियाना जोन्स और शरलॉक होम्स जैसे कई प्रतिष्ठित साहसिक नायक देखे गए हैं। फिल्म विक्रांत रोणा के जरिये हमने भारत की ओर से एक नए अडवेंचरस हीरो को बनाने की कोशिश की है, और इसके लिए किच्चा सुदीप से बेहतर कोई और नहीं हो सकता। बुर्ज खलीफा पर टाइटल लोगो और विक्रांत रोणा की झलक को देखना अविश्वसनीय रूप से आश्चर्यजनक था। यह बहुत ही अद्भुत एहसास रहा कि हमें इतने सकारात्मक तरीके से शुरुआत की।

## पवन सिंह ने योगी का जताया आभार

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार पवन सिंह ने फिल्म 'मेरा भारत महान' की शूटिंग के दौरान विशेष सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया है।

पवन सिंह इन दिनों कड़ी सुरक्षा के बीच जौनपुर में फिल्म मेरा भारत महान की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म के शूटिंग के दौरान कुछ दिन पहले फिल्म की अभिनेत्री मणि भट्टाचार्य पर कुछ उपद्रवी तत्वों ने पत्थरबाजी कर दिया था, जिसके बाद यूपी सरकार ने यूपी में सभी कलाकारों के लिए विशेष सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके बाद पवन सिंह को भी विशेष सुरक्षा प्रदान की गई, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धनयवाद देते हुए कहा कि बीते कुछ सालों में यूपी में फिल्मों की शूटिंग बड़े पैमाने पर हो रही है। पवन सिंह ने कहा ,यह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के प्रयास से ही संभव हो सका है। बीते दिनों उपद्रवी तत्वों के हमले के बाद मुख्यमंत्री जी ने इस घटना को संज्ञान में लेकर यहां काम करने वाले सभी कलाकारों के लिए विशेष सुरक्षा की व्यवस्था कर दी। उनका यह कदम सराहनीय है। यूपी सरकार के इन्हीं प्रयासों की वजह से आज यह प्रदेश फिल्मों की शूटिंग स्थली बन कर उभरी है।



## समय से पहले क्यों खत्म हो रही महिलाओं के घुटनों की ग्रीस?

घुटने का अचानक चटक जाना या उठते-बैठते पैरों में दर्द होना अब आम समस्या बनती जा रही है, जिसे ऑर्थराइटिस, गठिया भी कहते हैं। पहले जहां यह समस्या सिर्फ बढ़ती उम्र में होती थी वहीं अब कम उम्र में ही लोग इसकी चपेट में है। रिसर्च के मुताबिक, पुरूषों के मुकाबले महिलाओं में यह समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है, जिसका कारण कहीं ना कहीं आनुवांशिक, गलत लाइफस्टाइल और खानपान है।

**गलत खान-पान है घुटनें खराब होने की वजहः** शोध के मुताबिक, 60% महिलाएं हड्डियों से जुड़ी प्रॉब्लम्स जैसे आर्थराइटिस से ग्रस्त है, जिनमें से ज्यादातर महिलाएं हाउसवाइफ होती है। एक्सपर्ट का कहना है कि महिलाओं के शरीर में ताकत कम होने की वजह से घुटनों में दर्द की समस्या बढ़ रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि उनका खान-पान पुरुषों के बराबर नहीं होता। डॉक्टरों का कहना है कि इससे पीड़ित महिलाओं को नियमित व्यायाम करना चाहिए।

**विटामिन-डी की कमी भी है कारणः** रिसर्च के अनुसार, 90% भारतीय महिलाओं में आर्थराइटिस का सबसे बड़ा कारण विटामिन डी की कमी है। दरअसल, काम के चक्कर में महिलाएं अपने खान-पान पर ध्यान नहीं देती है, जिसके कारण उनमें यह समस्या ज्यादा देखने को मिलती है।

**मोटापा है जोड़ों का दुश्मनः** जोड़ों के दर्द का सबसे बड़ा कारण मोटापा है। दरअसल, वजन बढ़ने से कूल्हों व घुटनों पर असर पड़ता है जिससे जोड़ जल्दी खराब हो जाते हैं। वहीं, जमीन पर बैठना, आलथी-पालथी मारना व ज्यादा सीढ़िया चढ़ना के कारण भी जोड़ की ग्रीस जल्दी खत्म हो जाती है इसलिए ऑर्थराइटिस मरीजों को इससे बचना चाहिए।

**समय से पहले घुटने खराब होने का ये भी है कारण**

. जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज
. प्रोटीन व कैल्शियम की कमी के कारण
. ट्रेडमील पर ज्यादा दौड़ना
. भरपूर नींद ना लेना
. ज्यादा देर तक एक ही जगह बैठे रहना
. गलत पॉश्चर में घंटों तक बैठना
. हाई हील्स पहनाना

**क्या ज्ञदमम रिप्लेसमेंट सर्जरी से ठीक हो सकते हैं घुटने?**


कई लोगों को लगता है कि ज्वाइंड प्लेसमेंट यानि नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी करवा ली है तो अब उन्हें कोई प्रॉब्लम्स नहीं आएगी। जबकि ऐसा नहीं है। सर्जरी के बाद भी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है, नहीं तो यह समस्या बढ़ सकती है।

**कैसे रखें बचाव?**

. ज्यादा से ज्यादा फिजिकल एक्टिविटी करें लेकिन हार्ड वर्कआउट से बचें।
. डाइट में प्रोटीन, कैल्शियम और विटामिन डी जैसे सभी जरूरी तत्व लें और वजन को कंट्रोल में रखें।
. एक ही जगह पर अधिक देर तक ना बैठें। ऑफिस में भी बीच-बीच में 5-6 मिनट का ब्रेक लेते रहें।
. अरंडी के तेल से मालिश करें। इससे दर्द और सूजन से राहत मिलेगी।



## फिल्म 'लूप लपेटा' का फर्स्ट लुक



बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी आने वाली फिल्म लूप लपेटा का फर्स्ट लुक शेयर किया है। तापसी पन्नू ने हाल ही में अपनी आगामी स्पोर्ट्स फ्लिक रश्मि रॉकेट की शूटिंग पूरी की है। इस बीच तापसी ने अपकमिंग थ्रिलर ड्रामा लूप लपेटा से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। तापसी पन्नू ने फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन दिया है, लाइफ में कभी कभार ऐसा टाइम आता है। जब हमें खुद से ये सवाल करना पड़ता है। मैं कैसे यहां खत्म हो सकती हूं? मैं भी यही सोच रही थी। नहीं शीट पॉट के बारे में नहीं, लेकिन शीट लाइफ को लेकर! हाय मैं सवी हूं और इस क्रेजी राइड पर आपका स्वागत है। गौरतलब है कि आकशा भाटिया के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में तापसी पन्नू के साथ ताहिर राज भसीन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह 1998 की जर्मन फिल्म रन लोला रन का हिंदी रीमेक है।

## कनेक्शन वीक में निक्की तंबोली को सपोर्ट करने के लिए बिग बॉस के घर में फिर आएंगे जान कुमार सानू

बिग बॉस 14 में मेकर्स जल्द ही एक मजेदार कांसेप्ट लेकर आने वाले है। शो में अब कुछ ऐसा होगा जिससे शो की रेटिंग्स जरूर बढ़ जाएगी। दरअसल, फैंस को बिग बॉस के घर में कुछ नए चेहरे नजर आने वाले हैं। अब वो चेहरे सिर्फ कुछ दिन के लिए होंगे या फिर फिनाले तक के लिए इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन खबरों की मानें तो बिग बॉस में जल्द ही कनेक्शन वीक होने वाला है जिसमें घर में रह रहे कंटेस्टेंट को सपोर्ट करने कुछ एक्स कंटेस्टेंट या कुछ उनके करीबी आ सकते हैं। इसी बीच अब एक ऐसा नाम सामने आया जिसे सुनकर आप चौंक जायेंगे। दरअसल, वो नया नाम है बिग बॉस 14 के ही कंटेस्टेंट रह चुके निक्की तंबोली के अच्छे दोस्त जान कुमार सानू। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो जान जिनकी निक्की तंबोली से अच्छी दोस्ती है, कनेक्शन वीक में बिग बॉस हाउस में आएंगे। आपको बता दे, जिन भी लोगों को कनेक्शन वीक के लिए घर में लाया जाएगा उन्हें 30 जनवरी से ही कुछ दिनों के लिए क्वारंटाइन कर दिया गया है। कंटेस्टेंट के वीकेंड का वार में एंट्री लेने की उम्मीद है। आपको बता दें कि जान और निक्की की बिग बॉस के शुरुआती दिनों में अच्छी दोस्ती थी। हालांकी धीरे-धीरे दोनों के बीच दूरी आ गई थी। लेकिन जान के घर से जाते वक्त निक्की बहुत रोई और उन्होंने कहा कि उन्होंने जान के साथ घर में बहुत बुरा बर्ताव किया है वो बाहर जाकर जान से मिलेंगी और उनसे अपनी दोस्ती बनाकर रखेंगी।

## लड़कियों की नजरों में छाया मलाइका का आउटफिट

मलाइका अरोड़ा अपने फैशन सेंस को लेकर चर्चा में रहती हैं। आए दिन उनके आउटफिट सोशल मीडिया पर ट्रेंड करते रहते हैं। आजकल मलाइका का एक और आउटफिट लड़कियों की नजरों में छाया हुआ है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि इस बार मलाइका ने कोई महंगी शर्ट नहीं पहनी है। उन्होंने ऐसी शर्ट पहनी है कि आम लड़कियां भी इसे अफोर्ड कर सकती हैं। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में अपनी कुछ फोटोज को इंस्टाग्राम अकाउंट में शेयर किया। इन फोटोज के शेयर करते ही मलाइका की शर्ट बज ऑफ द टाउन बन गई। फोटोज में मलाइका ने व्हाइट कलर की ओवरसाइज शर्ट पहनी हुई है, जिसमें वो काफी कंफर्टेबल दिख रही हैं। इस शर्ट को उन्होंने व्हाइट बूट के साथ पेयर किया है। मलाइका की शर्ट पर लेखक-कवि चार्ल्स बुकोस्की का पोर्ट्रेट बना हुआ है और मलाइका की इस शर्ट की कीमत सिर्फ 1600 रुपये है। 1600 रुपये में स्टार द्वारा पहनी हुई शर्ट वाकई कई लड़कियों के लिए फैशन गोल बन सकती है।

